10 ईशान किसन....



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

12 कृति सैनन...



रांची, मंगलवार, 07 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -22 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



श्री नागेश्वर महतो
सहायक शिक्षक, उत्क्रमित हाई स्कूल
उपरबारगा, प्रखंड गोला जिला रामगढ़

सफलता के लिए कोई संसाधन की जरूरत नहीं होता है बल्कि दृढ़ संकल्प होना जरूरी होता है।सफलता का बाधक आपकी सोच होता है संसाधन नहीं।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,49,560
चांदी (प्रति किलो) : 2,55,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 78,285.07
निफ्टी :- 24,430.35

## मौसम

अधिकतम तापमान : 27 °
न्यूनतम तापमान : 23 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:09
संध्या :- 18:39

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1981में भारतीय क्रिकेट टीम के सबसे सफल कप्तानों में से एक महेंद्र सिंह धोनी का जन्म रांची, झारखंड में हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### अब हर बुधवार रांची के थानों में होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम, एसएसपी का निर्देश

**रांची।** रांची जिला के विभिन्न थानों और ओपी में 8 जुलाई को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में जनशिकायत समाधान के लिए थाना में वरीय पुलिस अधीक्षक मौजूद रहेंगे. समाज में हो रही घटनाओं पर आए दिन थाना में जो शिकायतें मिल रही हैं, उसका भी इस जनसुनवाई में समाधान निकाला जाएगा. यहां बता दें कि राजधानी में आम जनता की शिकायतों को निबटाने के लिए एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर सप्ताह के हर बुधवार को जिले के सभी थानों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित कियाजा रहा है. इस कार्यक्रम में सीटी एसपी, ग्रामीण एसपी, ट्रैफिक एसपी और डीएसपी समेत कई अधिकारी जनता की शिकायत सुनेंगे. प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वह अपनी शिकायत नजदीकी थाने पहुंचकर दर्ज कराएं.


### रिम्स के चौथे तल्ले से गिरी महिला, गंभीर हालत में क्रिटिकल केयर आईसीयू में भर्ती

**रांची।** रिम्स में सोमवार को चौथे तल्ले (गाइनी विभाग में भर्ती) से एक महिला ग्राउंड फ्लोर पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी. यह घटना शाम 4:30 बजे की है. ग्राउंड फ्लोर के कॉरिडोर में मौजूद लोगों ने जब तेज आवाज सुनी और आसपास देखा तो महिला गंभीर हालत में फर्श पर पड़ी दिखी. इसके बाद लोगों ने हो-हल्ला मचाया. इसके बाद वहां सैप और होमगार्ड के जवान पहुंच गये. इसी बीच महिला का पति और बच्चा भी चौथे तल्ले से ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे. किसी तरह महिला को उठाकर सेंट्रल इमरजेंसी लाया गया. इमरजेंसी में डॉक्टरों ने प्रथमिक इलाज कर गंभीर चोट को देखते हुए क्रिटिकल केयर के आइसीयू में महिला को भर्ती करा दिया. जानकारी के अनुसार महिला स्त्री एवं प्रसूति विभाग में भर्ती थी. महिला मरीज कैसे गिर गयी इसका कोई ठोस कारण पता नहीं चल पाया है.

# पीएम मोदी का इंडोनेशिया में ग्रैंड वेलकमः आसमान में लड़ाकू विमान, जमीन पर राष्ट्रपति ने की अगवानी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंच चुके हैं, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया. जैसे ही प्रधानमंत्री के विमान ने इंडोनेशियाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया, इंडोनेशियाई वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने उनके विमान को अपने घेरे में ले लिया और सुरक्षा घेरा बनाते हुए उन्हें एस्कॉर्ट किया. जकार्ता हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने खुद मौजूद रहकर उनका स्वागत किया. दोनों नेताओं ने बेहद गर्मजोशी के साथ मुलाकात की.



### सांस्कृतिक कार्यक्रम का उठाया लुत्फ

हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत और गॉर्ड ऑफ ऑनर के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां आयोजित एक विशेष पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अवलोकन किया. इस कार्यक्रम के जरिए इंडोनेशिया की समृद्ध संस्कृति और भारत के साथ उसके सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंधों की झलक पेश की गई.

### 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया की यात्रा पर रहेंगे पीएम मोदी

राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 6 से 8 जुलाई तक इंडोनेशिया की यात्रा रहेंगे. पीएम मोदी ने कहा, 2018 में मेरी पहली इंडोनेशिया यात्रा के दौरान भारत और इंडोनेशिया ने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया था. प्रधानमंत्री ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के इस स्तर पर पहुंचने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है और यह जनवरी 2025 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति प्राबोवो की भारत यात्रा के बाद हो रही है.

### इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड की यात्रा पर हैं पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा पर हैं. 11 जुलाई तक तीन देशों की अपनी यात्रा पर रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा था- पूर्वी और दक्षिणी हिंद महासागर में इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद न्यूजीलैंड की मेरी यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति, महासागर दृष्टिकोण और साथ ही स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के प्रति हमारे नजरिए को और मजबूत करेगी.

# धनबाद में अवैध कोयला खनन : अमित शाह का सीआईएसएफ को जीरो कोल लीकेज प्लान लागू करने का निर्देश




झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कोयला खनन तथा कोयला चोरी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को धनबाद में जीरो कोल लीकेज प्लान लागू करने और अवैध गतिविधियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया है. नयी दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के साथ हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अवैध कोयला खनन, कोयला चोरी और उसके परिवहन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, केंद्रीय कोयला सचिव, कोयला मंत्रालय, सीआईएसएफ, कोल इंडिया लिमिटेड और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

बैठक के दौरान गृह मंत्री ने धनबाद क्षेत्र में अवैध खनन की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए अधिकारियों को एमएमडीआर एक्ट के तहत मिले अधिकारों का पूरी सख्ती और समन्वय के साथ उपयोग करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि उद्योगों और उपभोक्ताओं तक केवल वैध तरीके से खनन किया गया कोयला ही पहुंचे.अमित शाह ने कोयले की अवैध ढुलाई रोकने के लिए जीएसटी विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनाने और सभी कोयला वाहनों के ई-वे बिल की नियमित जांच कराने पर भी जोर दिया. साथ ही संवेदनशील इलाकों में क्विक रिस्पॉन्स टीम तैनात करने और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए. उन्होंने आधुनिक तकनीक के अधिक उपयोग पर बल देते हुए कहा कि अवैध खनन वाले क्षेत्रों की पहचान और निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में लगे हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों का प्रभावी इस्तेमाल किया जाए।

ताकि अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके. बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि एमएमडीआर एक्ट के तहत सीआईएसएफ और कोल इंडिया के अधिकारियों को संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी, तलाशी, अवैध कोयला, उपकरण और वाहनों की जब्ती तथा न्यायालय में शिकायत दर्ज कराने का अधिकार दिया गया है. केंद्र सरकार का उद्देश्य धनबाद में अवैध कोयला खनन और चोरी पर पूरी तरह अंकुश लगाना है.

सीएम ने पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की

# झारखंड में इको टूरिज्म का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों एवं चालू वित्तीय वर्ष की कार्य योजना एवं प्राथमिकताओं पर गहन विचार-विमर्श कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, खेल अवसंरचनाओं, पर्यटन स्थलों का विकास, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा राज्य के युवाओं के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर कई अंडरग्राउंड कोल माइंस क्षेत्र हैं। इन अंडरग्राउंड माइंस क्षेत्रों को चिन्हित कर टूरिज्म की संभावनाओं पर कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, लातेहार, हजारीबाग, रांची सहित अन्य जिले जहां-जहां इको टूरिज्म की संभावनाएं हैं ऐसे जगहों को विकसित करने हेतु शीघ्र कार्य तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार उपस्थित थे।




### झारखंड में इको टूरिज्म की असीम संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं। यहां इको टूरिज्म सर्किट विकसित कर पर्यटन को नई पहचान दिलाई जा सकती है। जरूरत है कि हम एक बेहतर इको टूरिज्म सर्किट प्लान के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर प्राकृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं इको टूरिज्म स्थलों का योजनाबद्ध एवं समग्र विकास सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने झारखंड राज्य की पर्यटन नीति तैयार करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पतरातू घाटी की सुंदरता देखने योग्य है। पतरातू व्यू पॉइंट बनाए जाने के कार्य को गति प्रदान करें तथा पतरातू सहित अन्य अन्य जरूरत वाले पर्यटन स्थलों पर रोपवे स्थापित किए जाने का प्लान तैयार करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि लातेहार जिले में अवस्थित नेतरहाट में ग्लास वॉच टावर अथवा ग्लास ब्रिज लगाए जाने की कार्य योजना बनाएं साथ ही वहां कोयल व्यू पॉइंट कॉटेज बनाने, ट्रैकिंग की सुविधा विकसित करने तथा स्विमिंग पूल आदि कार्यों पर के विकास पर बल दिया तथा लोध फॉल में इको टूरिज्म के बढ़ावा देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री सोरेन ने खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिस्पधाओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों द्वारा सब्जी बेचने या अन्य कोई कार्य करने संबंधी सूचना या शिकायत नहीं आनी चाहिए। ऐसे खिलाड़ियों का डेटाबेस तैयार करें तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि देने संबंधी योजनाएं तैयार करें। मुख्यमंत्री ने खेलगांव में स्थापित मेगा स्पोर्ट्स व्यवस्था की अद्यतन स्थिति का सुक्षमता से आकलन कर उसका मेंटनेंस, वित्त प्रबंधन, खिलाड़ियों की मुलभूत सुविधाओं आदि से संबंधित कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। साथ ही इसमें शामिल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों आदि के लिए भी बेहतर प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने झारखंड में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना हेतु क्या-क्या कार्य किया जा सकते हैं इसकी कार्य योजना भी तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न खेल के क्षेत्र में नामचीन व्यक्तियों को झारखंड में परिदर्शन कराने तथा झारखंड के खिलाड़ियों को भी दूसरे राज्यों में एक्सपोजर विजिट कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को दूसरे राज्यों के उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षण केन्द्रों, खेल अकादमियों, खेल संस्थाओं में भ्रमण कराए जाने से उनके खेल प्रदर्शन में और अधिक निखार लाया जा सकेगा।









# रामगढ़ पुलिस की बड़ी कामयाबीः मुठभेड़ में घायल हुआ प्रिंस खान-सुजीत सिन्हा गिरोह का शातिर अपराधी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**एसपी मुकेश कुमार लुणायत के नेतृत्व में रांची–धनबाद–रामगढ़ पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन सफल, बड़ी वारदात की साजिश नाकाम**



**रामगढ़।** रामगढ़ संगठित अपराध के खिलाफ रामगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़े कुख्यात अपराधी शिवराज राम उर्फ शिवा को पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया। हथियार बरामदगी के लिए ले जाने के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद उसे पहले भुरकुंडा अस्पताल और फिर बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस सफल अभियान में रामगढ़, रांची और धनबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने समन्धित कार्रवाई करते हुए एक बड़ी आपराधिक साजिश को समय रहते विफल कर दिया। पुलिस की तत्परता और साहसिक कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है।

**बड़ी वारदात की तैयारी में था अपराधी**

पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी शिवराज राम उर्फ शिवा किसी बडी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि हाल के दिनों में अत्याधुनिक पिस्टन खरीदी है। इसमें से दो पिस्टन अपने एक साथी को रखने दिए हैं। जब की दो हथियार भुरकुंडा क्षेत्र में छिपा कर रखे हैं।

**हथियार बरामदगी के दौरान पुलिस पर की फायरिंग**

एसपी ने बताया कि पुलिस टीम जब आरोपी को हथियार बरामद कराने के लिए लेकर जा रही थी, तभी उसने अचानक पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। घायल होने के बाद उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया।

**4 पिस्टल और करीब 80 जिंदा कारतूस बरामद**

पुलिस की कार्रवाई में आरोपी के कब्जे और उसके नेटवर्क से चार पिस्टल तथा करीब 80 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा मोबाइल फोन समेत अन्य महत्वपूर्ण सामग्री भी जब्त की गई है।पुलिस का मानना है कि इन हथियारों का इस्तेमाल किसी बड़ी वारदात में किया जाना था।साथी भी गिरफ्तार, कुजू से मिले दो पिस्टल एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि शिवा के खुलासे के बाद कुजू ओपी पुलिस ने उसके एक सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से दो पिस्टल और करीब 80 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इससे गिरोह के हथियार नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है।

कई संगीन मामलों में वांछित है शिवा

पुलिस केरामगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि जिले में संगठित अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। एसपी मुकेश कुमार लुणायत के नेतृत्व में लगातार चल रहे अभियान के तहत अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने कहाकृ जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

## प्रिंस खान गैंग का सक्रिय सदस्य पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल, पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

पतरातूः पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा रीवर साईड केंद्रीय विद्यालय में पुलिस मुठभेड़ में प्रिंस खान गैंग के सक्रिय सदस्य शिवराज राम पिता बिहारी राम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गंभीर स्थिति में रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जहां डॉक्टर द्वारा उसका इलाज जारी है। पुलिस मुठभेड़ में घटनास्थल से दो पिस्टल, 59 पीस जिंदा कारतूस और दो मोबाइल बरामद किया गया है। मौके पर रामगढ़ पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत एवं पतरातु अनुमंडल पदाधिकारी राघवेन्द्र शर्मा ने घटनास्थल पहुंचकर घटनाक्रम का जायजा लिया। एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि शिवराज राम पुर्व में राहुल दुबे गैंग का सबसे सक्रिय सदस्य रहा है और वर्तमान में अभी प्रिंस खान गैंग के संपर्क में था। वो यहां बड़ी घटना को अंजाम देने का फि राक में था, जिसके बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह बड़ी कार्रवाई किया गया है।

## जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई 125वीं जयंती

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



पतरातूः सोमवार को पतरातू मंडल अंतर्गत पीटीपीएस स्थित विधायक रौशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा नेता सह कटिया बस्ती पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो ने किया, जबकि संचालन भाजपा युवा मोर्चा पतरातू मंडल के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर ने किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके राष्ट्रनिर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया। मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक सशक्त, आत्मनिर्भर और अखंड भारत की परिकल्पना की थी। उनके विचार एवं आदर्श आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं तथा विकसित भारत के निर्माण की दिशा में उनके सपनों को साकार करने का कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे गणेश कुमार ठाकुर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से की थी। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण का प्रतीक रहा। उनके विचार आज भी देश के युवाओं और कार्यकताओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित चंदन कुमार गोविंद तिवारी रणधीर कपूर बम बम रजक विकाश पांडेय अशोक कुमार राहुल कुमार जमुना प्रसाद कारु महतो चमरू महतो रामजीवन राम सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का वार्षिकोत्सव, 14 जुलाई को होगा भव्य भंडारा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लक्ष्मी नारायण मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा शुरू**

**मंगलवार को सुबह में कलश शोभा यात्रा**



रामगढ़/गोला। चित्तरंजन सेवा सदन परिसर स्थित अजितेश्वर धाम के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का दस वर्ष पूरा होने पर मंदिर का वर्षीकोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सात दिवसीय श्री 1008 श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन 7 जुलाई को कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा सुबह में 5ः 30 बजे भेड़ा पुल से मंदिर तक निकाली जाएगी। श्री मदभागवत कथा 13 जुलाई 2026 तक चलेगा। कथा के दौरान प्रतिदिन वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक आचार्य कुमार शास्त्री श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का श्रवण कराएंगे। साथ ही भगवान की मनोहारी झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार सुबह पांच बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ होगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण करेंगे। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन एवं कथा का शुभारंभ होगा।कथा के समापन के बाद 14 जुलाई को भगवान श्री सत्यनारायण पूजा, यज्ञ की पूणार्हुति, प्रसाद वितरण तथा दोपहर दो बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कथा श्रवण एवं धार्मिक अनुष्ठानों का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने, पेयजल, प्रसाद एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार, सनातन संस्कृति का संरक्षण तथा सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की मुख्य आयोजक वंदना अंबष्ट एवं चित्तरंजन सेवा सदन परिवार के सभी सदस्य तथा मंदिर समिति हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से पूरे श्रद्धाभाव के साथ कथा एवं सभी धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में अवैध विदेशी शराब एवं बीयर बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को उत्पाद विभाग, रामगढ़ की टीम द्वारा रामगढ़ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कल्याणी लाइन होटल, कुशवाहा लाइन होटल सहित अन्य संदिग्ध स्थलों पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के क्रम में कुल 6.66 लीटर अवैध विदेशी शराब तथा 10 लीटर अवैध बीयर बरामद कर जब्त की गई। छापेमारी के दौरान अवैध शराब के मामले में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रेतर विधिक कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना उत्पाद विभाग अथवा स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# रामगढ़ सदर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था में सुधार और चिकित्सकों को समय पर उपस्थित रहने के सख्त निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न**



**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में एक महत्वपूर्ण साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में रामगढ़ ज़िले की स्वास्थ्य सेवाओं और अस्पतालों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, डीएस (उ्र) डॉ. हरेंन्द्र महतो, अस्पताल प्रबंधक अंतरा झा सहित सदर अस्पताल के अन्य चिकित्सक और चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे।

**समीक्षा बैठक के मुख्य बिंदुः**

चिकित्सकों की उपस्थिति पर सख्त निर्देशः बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी चिकित्सकों को नियमित और समयबद्ध रूप से अस्पताल में उपस्थित होने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी के समय में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चिकित्सकीय सेवाओं की समीक्षाः डॉक्टरों द्वारा मरीजों को दी जा रही सभी स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही, ओपीडी (OPD) सेवाओं की नियमितता और उनकी गुणवत्ता की भी बारीकी से समीक्षा की गई। अस्पताल का रख-रखाव और **उपकरणः** अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, रख-रखाव, चिकित्सा उपकरणों की क्रियाशीलता और नए आवश्यक उपकरणों की मांग पर चर्चा की गई। डीडीसी ने निर्देश दिया कि यदि किसी उपकरण की मरम्मत की आवश्यकता हो, तो उसे बिना किसी देरी के तुरंत ठीक कराया जाए।

एम्बुलेंस सेवाः अस्पताल द्वारा संचालित की जा रही एम्बुलेंस सेवाओं की भी समीक्षा की गई, ताकि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर और त्वरित गति से एम्बुलेंस सेवा का लाभ मिल सके।

**मुख्य उद्देश्यः**

इस साप्ताहिक समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना तथा दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता में बड़ा सुधार लाना है। बैठक के अंत में उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता को एक बेहतर, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित कराई जाए ताकि ज़िले के लोगों को एक उत्कृष्ट स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

## उपायुक्त ने किया सामाजिक सुरक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण



**रामगढ़।** सोमवार को उपायुक्त ऋतुराज ने जिला सामाजिक सुरक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन तथा लंबित मामलों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय में संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित आवेदनों की संख्या, लंबित रहने के कारणों तथा उनके त्वरित निष्पादन के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों, पंजी संधारण, फाइलों के रख-रखाव एवं कार्यालय व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक लाभुक एवं आमजन के साथ संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का यथासंभव तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाएं समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसी भी पात्र लाभुक को अनावश्यक रूप से कार्यालय के चक्कर न लगाने देने तथा सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने, आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाए रखने तथा सभी लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं कार्य संस्कृति में निरंतर सुधार लाने पर भी बल दिया।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल संयुक्त संगठन की बैठक आयोजित



**लोहरदगा,:** जेएमएस पब्लिक स्कूल परिसर में झारखंड प्राइवेट स्कूल संयुक्त संगठन, रांची जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष श्री रामबिलास सिंह ने की। बैठक में श्री सिंह ने निजी विद्यालयों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों को अब तक सरकार की ओर से यू-डाइस (UDISE) कोड प्राप्त नहीं हुआ है तथा मान्यता से संबंधित विभिन्न समस्याएं हैं, उनके समाधान के लिए संगठन संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिलकर आवश्यक पहल करेगा। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर भी जोर दिया। जेएमएस पब्लिक स्कूल की प्रबंधक श्रीमती सुषमा सिंह ने भी विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए संगठन की एकजुटता और मजबूती की आवश्यकता बताई। वहीं आई जैक पब्लिक स्कूल, लोहरदगा के प्रधानाचार्य ने भी अपने विचार साझा किए। बैठक में विद्या विकास विद्यालय, पीएम स्मार्ट पब्लिक स्कूल, यतिराज पब्लिक स्कूल, एसएस पब्लिक स्कूल, शिवाजी पब्लिक स्कूल, व्हाइट हार्ट पब्लिक स्कूल, होली पाथ पब्लिक स्कूल, स्टूडेंट पब्लिक स्कूल, सीबीएन पब्लिक स्कूल, माउंटेन व्यू पब्लिक स्कूल, आरडी पब्लिक स्कूल (भंडारा), विवेकानंद पब्लिक स्कूल, जेएमएस पब्लिक स्कूल, एमबीपीएस पब्लिक स्कूल सहित कई निजी विद्यालयों के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने- अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रामबिलास सिंह ने सभी उपस्थित विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के हित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया

## निगंनी पंचायत में विधिक जागरूकता शिविर सह भूमि साक्षरता कार्यशाला आयोजित

**लोहरदगाः** सदर प्रखंड के ग्राम निगंनी स्थित पंचायत भवन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा एवं ग्राम नियोजन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर सह भूमि साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत निगंनी की मुखिया श्रीमती मुन्नी उरांव ने की। कार्यशाला में पीएलवी शाहिद हुसैन, निशा कुमारी एवं कलिंदर उरांव, ग्राम नियोजन केंद्र के इस्तियाक अहमद, जितेंद्र राम, सीमा कुमारी तथा लैंडेशा के प्रोग्राम मैनेजर हिमल पोखरेल ने ग्रामीणों को भूमि संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी।इस दौरान जमीन के प्रकार, भूमि की खरीद-बिक्री की प्रक्रिया, सीएनटी कानून, दाखिल-खारिज की प्रक्रिया, भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली तथा ऑनलाइन जमीन के दस्तावेज देखने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, डायन प्रताड़ना, लोक अदालत, मध्यस्थता, नशा मुक्ति, साइबर अपराध, मोटर दुर्घटना से जुड़े कानूनी प्रावधानों एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मुखिया मुन्नी उरांव, पंचायत सचिव खैरुल खान, उपमुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**बरही (हजारीबाग** )बरही डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से चिकित्सकीय टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिए गए।चिकित्सकों ने विद्यार्थियों की ऊंचाई, वजन, दृष्टि, दंत स्वास्थ्य एवं सामान्य शारीरिक स्वास्थ्य की जांच की। साथ ही संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य पुष्पा कुमार झा ने चिकित्सकीय टीम का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। ऐसे शिविर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।विद्यालय परिवार ने अनुमंडलीय अस्पताल की चिकित्सा टीम के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। विद्यालय प्रशासन एवं चिकित्सकीय टीम के सहयोग से शिविर का सफल संचालन हुआ। अंत में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने का संदेश दिया गया।

मुख्यमंत्री ने खेलगांव रांची स्थित टिकैत उमराव सिंह शूटिंग रेंज परिसर का किया औचक निरीक्षण

# शूटिंग रेंज परिसर में सभी आवश्यक सुविधाओं का होगा आधुनिकीकरण : सीएम हेमंत सोरेन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को रांची के खेलगांव स्थित टिकैत उमराव सिंह शूटिंग रेंज परिसर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शूटिंग रेंज परिसर की आधारभूत संरचनाओं के रख-रखाव, शूटिंग उपकरणों, खिलाड़ियों की सुरक्षा मानक, प्रदान की जा रही खेल सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री शूटिंग रेंज परिसर के रखरखाव की बदहाल स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने शूटिंग रेंज में खिलाड़ियों को दी जा रही प्रशिक्षण, सुरक्षा मानकों, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता एवं खिलाड़ियों के अभ्यास की व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं का बारिकी से अवलोकन कर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 10 मीटर, 25 मीटर एवं 50 मीटर शूटिंग रेंज का औचक निरीक्षण के दौरान शूटिंग परिसर की वर्तमान स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए चिंता जताई। मौके पर विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खेल प्रतिभाओं की धरती है। राज्य के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर झारखंड का गौरव बढ़ाया है। ऐसे में यहां के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं अत्याधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य की उभरती खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाई जाए। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल की जाए, ताकि वे अपनी खेल प्रतिभा का पूर्ण विकास कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व कर सकें। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के साथ-साथ युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और आत्मविश्वास का भी आधार है। राज्य सरकार खेल अवसंरचना के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण तथा उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शूटिंग रेंज के समग्र विकास के लिए आवश्यक कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाएं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। राज्य में खेलों के विकास हेतु दीर्घकालिक एवं प्रभावी रणनीति के साथ कार्य किये जाएं, ताकि राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं के अनुरूप यहां के शूटिंग रेंज में प्रशिक्षण का माहौल तैयार हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां का संसाधन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के स्तर का है। निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएं दुरुस्त होने से खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करेंगे। मुख्यमंत्री ने यहां के उपकरणों का आवश्यक सुधार करने एवं बेहतर रखरखाव का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान शूटिंग राइफल से निशान भी साधा। मुख्यमंत्री ने वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से बातचीत कर शूटिंग संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# युवाओं को राजनीति और नेतृत्व में आगे आना होगा, तभी समाज बदलेगा- मंत्री दीपिका सिंह

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि देश और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है. उन्होंने विद्यार्थियों से केवल करियर बनाने तक सीमित नहीं रहने, बल्कि नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी निभाने के लिए भी आगे आने का आह्वान किया. सोमवार को पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से आयोजित छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को वही क्षेत्र चुनना चाहिए, जिसमें उनकी रुचि और क्षमता हो. विज्ञान, तकनीक, कला, वाणिज्य, खेल या संस्कृति, किसी भी क्षेत्र में समर्पण और मेहनत के साथ आगे बढ़ने पर सफलता निश्चित है. उन्होंने कहा कि एक जागरूक और शिक्षित नेतृत्व समाज की दिशा बदल सकता है. इसलिए युवाओं को राजनीति और सामाजिक जीवन से दूरी बनाने के बजाय उसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए. उनके अनुसार देश और राज्य को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो सामाजिक न्याय, समान अवसर और जनकल्याण को प्राथमिकता दे.

अपने संबोधन में दीपिका पांडेय सिंह ने हाल के पेपर लीक और सीबीएसई की मूल्यांकन प्रक्रिया से जुड़े विवादों का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि इस वर्ष कई विद्यार्थियों को मूल्यांकन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिससे उनके भविष्य पर असर पड़ा. उन्होंने कहा कि झारखंड के एक मेधावी छात्र ने अध्ययन के आधार पर मूल्यांकन प्रक्रिया की खामियों को उजागर किया, जिसकी सराहना कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी की. मंत्री ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन के बाद झारखंड की एक छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि मूल्यांकन प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है. अपेक्षा से कम अंक मिलने के कारण कई विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# रांची में ऑटो चालकों का धरना, पार्किंग, परमिट समेत 5 मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** ऑटो चालक यूनियन के बैनर तले सोमवार को लोक भवन धरना स्थल में यूनियन अध्यक्ष अर्जुन यादव की अध्यक्षता में ऑटो चालकों ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के बाद चालकों ने उपायुक्त, नगर आयुक्त, प्रमंडलीय आयुक्त, ग्रामीण एसपी और ट्रैफिक एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की. यूनियन ने आरोप लगाया कि नगर निगम क्षेत्र में ऑटो पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है. वर्तमान में केवल रातू रोड न्यू मार्केट बस स्टैंड में पार्किंग स्थल है, जहां सीमित संख्या में ऑटो खड़े हो सकते हैं. इसके बावजूद अरगोड़ा चौक और आईटीआई बस स्टैंड के पास एनएच पर ऑटो चालकों से जबरन पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है. यूनियन ने इस वसूली को तत्काल बंद कराने की मांग की हैं. चालकों ने कहा कि शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस बिना चालक को जानकारी दिए ई-चालान काट रही है. 500 रुपये से लेकर 5 हजार रुपये तक के चालान कटने से ऑटो चालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है. यूनियन ने कहा कि वह कई वर्षों से नगर निगम से पूरे शहर में एकल टोकन (ग्लोबल टेंडर) व्यवस्था लागू करने की मांग कर रही है, ताकि सभी ऑटो चालक एक ही टोकन के आधार पर परिचालन कर सकें. इसके साथ ही शहर के विभिन्न सड़कों पर सवारी चढ़ाने और उतारने के लिए अधिकृत स्थान चिन्हित किए जाएं. वर्तमान में निर्धारित स्थान नहीं होने के कारण चालकों पर लगातार चालान की कार्रवाई हो रही है. ज्ञापन में यूनियन ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में फिलहाल केवल 5 हजार ऑटो का परमिट जारी है।

# हेमंत सरकार की नई औद्योगिक नीति का ड्राफ्ट तैयार, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सराहा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**ड्राफ्ट की प्रमुख बातें**

- प्रस्तावित नीति में लघु कुटीर एवं मध्यम उपक्रमों पर विशेष ध्यान
- झारखंड में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सब्सिडी की राशि में वृद्धि
- एमएसएमई के लिए 15 से 30 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी का प्रस्ताव
- राज्य में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश और 25 हजार नौकरियों के सृजन का लक्ष्य
- एससी और एसटी उद्यमियों के साथ महिलाओं एवं दिव्यांग उद्यमियों के लिए पांच प्रतिशत का अतिरिक्त सब्सिडी लाभ
- सेक्टर आधारित औद्योगिक विकास की रणनीति
- रांची, जमशेदपुर, बोकारो, धनबाद, देवघर, संताल परगना, पलामू, गढ़वा, लोहरदगा, लातेहार समेत विभिन्न क्षेत्रों के लिए औद्योगिक विकास पर फोकस
- ग्रीन टेक्नोलॉजी, नवीकरणीय ऊर्जा, एफडीआई, औद्योगिक पार्क, लॉजिस्टिक्स और कौशल विकास को नीति में मिली प्राथमिकता

**रांची।** झारखंड में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हेमंत सरकार एक साथ कई नीतियां लाने जा रही है. इसके तहत टेक्सटाइल और निवेश प्रोत्साहन नीति के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा दिया जाएगा. औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोग अभी 'झारखंड टेक्सटाइल, परिधान एवं फुटवियर पॉलिसी 2026' और 'झारखंड औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2026' का ड्राफ्ट जारी होने के बाद, इसका अध्ययन कर रहे हैं. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इन ड्राफ्ट नीतियों का स्वागत किया है. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा के अनुसार, राज्य में लगभग एक दशक बाद नई औद्योगिक नीति लाई गई है. सरकार का लक्ष्य इन उपायों के जरिए रु1 लाख करोड़ का निवेश आकर्षित करना और 25,000 नई नौकरियां पैदा करना है. उन्होंने बताया कि इस नीति की सबसे अच्छी बात है कि सरकार ने विभिन्न प्रकार की सब्सिडी और छूट का प्रावधान किया है. इस पॉलिसी को झारखंड को देश और विदेश में व्यापार, उद्यमिता और निवेश के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के विजन के साथ तैयार किया गया है.

**ड्राफ्ट पॉलिसी पर दिल्ली में रखे जायेंगे सुझाव**

झारखंड सरकार के द्वारा तैयार की गई ड्राफ्ट पॉलिसी पर नई दिल्ली में 8 और 9 जुलाई को होने वाले नेशनल स्टेकहोल्डर्स समिट में सुझाव रखे जाएंगे. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स इन नीतियों का अध्ययन करने में जुटा है और आगामी 9 जुलाई को सरकार के समक्ष लिखित रूप से सुझाव रखने की तैयारी की गई है. झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा कहते हैं कि पॉलिसी कंसलटेंसी की मीटिंग 9 तारीख को रखी गई है, ताकि इसमें सुझाव को ध्यान में रखा जाए और बेहतर से बेहतर पॉलिसी बनायी जाए. उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यहां के युवाओं के लिए भी यह पॉलिसी सार्थक साबित होगा. इस पॉलिसी में अनेक क्षेत्रों को ध्यान में रखा गया है. उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल पॉलिसी भी बहुत ही बेहतरीन है.

# रांची विश्वविद्यालय में दो पुस्तकों का लोकार्पण, साहित्य सृजन को बढ़ावा देने पर जोर




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के कुड़ुख विभाग में सोमवार को दो पुस्तकों का लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. सरोज शर्मा ने पुस्तकों का विमोचन करते हुए लेखकों को बधाई दी और साहित्य सृजन को समाज व भाषा के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया. उन्होंने विद्यार्थियों और शोधार्थियों से अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं पर लगातार लेखन करने का आह्वान किया. कार्यक्रम में कुड़ुख विभागाध्यक्ष डॉ. बंदे खलखो द्वारा लिखित पूना कत्थटूड़ और शोधार्थी जगदीश उरांव की यात्रा-वृत्तांत पुस्तक रांची ती भूटान का लोकार्पण किए. इस अवसर पर मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. अर्चना कुमारी दुबे, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के पूर्व समन्वयक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. हरि उरांव, समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. दीपाली अपराजिता डुंगडुंग सहित संकाय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

# झारखंड पर मानसून मेहरबान, 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कई इलाकों में बरसेंगे बादल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है. मौसम केंद्र के ताजा पूवार्नुमान के अनुसार अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा. इस दौरान कई जिलों में भारी बारिश, मेघ गर्जन, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है. मौसम केंद्र ने लोगों से खराब मौसम के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है. रांची में सुबह से ही रुक-रुक कर झमाझम बारिश हो रही है.

**इन आठ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट**

मौसम केंद्र ने सोमवार को रांची, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, गढ़वा, पलामू, चतरा और हजारीबाग जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई है. इन जिलों में जलभराव, दृश्यता कम होने और स्थानीय स्तर पर जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है. विभाग ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है.

**गरज-चमक और तेज हवाओं को लेकर भी चेतावनी**


सिर्फ बारिश ही नहीं, बल्कि राज्य के अलग अलग हिस्सों में मेघ गर्जन, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना भी जताई गई है. ऐसे मौसम में खेतों, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है. बिजली चमकने के दौरान सुरक्षित भवनों में रहने की अपील की गई है.

**7 जुलाई को उत्तर-पूर्वी झारखंड पर रहेगा ज्यादा असर**

7 जुलाई को भी राज्य में मानसून की गतिविधियां जारी रहेंगी. अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर बना रहेगा. हालांकि उत्तर-पूर्वी झारखंड और उससे सटे मध्य भाग, विशेषकर धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है. इस दौरान भी गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवाओं का असर बना रहेगा. 8 जुलाई को मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. पूरे राज्य में बादल छाए रहने और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है. वहीं उत्तर-पूर्वी झारखंड के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार मेघ गर्जन और तेज हवाओं की गतिविधियां भी जारी रह सकती हैं, इसलिए लोगों को लगातार सतर्क रहने की जरूरत है.

# सीएम से भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों की मुलाकात, निवेश व वैश्विक सहयोग पर हुई चर्चा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के दो वरिष्ठ अधिकारियों मोहम्मद शाहिद आलम और सुशील प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान राज्य के विकास, निवेश की संभावनाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत बनाने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई. बैठक में मुख्यमंत्री ने झारखंड में निवेश आकर्षित करने, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और राज्य की विकास योजनाओं को वैश्विक स्तर पर सहयोग से जोड़ने की रणनीति पर विचार साझा किए. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से राज्य में नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं. चर्चा के दौरान प्रवासन एवं गतिशीलता (माइग्रेशन एंड मोबिलिटी) साझेदारी, वन्यजीव पर्यटन के विकास, कौशल विकास, शिक्षा क्षेत्र में सहयोग और भारतीय प्रवासी समुदाय की भागीदारी जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ. इसके साथ ही झारखंड की प्रशासनिक व्यवस्था और विकास यात्रा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी दोनों अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की. बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद रहे. गौरतलब है कि भारतीय विदेश सेवा के 2010 बैच के अधिकारी मोहम्मद शाहिद आलम वर्तमान में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में और सुशील प्रसाद नैरोबी स्थित भारतीय उच्चायोग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं. दोनों अधिकारी इन दिनों मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम (मिड-कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम) के तहत झारखंड दौरे पर हैं.

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने रिम्स-2 के निर्माण कार्य पर लगाई रोक, अधिकारियों से मांगी जमीन अधिग्रहण रिपोर्ट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने फ्क्रटर-2 निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया है. आयोग की ओर से आदेश दिया गया है कि जब तक आयोग के समक्ष इस मामले की सुनवाई चल रही है, तब तक किसी तरह का कोई निर्माण कार्य ना किया जाए. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने 15 शिकायतों पर सुनवाई की. गढ़वा, पलामू, रांची, बोकारो, जामताड़ा सहित कई जिलों से संबंधित मामलों की सुनवाई के दौरान संबंधित जिलों के अधिकारी और शिकायतकर्ता भी शामिल रहे.

**आयोग ने मांगी रिम्स-2 की जमीन अधिग्रहण रिपोर्ट**

आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि आज जिन 15 मामलों की सुनवाई की गई है, उसमें रांची में प्रस्तावित रिम्स-2 का मामला भी शामिल है. रिम्स-2 के लिए जिस 222 एकड़ भूमि को लेकर आयोग को शिकायत मिली है, रांची के जिला प्रशासन और रेवेन्यू अफसर से उक्त 222 एकड़ जमीन की अधिग्रहण रिपोर्ट मांगी गयी है. रैयतों में से कितनों को मुआवजा मिला, जिन्हें मुआवजा मिला, उन्हें कितनी एकड़ का और कितना मुआवजा मिला है, ये सब जानकारी मांगी गई है.

**किसी और जगह हो रिम्स-2 का निर्माण - आशा लकड़ा**

उन्होंने कहा कि जब तक फ्क्रटर-2 निर्माण से जुड़ी सुनवाई आयोग के समक्ष चल रही है, तब तक किसी तरह का कोई निर्माण कार्य न करने का आदेश आयोग की ओर से दिया गया है. आयोग भी चाहता है कि रिम्स-2 बने, लेकिन किसानों की जमीन की जगह कोई और जगह पर बने. उन्होंने कहा कि गुमला, चैनपुर, डुमरी और अन्य दूरस्थ क्षेत्र में आज भी आने-जाने के लिए एंबुलेंस से लेकर डॉक्टर का अभाव है, वहां चिकित्सीय सुविधा बढ़े. जनजाति समुदाय के उपजाऊ भूमि को लेकर अस्पताल बने, यह जरूरी नहीं है. डॉ आशा लकड़ा ने आज हुई सुनवाई की जानकारी देते हुए कहा कि बोकारो जिले के बैदकारों, चड़कापनिया, बेरमो में लाखों पेड़ बिना किसी ग्राम सभा की सहमति के काट दिए गए. आयोग ने पूरे मामले में जांच के निर्देश दिए हैं. जांच पूरी होने तक उस क्षेत्र में खनन नहीं होगा. उन्होंने कहा कि कई लोगों के दखल-दिहानी, बकास-भुइहरी जमीन के मामले में दोषी अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. उन्होंने बताया कि नामकुम के हरातू की नूतन पाहन के मामले में आयोग के आदेश के अनुसार 13 जुलाई को दखल दिहानी दिलाई जाएगी. उन्होंने कहा कि कल पूर्वाह्न 11 बजे से आयोग की टीम रिम्स का रिव्यू करेगी जबकि अपराह्न 02 बजे से IIM रांची में रिव्यू बैठक की जाएगी.

# महाराष्ट्र की तरह झारखंड में भी बांस आधारित उद्योग नीति बनाने की उठी मांग, रोजगार के साथ व्यवसाय की संभावनाओं पर हुई चर्चा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में इन दिनों बांस इको सिस्टम के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है. ग्लोबल गेटवे प्रोग्राम के तहत यूरोपियन यूनियन और भारत सरकार के सहयोग से राज्य के सात जिलों के 5,000 आदिवासी महिलाओं को जोड़कर क्राफ्ट सिटी प्रमोट किया जा रहा है. इसी के तहत स्वयंसेवी संस्था नीड्स एवं एक्सआईएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आज ह्यस्वशक्त झ्र बांस इकोसिस्टम कार्यशाला एवं नवाचार प्रदर्शनीह्न का शुभारंभ किया गया. पांच दिवसीय इस कार्यशाला सह प्रदर्शनी का उद्देश्य झारखंड में बांस आधारित आजीविका, उद्यमिता एवं उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त, समावेशी एवं टिकाऊ इकोसिस्टम विकसित करना है. इसी उद्देश्य के साथ नीति-निमार्ताओं, विभिन्न सरकारी विभागों, विकास संगठनों, वित्तीय संस्थानों, शोधकताओं, उद्यमियों, शिल्पकारों एवं शिक्षाविदों को आज एक साझा मंच पर लाने की कोशिश की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ. इस मौके पर एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ. जोसेफ मारियानुस कुजूर, एस.जे. ने अपने संबोधन में बांस को ह्लग्रीन गोल्डह्व बताते हुए कहा कि झारखंड में बांस क्षेत्र आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का मजबूत आधार बन सकता है. उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को साकार करने के लिए सभी हितधारकों के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं. मुख्य अतिथि के रूप में आए कृषि सचिव अबूबक्कर सिद्दीक पी ने कहा कि बांस को अभी तक उसकी वास्तविक पहचान और बाजार नहीं मिल पाया है. स्थानीय हाटों में उपलब्ध होने के बावजूद यह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाता. उन्होंने कहा कि बांस केवल जलवायु-अनुकूल संसाधन ही नहीं, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है.

**बांस इकोसिस्टम से मिल सकता है 15 हजार करोड़ का राजस्व**

झारखंड में बांस आधारित इकोसिस्टम पर जोर देते हुए नीड्स के कार्यकारी निदेशक मुरारी एम चौधरी ने कहा कि यहां इसकी अपार संभावनाएं हैं. महाराष्ट्र की पॉलिसी के तर्ज पर यहां भी बांस आधारित औद्योगिक नीति बने. उन्होंने कहा कि बांस एक ऐसा उद्यम है, जिसके माध्यम से राज्य को 15 हजार करोड़ का राजस्व मिल सकता है. उन्होंने कहा कि माइनिंग क्षेत्र हो या डीवीसी का डंपिंग क्षेत्र यहां यदि बांस लगाया जाय तो ना केवल वहां की मिट्टी उर्वर हो जायेगी बल्कि बड़ा राजस्व इससे प्राप्त होगा. प्रदर्शनी सह कार्यशाला में झारखंड में बांस की चुनौतियां संभावित समन्वय एवं संस्थागत प्रतिबद्धता विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई.

# तमाड़ में भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़।** भाजपा तमाड़ मंडल की कार्यसमिति की बैठक सोमवार को विमल पातर के आवास पर मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं रांची जिला के पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी विचारधारा के ऐसे महान पुरोधा थे, जिन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था का सशक्त विरोध किया था। अखंड भारत की परिकल्पना उनका प्रमुख उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर ₹एक देश, एक विधान, एक निशान₹ की भावना को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया। उन्होंने कार्यकताओं से गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर बीएलओ के सहयोगी के रूप में कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा अन्य आवश्यक कार्यों से वंचित न रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तीकरण एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा, समरेन्द्र मुखर्जी, विमल पातर, अजीत महतो, शशि कुमार महतो, शंकर सोनार, भारती कुमारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता देवी, मृत्युंजय पातर, बहादुर पुरान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विनोदपुर की सरकारी अनावादी भूमि पर घेराबंदी व निर्माण के प्रयास का आरोप, जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत मौजा विनोदपुर (संख्या-203) की सरकारी अनावादी भूमि पर कथित अतिक्रमण का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने और घर निर्माण का प्रयास किए जाने का आरोप लगाते हुए दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन अंचल कार्यालय, बरहरवा में सौंपकर तत्काल कार्यवाही कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा स्थायी रूप ले सकता है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार मौजा विनोदपुर, जमाबंदी संख्या-274, दाग संख्या-1001 एवं 1023, कुल 5 बीघा 4 कट्ठा भूमि सरकारी अनावादी जमीन है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में अंचल कार्यालय द्वारा उक्त भूमि का विधिवत सीमांकन कराया गया था। सीमांकन के बाद वहां सरकारी बोर्ड भी लगाया गया था, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि जमीन सरकारी है और इस पर किसी प्रकार का निजी कब्जा या निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 2 जुलाई 2026 को सुबह लगभग 10 बजे गांव के जलालुद्दीन शेख एवं उनके पुत्र हसनात शेख, दोनों निवासी विनोदपुर, ने उक्त सरकारी जमीन पर बांस - बत्ती लगाकर घेराबंदी शुरू कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद वहां मकान निर्माण की तैयारी भी शुरू कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के बापन कुनाई, सुमांतो दास, छोटू कुनाई, नन्तु कुनाई, गोविंदो कुनाई, हबीबुर रहमान, अजमल हुसैन सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने आरोपितों को बताया कि यह सरकारी भूमि है तथा गांव के लोग भविष्य में इसी स्थान पर सरकारी विद्यालय की स्थापना कराने की मांग करने वाले हैं। इसलिए इस भूमि पर किसी भी व्यक्ति द्वारा निजी कब्जा या निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ कथित रूप से हाथापाई की तथा घेराबंदी का कार्य जारी रखा। इतना ही नहीं, आरोपितों ने कथित रूप से अपनी पहुंच का हवाला देते हुए ग्रामीणों को धमकी भी दी और निर्माण कार्य नहीं रोकने की बात कही। घटना के बाद गांव के दर्जनों लोग एकजुट होकर बरहरवा अंचल कार्यालय पहुंचे और अंचल निरीक्षक (सीआई) जितेंद्र टुडू को पूरे मामले की जानकारी दी। ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपते हुए मांग की कि सरकारी भूमि को तत्काल अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का प्रयास न कर सके। ग्रामीणों ने प्रशासन से यह भी मांग की कि संबंधित भूमि का पुनः निरीक्षण कर सीमांकन की पुष्टि की जाए तथा सरकारी बोर्ड की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि सरकारी जमीन गांव की सार्वजनिक संपत्ति है और इसका उपयोग जनहित के कार्यों के लिए होना चाहिए, न कि निजी कब्जे के लिए। इस संबंध में अंचल निरीक्षक (सीआई) जितेंद्र टुडू ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण या अवैध निर्माण की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। फिलहाल प्रशासन मामले की जांच की तैयारी में जुट गया है। वहीं ग्रामीणों की नजर अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगा और सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## गया - हावड़ा एक्सप्रेस में दारोगा दंपती से मारपीट, आरक्षित सीट को लेकर विवाद के बाद हंगामा



**बरहरवा/साहिबगंज।** गया - हावड़ा एक्सप्रेस में आरक्षित सीट को लेकर हुए विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब कुछ युवकों द्वारा झारखंड पुलिस के दारोगा दंपती और उनके मासूम बच्चे के साथ कथित मारपीट की गई। घटना के बाद ट्रेन में अफरा - तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, महिला दारोगा पूजा कुमारी, जो साहिबगंज जिले के बड़हरवा थाना में पदस्थापित हैं, अपने पति हरिओम, जो झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच में दारोगा हैं, तथा बच्चे के साथ गया से पाकुड़ जा रही थीं। महिला दारोगा को 6 जुलाई को बड़हरवा थाना में ड्यूटी ज्वाइन करनी थी। बताया जाता है कि नवादा स्टेशन के समीप कुछ युवक उनकी आरक्षित सीट पर बैठ गए। सीट खाली करने का अनुरोध करने पर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि युवकों ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर दंपती और उनके बच्चे के साथ भी दुर्व्यवहार और मारपीट की। घटना से आक्रोशित महिला दारोगा ट्रेन के इंजन के सामने खड़ी हो गईं, जिसके कारण गया-हावड़ा एक्सप्रेस लगभग एक घंटे तक काशीचक स्टेशन पर रुकी रही। सूचना मिलने पर आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थिति को शांत कराया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। अधिकारियों ने दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## कटहलबाड़ी पंचायत के स्कुलटोला में कई महीनों से चापाकल खराब, ग्रामीणों ने विभाग से ठीक कराने की मांग



**उधवा/साहिबगंज (उजाला)** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटहलबाड़ी पंचायत के स्कुलटोला में कई महीनों से एक चापाकल खराब है।चापाकल खराब रहने के कारण यहां के लोगों के सामने पेयजल की संकट उत्पन्न हो गया है।चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी के बीच लोग दूसरे चापाकल से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने पर मजबूर हो गए हैं। ग्रामीण राम घोष,डोली घोष,तारा घोष,चुमकी घोष, भारती घोष,प्रतिमा घोष सहित अन्य दर्जनों लोगों ने बताया कि पिछले लगभग एक महीने से हम लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। साथ ही बताया कि अगल बगल में जल मीनार नहीं रहने के कारण पानी की और अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।पानी की संकट केवल आदमी ही नहीं मवेशी पशु को पिलाने के लिए काफी दूर से लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से चापाकल अविलम्ब ठीक कराने की मांग की है।इस संबंध में उधवा पेयजल विभाग के समन्वयक विनोद मरांडी ने बताया कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है,यदि चापाकल खराब है तो उसे ठीक कराया जाएगा।

## शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण का आरोप, तीनपहाड़ थाना में प्राथमिकी हुई दर्ज

**तीनपहाड़/साहिबगंज** ।तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के सुरियारपाड़ा गांव की एक महिला ने गांव के ही एक व्यक्ति पर शादी का प्रलोभन देकर लंबे समय तक यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए थाना में लिखित आवेदन दिया है।पीड़िता के आवेदन के आधार पर तीनपहाड़ थाना में कांड संख्या 36/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## पतना प्रखंड भाजपा की मासिक बैठक संपन्न, शक्ति केंद्र संयोजकों की हुई नियुक्ति

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बरहरवा/साहिबगंज।** भारतीय जनता पार्टी पतना प्रखंड की मासिक बैठक सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके विचारों और सिद्धांतों को जन - जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष चर्चा की गई। इसी क्रम में पतना प्रखंड के सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक एवं सह - संयोजकों की नियुक्ति की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक बूथ और शक्ति केंद्र को मजबूत बनाकर पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और सुदृढ़ किया जाएगा। बैठक की प्रभारी जिला मंत्री उषा भारती ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कार्यकताओं से सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष चौकीदार हांसदा, प्रखंड महामंत्री रोहित रजक, सुंदरू माल्टो, उपाध्यक्ष जगन मुर्मू, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष श्याम कुमार तुरी, आईटी संयोजक संजय शाह, होपना मरांडी, युवा नेता रोबिन दास, विष्णु कुमार शाह, संतोष हांसदा, नयन मरांडी, सुनील बेसरा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कनेक्शन देने के नाम पर अवैध वसूली एवं सिलेंडर कालाबाजारी में बेचने का ग्रामीणों ने लगाया गंभीर आरोप

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**उधवा/ साहिबगंज (उजाला)** प्रखंड के वेदव्यास इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के खिलाफ उपभोक्ताओं ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन के नाम पर अवैध वसूली करने और आवंटित गैस सिलेंडर कालाबाजारी में बेचे जाने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर पारूल मंडल व शकुंतला देवी ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति पदाधिकारी व उपायुक्त साहेबगंज से लिखित शिकायत की है।दिए आवेदन पत्र में उन्होंने बताया है कि बीते 14 दिसम्बर 2021 को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत वेदव्यास इंडेन ग्रामीण वितरक बेगमगंज से घरेलू गैस सिलेंडर का कनेक्शन लिया हूं,जिसका उपभोक्ता संख्या 7220346517 एवं 7220334147कनेक्शन देने के एवज में एजेंसी के संचालक चैतन्य मंडल के भाई तपन मंडल पिता दिलचांद मंडल साकिम उत्तर बेगमगंज, थाना राधानगर ने 1000 रुपए लिया है,एवं उसी दिन गैस सिलेंडर का रिफिल करायी हूं,उसके बाद 11. जून .2026 को दूसरी बार रीफिल करायी हूं।लेकिन जब स्टेटस चेक करने पर पता चला है कि उज्जवला योजना के तहत मेरे नाम के आवंटित गैस सिलेंडर का नियमित रीफिल दिखा रहा है।जबकि मैं पिछले लगभग साढ़े 5 वर्षों से दोबारा कभी रीफिल नहीं करायी हूं। वेदव्यास इंडेन ग्रामीण वितरक के संचालक के द्वारा मनमानी कर मेरे उपभोक्ता आईडी से छेड़छाड़, अवैध, अनाधिकृत,तरीके से तथा कपटपूर्ण कर मेरे नाम के आवंटित गैस सिलेंडर का रिफिल कराकर कालाबाजारी में बेच दिया है,जो गैर कानूनी है। उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी के संचालक चैतन्य मंडल एवं तपन मंडल के विरुद्ध उचित तथा ठोस कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## एस आई आर को लेकर जेएमएम के कार्यकर्ता अलर्ट: बर्नार्ड मरांडी

**साहिबगंज** ।झामुमो प्रखंड कार्यालय बरहेट में एस आई आर को बैठक बुलाई गई.बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड ने की .बैठक में सभी पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए .बैठक का संचालन प्रखंड सचिव मुजिबुल रहमान ने कि. बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने कहा कि एसआईआर को कार्यकताओं को जानकारी दी.आगे कहा कि एस आई आर को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता अलर्ट मोड पर रहे ओर आगे भी नजर रखनी है . बैठक के माध्यम से कार्यकताओं को बताया गया है 30 जून से घर-घर जाकर बी एल ओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण किया जा रहा है. वही दोनों कार्यकर्ता व बी एल ए 2 मिलकर पात्र मतदाताओं का नाम कटे नहीं ये उनकी जिम्मेवारी कहै, किस तरह से वे वोटर लिस्ट पर नजर रखेंगे और बीएलओ को वह किस तरह से मदद कर सकते हैं. कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं कटे.आगे कहा कि जो चुनौती सामने आने वाली है उसका सामना बूथ लेवल कार्यकर्ता करेंगे. उन्होंने उम्मीद जताई है कि परिणाम बेहतर नजर आएगा. मौके पर जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम, झामुमो नेता मो अली, लखीराम हेंब्रम, समदा सोरेन ,जेठा मुर्मू, अन्य मौजूद थे।

## ईओ पर मनमानी का आरोप, साहिबगंज नगर परिषद की बोर्ड बैठक का सामूहिक बहिष्कार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज** ।नगर परिषद की बोर्ड बैठक सोमवार को उस समय विवादों में घिर गई,जब नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सभी 28 वार्ड पार्षदों ने सामूहिक रूप से बैठक का बहिष्कार कर दिया ।जनप्रतिनिधियों ने कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) पर मनमानी,विकास योजनाओं में अनावश्यक अड़ंगा लगाने और जनहित से जुड़े कार्यों की लगातार अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया ।अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का कहना था कि नगर परिषद में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है ।विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करने के बजाय कार्यपालक पदाधिकारी बाधाएं उत्पन्न कर रहे हैं,जिससे शहर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।बैठक का बहिष्कार करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कई बार समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ। उनका आरोप है कि महत्वपूर्ण निर्णयों में जनप्रतिनिधियों की राय को नजरअंदाज किया जा रहा है और नगर परिषद का कार्य सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है ।सभी पार्षदों ने एक स्वर में कार्यपालक पदाधिकारी के स्थानांतरण की मांग उठाई और कहा कि जब तक नगर परिषद में समन्वयपूर्ण वातावरण नहीं बनेगा,तब तक विकास कार्य प्रभावित होते रहेंगे ।उन्होंने उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की ।वहीं,कार्यपालक पदाधिकारी ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें बेबुनियाद बताया। उनका कहना है कि नगर परिषद में सभी कार्य नियमों एवं सरकारी प्रावधानों के अनुरूप किए जा रहे हैं ।किसी भी विकास कार्य में जानबूझकर बाधा नहीं डाली जा रही है ।उन्होंने कहा कि लगाए गए आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं ।नगर परिषद में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सभी वार्ड पार्षदों द्वारा बोर्ड बैठक के सामूहिक बहिष्कार से नगर की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में इस घटनाक्रम की व्यापक चर्चा है।

## निर्वाचन कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं, एसडीओ ने शिक्षकों को चेताया

**साहिबगंज।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 02 बोरियो (अ.ज.जा.) विधानसभा सह अनुमण्डल पदाधिकारी अमर जॉन आईंद ने डीइओ एवं डीएसई को पत्र लिख कर एसआईआर कार्य में बीएलओ के सहयोग के लिए वॉलंटियरस के रूप में प्रतिनियुक्त शिक्षकों को एसआईआर कार्य कड़ाई से अनुपालन का निर्देश दिया है। एसडीओ ने अपने पत्र में लिखा है कि उन्हें क्षेत्र भ्रमण के दौरान शिकायत मिली है कि बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक सहित निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। एसडीओ ने चेतावनी दी है कि लापरवाही बरतने पर वॉलिटंयरस के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के तहत दण्डात्मक कार्रवाई हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी को अनुशंसा की जाएगी।

## वार्ड-03 में डीप बोरिंग सह पाइपलाइन योजना का शिलान्यास, पेयजल समस्या से मिलेगी राहत



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या - 03 में अभय शर्मा के घर के समीप लगभग 3,32,700 रुपये की प्राक्कलित लागत से बनने वाली डीप बोरिंग सह पाइपलाइन योजना का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्षा अर्पिता दास द्वारा किया गया। शिलान्यास के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्षा अर्पिता दास ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। इस योजना के पूर्ण होने से वार्ड के लोगों को पेयजल की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजकुमार भगत, वार्ड पार्षद अमित कुमार भारती, पूर्व नगर अध्यक्ष श्यामल दास, रमेश डोकानिया, कमलजीत शर्मा, कैलाश शर्मा, कमल अग्रवाल, शशि अग्रवाल, उत्तम शर्मा, गोपाल शर्मा, जगदीश पटवारी, अरुण पटवारी, दिनेश रामानी, विशाल भगत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस योजना के लिए नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कर योजना का लाभ आम लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) कॉलोनियों में आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं जनकल्याणकारी व्यवस्थाओं की समीक्षा

**साहिबगंज** ।उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में पलटनगंज एवं बांसकोला पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) कॉलोनियों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, विकासात्मक कार्यों तथा जनोपयोगी सेवाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।बैठक के दौरान पलटनगंज आर एंड आर कॉलोनी में जल निकासी (ड्रेनेज) व्यवस्था के निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य हेतु निविदा प्रक्रियाधीन है। इस पर उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निविदा निस्तारण के बाद मौसम अनुकूल होते ही कार्य प्रारंभ किया जाए तथा नवंबर माह तक निर्माण कार्य को हर हाल में पूर्ण किया जाए। उपायुक्त ने आर एंड आर कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पूर्व में पूर्ण किए जा चुके अवयवों एवं शेष अवयवों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की । उन्होंने जलमीनार, हैंडपंप, बोरिंग तथा घर-घर नल कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनर्वासित परिवारों को गुणवत्तापूर्ण एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही कॉलोनी परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया ।बैठक में कॉलोनी क्षेत्र में आवश्यक सामाजिक एवं सार्वजनिक संस्थानों की उपलब्धता पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण एवं संचालन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग से संबंधित सुविधाओं के संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि निकटवर्ती स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं अन्य उपलब्ध संस्थानों से यथाशिघ्र आवश्यक सेवाओं को टैग कर कॉलोनीवासियों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि पुनर्वासित परिवारों को को आवश्यक सेवाओं का लाभ सहज रूप से प्राप्त हो सके ।उपायुक्त ने अपर समाहर्ता, परियोजना प्रभारी आईडब्ल्यूएआई, कार्यपालक अभियंता, विशेष प्रमंडल ग्रामीण विकास तथा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को संयुक्त रूप से पलटनगंज आर एंड आर कॉलोनी का स्थलीय निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर सभी कमियों की पहचान करते हुए शीघ्र प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया ।इसके अतिरिक्त बांसकोला में निमार्णाधीन नवीन आर एंड आर कॉलोनी के विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आवास निर्माण, बाउंड्री वॉल, जल निकासी व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजनाओं का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को बेहतर जीवन-स्तर एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी विभाग समन्वय के साथ रूप से कार्य करते हुए परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें ।बैठक में अपर समाहर्ता श्री विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर जॉन आइंद, कार्यपालक अभियंता, विशेष प्रमंडल, ग्रामीण विकास विभाग रामाकांत, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल (पीएचईडी) शशि कुमार सिंह तथा परियोजना प्रभारी, आईडब्ल्यूएआई अनुपम सिन्हा सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लक्ष्य हासिल नहीं होने पर होगी कार्रवाई, मंडरो में सिविल सर्जन की चेतावनी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज** ।सिविल सर्जन, साहिबगंज द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडरो में सुबह 07:00 बजे से 12:00 बजे तक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, एएनएम, सहिया, सहिया साथी, एमपीडब्ल्यू, चिकित्सक, जीएनएम, बीपीएम, बीडीएम, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान सिविल सर्जन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में गर्भवती महिलाओं की समय पर एएनसी जांच, पीएमएसएमए, जेएसएसके, जेएसवाई, संस्थागत प्रसव, प्रसवोत्तर देखभाल (पीएनसी), नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम (एचबीएनसी एवं एचबीवाईसी), कुपोषित बच्चों के प्रबंधन (एमटीसी), नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, गैर-संचारी रोग (एनसीडी) सहित अन्य कार्यक्रमों की उपलब्धियों एवं कमियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, डायरिया एवं अन्य मौसमी एवं संचारी रोगों की समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सतर्क एवं सक्रिय निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बुखार के प्रत्येक संदिग्ध मरीज की तत्काल आरडीटी से जांच सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी संचारी रोग के संभावित प्रकोप को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन ने जूनोसिस (पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोग) के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि रेबीज, ब्रुसेलोसिस, एंथ्रेक्स, लेप्टोस्पायरोसिस, बर्ड फ्लू एवं अन्य जूनोटिक रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं पशुपालन विभाग के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को इन रोगों के प्रति जागरूक करने, पशुओं के काटने की स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य संस्थान में उपचार हेतु प्रेरित करने तथा संचारी रोगों की समय पर सूचना एवं निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सहिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को मिलने वाले प्रोत्साहन, उनकी कार्य प्रगति एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि जिन स्वास्थ्य संकेतकों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, उनमें युद्धस्तर पर सुधार लाया जाए, ताकि जिले के समग्र स्वास्थ्य सूचकांकों में आगामी माह में उल्लेखनीय सुधार हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा जिला साहिबगंज के स्वास्थ्य संकेतकों में निरंतर सुधार लाने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने बैठक में भाग लिया तथा विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक



**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों से संबंधित विभिन्न मामलों तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार के लिए आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों की प्रतियुक्ति, शिक्षकों की सेवा संपुष्टि तथा स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन शिक्षकों की सेवा संपुष्टि अब तक नहीं हो सकी है, वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि उनके मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जा सके। साथ ही स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति से संबंधित लंबित आवेदनों पर नियमानुसार विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों का नियमित अंतराल पर परीक्षा आयोजित करने तथा उसके आधार पर उनकी शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियमित मूल्यांकन से विद्यार्थियों की कमजोरियों की पहचान कर समय रहते उनमें सुधार किया जा सकेगा।

बैठक में हजारीबाग में संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के शैक्षणिक प्रदर्शन एवं शिक्षण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था की सतत निगरानी एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशिक्षु आईएएस सुश्री पूर्वा अग्रवाल को मॉनिटरिंग करने को कहा

उपायुक्त ने सभी शिक्षकों से बच्चों को धाराप्रवाह पढ़ना एवं लिखना सिखाने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक भाषा एवं लेखन कौशल विद्यार्थियों के समग्र शैक्षणिक विकास की आधारशिला है, इसलिए इस दिशा में गंभीरता से कार्य किया जाए।

बैठक के दौरान शिक्षकों पर लंबित विभागीय कार्रवाई के मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को ऐसे सभी मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालय निरीक्षण में संज्ञान में आए मामलों के अनुपालन की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.बैठक में एसडीओ सदर श्री आदित्य पांडेय, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री पूर्वा अग्रवाल,जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आकाश कुमार व अन्य मौजूद थे।

## विधायक चंद्रदेव महतो की पहल रंग लाई, एच यू आर एल के सहयोग से मिलेगा स्वच्छ पेयजल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**सिंदरी /धनबाद।** सिंदरी बस्ती और मल्लिक टोला के लोगों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में सोमवार ,6 जुलाई को बड़ी पहल हुई। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रदेव महतो के प्रयास और एच यू आर एल प्रबंधन के सहयोग से क्षेत्र के लिए जलापूर्ति योजना का शुभारंभ किया गया। बताया गया कि स्थानीय लोगों द्वारा पेयजल संकट की जानकारी दिए जाने के बाद विधायक चंद्रदेव महतो ने एच यू आर एल प्रबंधन से समन्वय स्थापित किया।इसके बाद सेटलिंग टैंक के माध्यम से जलापूर्ति योजना को स्वीकृति मिली। योजना शुरू होने से सिंदरी बस्ती एवं मल्लिक टोला के लोगों को अब स्वच्छ और नियमित पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थाई समाधान होने की उम्मीद है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक चंद्रदेव महतो और एच यू आर एल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। गौरतलब है कि 24 अप्रैल 2026 को सिंदरी बस्ती के ग्रामीणों ने सेटलिंग टैंक के मुख्य द्वार के समीप पेयजल समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। उस दौरान विधायक चंद्रदेव महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने एच यू आर एल प्रबंधन से वार्ता की थी,जिसके सकारात्मक परिणाम स्वरुप अब जलापूर्ति योजना धरातल पर उतर सकी है। कार्यक्रम में एच यू आर एल के अधिकारी आकाश, जी के बेहरा, नितिन अग्रवाल सहित भाकपा माले कार्यकर्ता तथा सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थें।

## माई भारत, लोहरदगा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती का आयोजन



**राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कोलसिमरी, प्रखंड-कुरु, जिला-लोहरदगा (झारखंड), 06 जुलाई 2026।**

**लोहरदगा :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माई भारत, लोहरदगा द्वारा राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कोलसिमरी, प्रखंड-कुरु में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के अवसर पर प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रनिर्माण में योगदान, उनके आदर्शों एवं विचारों से परिचित कराना तथा उनमें राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना था।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, उनके विचारों तथा भारत की एकता और अखंडता के प्रति उनके योगदान पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन मूल्यों, राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा एवं दूरदर्शी नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन, ईमानदारी तथा कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। उनके आदर्श आज भी युवाओं को एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई तथा युवाओं से माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर विभिन्न स्वयंसेवी गतिविधियों, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों, अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों (ELP) तथा अन्य युवा विकास कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया गया।माई भारत, लोहरदगा युवाओं के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता के संवर्धन एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर कार्यरत है।

# श्रावणी प्रथम सोमवारी पर पहाड़ी मंदिर जलार्पण यात्रा की तैयारियां तेज

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**लोहरदगा:** श्रावणी मास की प्रथम सोमवारी पर रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में जलार्पण के लिए निकलने वाले शिवभक्तों की यात्रा को लेकर चंद्रशेखर आजाद चौक, तेतरतर स्थित राधा- कृष्ण मंदिर परिसर में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के आजीवन संरक्षक कृष्णकांत सिन्हा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी यात्रा को भव्य, गरिमामय, अनुशासित एवं श्रद्धा-भक्ति के वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। शिव भक्तों की सुविधा के लिए मार्ग में जलपान, विश्रामालय, मेडिकल सुविधा, चलंत शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, पंजीकरण एवं पहचान पत्र की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जिले के सभी धार्मिक संगठनों, पूर्व एवं वर्तमान जन प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों तथा जिला प्रशासन को आयोजन में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। समिति ने डीजे के स्थान पर कर्णप्रिय ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग, कांवड़ियों की अनुशासित एवं पंक्तिबद्ध यात्रा, नशापान पर सख्ती तथा आयोजन की सफल व्यवस्था के लिए विभिन्न प्रभारियों की नियुक्ति करने का भी निर्णय लिया। इसके अलावा आयोजन समिति एवं निगरानी समिति का गठन किया गया। अगली बैठक खेमराज स्मृति भवन में जिले के सनातनी संगठनों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं शिवभक्तों के साथ आयोजित की जाएगी।।सर्वसम्मति से मिथलेश वर्मा ₹बाबू₹ को अध्यक्ष, आनंद ठाकुर को सचिव तथा हर्षित खत्री को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं निगरानी समिति में ओम प्रकाश सिंह, अशोक खत्री, कृष्णकांत सिन्हा, दिलीप कांस्यकार, दयानंद गुप्ता एवं संजय बर्म्मन को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक का संचालन उज्ज्वल खत्री ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रणजी क्रिकेटर आशीष कुमार गुप्ता ने किया।

## इंटर कॉलेजों में सीटें बढ़ाने की मांग

**लोहरदगा:** युवा भाजपा नेता पवन तिग्गा ने इंटर कॉलेजों में सीटों की संख्या घटाए जाने पर झारखंड सरकार, शिक्षा विभाग और झारखंड अधिविद्य परिषद की आलोचना करते हुए कहा कि यदि जल्द सीटों में बढ़ोतरी नहीं की गई तो सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीटें कम होने के कारण सैकड़ों छात्र-छात्राएं इंटर में नामांकन से वंचित हो रहे हैं, जिसका सबसे अधिक असर गरीब, पिछड़े और आदिवासी वर्ग के विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से आर्ट्स संकाय में सीटें बढ़ाने की मांग की, क्योंकि इसी संकाय में सबसे अधिक छात्र- छात्राओं को प्रवेश नहीं मिल पा रहा है।सोमवार को एमएलए महिला कॉलेज का दौरा करने के दौरान पवन तिग्गा ने देखा कि बड़ी संख्या में छात्राएं नामांकन के लिए पहुंची थीं, लेकिन सीटें भर जाने का हवाला देकर उन्हें वापस लौटाया जा रहा था।कॉलेज प्रबंधन के अनुसार, पिछले वर्ष आर्ट्स संकाय में 512 सीटें थीं, जिन्हें इस वर्ष घटाकर 384 कर दिया गया है। पहले अतिरिक्त यूनिट की स्वीकृति मिलने से 1200 से अधिक छात्राओं का नामांकन संभव हो पाता था, लेकिन सीटें कम होने के कारण अब कॉलेज प्रबंधन भी असहाय है। पवन तिग्गा ने कहा कि लोहरदगा में छात्राओं की उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र एमएलए महिला कॉलेज है। यहां सीटें घटने से विशेषकर सेकेंड और थर्ड डिवीजन से उत्तीर्ण छात्राओं के उच्च शिक्षा के सपने टूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी प्लस-टू विद्यालयों में सीटों की कोई निर्धारित सीमा नहीं है और वहां कक्षाओं की क्षमता के अनुसार नामांकन लिया जाता है। वहीं, शहर के दो विद्यालयों के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं सीबीएसई पाठ्यक्रम में परिवर्तित होने के बाद एमएलए महिला कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्राओं की संख्या पहले से अधिक बढ़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्याप्त सीटें उपलब्ध नहीं होने के कारण अभिभावक और छात्राएं परेशान हैं तथा सरकार का ₹बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ₹ का नारा धरातल पर विफल साबित हो रहा है। साथ ही उन्होंने सरकार से तत्काल सीटों में बढ़ोतरी कर सभी पात्र छात्र-छात्राओं के नामांकन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## राम जन्मभूमि ट्रस्ट की बैठक निष्पक्ष और पारदर्शी हो, किसी को बचाने की कोशिश न हो: सांसद सुखदेव भगत



**नई दिल्ली/लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग की है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति में सत्य, न्याय और आदर्श के प्रतीक हैं। ऐसे में उनके नाम पर होने वाली किसी भी बैठक या निर्णय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का पूर्वाग्रह या पक्षपात नहीं होना चाहिए।सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि उनकी आस्था भगवान श्रीराम में है और इसी आस्था के आधार पर वे ट्रस्ट की बैठक से यह अपेक्षा करते हैं कि पहले की तरह किसी को बचाने या किसी विशेष व्यक्ति के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास न किया जाए। उन्होंने कहा कि बैठक पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायपूर्ण तरीके से संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की जनता की निगाहें इस बैठक पर टिकी हुई हैं और लोगों को यह विश्वास मिलना चाहिए कि भगवान श्रीराम के नाम पर लिए जाने वाले निर्णय सत्य और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित होंगे। यदि किसी प्रकार की अनियमितता या आरोपों की जांच का विषय है तो उस पर निष्पक्ष रूप से विचार किया जाए और किसी भी व्यक्ति को बचाने की कवायद नहीं होनी चाहिए। सांसद ने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि न्याय, मयार्दा और सत्य के सर्वोच्च आदर्श हैं। इसलिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक भी उन्हीं मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि बैठक में पारदर्शिता बरती जाएगी और ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा जिससे जनता के मन में किसी प्रकार का संदेह उत्पन्न हो। अंत में सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि उनकी एकमात्र अपेक्षा यही है कि भगवान श्रीराम के नाम पर होने वाली इस बैठक में निष्पक्षता, ईमानदारी और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता हो तथा किसी को बचाने की कोई कोशिश न की जाए।

# चंदवा थाना में कार्यरत थे बनेस महतो, चौकीदार संघ ने अनुकंपा नियुक्ति की उठाई मांग

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**इलाज के दौरान चौकीदार बनेस महतो का निधन, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**



**लातेहार** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोली गांव निवासी एवं कार्यरत चौकीदार बनेस महतो 55 वर्ष का रविवार शाम इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और लोहरदगा के कूड़ु स्थित मधुर केयर अस्पताल में उपचाराधीन थे। उपचार के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों एवं परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को सदर अस्पताल, लोहरदगा में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत, लोहरदगा के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया में सहयोग भी किया। समसुल अंसारी ने बताया कि दिवंगत बनेस महतो अपने पीछे पत्नी महेश्वरी देवी, दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को मानवीय आधार पर मृतक के एक आश्रित को अनुकंपा के आधार पर चौकीदार पद पर नियुक्ति देने के साथ-साथ नियमानुसार मिलने वाली सभी सरकारी सहायता शीघ्र उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बनेस महतो एक कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार चौकीदार थे, जिन्होंने लंबे समय तक पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दीं। उनके निधन से पुलिस विभाग एवं चौकीदार समुदाय को अपूरणीय क्षति हुई है। मौके पर चंदवा थाना के चौकीदार राजकिशोर महली, कुडू थाना के चौकीदार घनश्याम यादव सहित बड़ी संख्या में परिजन, सहकर्मी एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## सिंदरी में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर विशाल कार्यक्रम, केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित

**सिंदरी /धनबाद।** धनबाद के सिंदरी में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार 6 जुलाई 2026 को एच यू आर एल मुख्य गेट के समीप एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुकांतो मजूमदार मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण ,औद्योगिक विकास और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत के पहले खाद कारखाने की नींव सिंदरी में डॉक्टर मुखर्जी के प्रयासों से रखी गई थी, जिसने देश की औद्योगिक और कृषि प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन भाजपा धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहन कुंभकार ने किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, धनबाद सांसद ढुलू महतो,झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, निरसा की पूर्व विधायक अर्पणा सेनगुप्ता, सिंदरी की वरिष्ठ भाजपा नेत्री तारा देवी,महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय,धनबाद ग्रामीण प्रभारी प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, महानगर के प्रभारी विजय वर्गीय, सिंदरी नगर अध्यक्ष संजू महतो, जिला महामंत्री मानस प्रसून, रूपेश सिंह आशीष मुखर्जी ,प्रकाश बाउरी ,शैलेश सिंह, दिनेश सिंह, रवि शर्मा ,अरविंद पाठक , इंद्र मोहन सिंह, सुमन चौधरी, समीर बाउरी, बृजेश सिंह, राजेश चौधरी, अरविंद खत्री ,विजय सिंह, कुमार महतो, टिंकू महतो,अनिमा सिंह, गार्गी सिंह ,अजय दास, विद्युत चक्रवर्ती, सुनील मोदक ,ग्रामीण सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी समर्पित कार्यकताओं एवं बड़ी संख्या में उपस्थित जनता की गरिमामई उपस्थिति रही।

## बी एड कॉलेज में मनाया गया शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास




**रामगढ़/रजरप्पा।** शिक्षा संस्कृति संस्थान न्यास झारखण्ड एवं डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस सोमवार को महाविद्यालय के बहुद्देशीय सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. संजय सिंह (जिला संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय प्रभाकर (सह संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं महाविद्यालय सचिव) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता, बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षु- प्रशिक्षिकाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. संजय सिंह ने अपने संबोधन में वेद, उपनिषद, गुरुकुल परंपरा तथा भारतीय शिक्षा व्यवस्था के गौरवशाली स्वरूप पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय प्रभाकर ने शिक्षा एवं संस्कृति के महत्व, महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण तथा विद्यार्थी जीवन की सच्चाई, अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय ने ह्लभारतीय ज्ञान परंपराह्व विषय पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रियांशी, दिनेश, रेनू, ममता, लक्ष्मी, ईशा, मोनिका एवं सागेन सहित अनेक प्रशिक्षुओं ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में कलम भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा अंत में महाविद्यालय के संगीत विभाग के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके उपरांत सभा की समाप्ति की घोषणा की गई।

# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के आधार स्तंभः समीर उरांव

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**लोहरदगा:** जिला भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके चित्र पर मुख्य अतिथि एवं पदाधिकारियों के द्वारा माल्यार्पण किया गया और उनके पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्रसेवा हेतु समर्पित रहने की शपथ ली गई। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं जनजातीय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय राजनीति के आधार स्तंभ थे। उनके मार्गदर्शन में चलकर विकसित भारत बनाने में हमसबों की अहम भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर हमें यह शपथ लेना चाहिए कि राष्ट्र सेवा ही हमारा प्रथम कर्तव्य होगा और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। समीर उरांव ने कहा कि आज देश की जनता को सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी से ही उम्मीदें हैं और जनता की सारी उम्मीदों को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के द्वारा पुरी की जा रही है और इसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी स्तर के कार्यकर्ता अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग कर रहे हैं। जिला के प्रभारी सह प्रदेश मंत्री अमित कुमार सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश द्वारा निर्देशित एवं संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है। यहां सभी स्तर के कार्यकर्ता समान होते हैं केवल दायित्व अलग-अलग दिए जाते हैं जिससे पार्टी कार्यक्रमों को संचालित करने में सुविधा हो। प्रदेश मंत्री मनीर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हीं ऐसी पार्टी है जहां का चाय बेचने वाला कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री बन सकता है बाकी पार्टी वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है।प्रदेश कार्य समिति सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में एक आम कार्यकर्ता को भी जितना सम्मान और स्नेह मिलता है उतना किसी भी पार्टी में संभव नहीं है। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी और देश के लिए समर्पित दिखता है। उन्होंने कहा कि आज इतने कम समय में भारतीय जनता पार्टी यदि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बन पाई है तो इसमें साधारण से साधारण कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान है।लोहरदगा नगर पालिका अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि जाति -धर्म, उच्च- नीच और अमीर- गरीब के बीच समानता और अपनत्व का भाव यदि देखना हो तो भारतीय जनता पार्टी में देखा जा सकता है । यहां सभी मिलकर अपने हृदय में देशभक्ति की भावना समेटकर कार्य करते हैं और हर परिस्थिति में समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए तैयार रहते हैं। अध्यक्षीय भाषण देते हुए जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति- सिद्धांत और अनुशासन डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे राष्ट्रभक्त नेताओं की ही देन है, जो आज भी पार्टी में बरकरार है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता यह ठान लिया है कि ऐसे देशभक्त नेता का बलिदान हम कभी व्यर्थ जाने नहीं देंगे और उनके बताएं मार्गों पर चलकर हम सिर्फ विकसित देश ही नहीं बल्कि विश्व गुरु बनाने का सपना अवश्य पूरा करेंगे। मंच का संचालन जिला महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से झारखंड प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आजातशत्रु जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी कलावती देवी जिलामहामंत्री पशुपतिनाथ पारस जिला मंत्री मीना बाखला मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान राजकुमार मुंडा गोविंद महतो संगीता कुमारी बिपता उरांव नवल किशोर साहू कार्यालय मंत्री सुरेश बैठा वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्री विनोद राय हर्षनाथ महतो पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य लाल विश्वजीत नाथ शाहदेव पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष शिखर जनजाति नेता पवन तिग्गा सुरेश लोहरा पूर्व लोहरदगा नगर अध्यक्ष अमरेश भारती नीरज गुप्ता विकी कुमार राज किशोर साहू कैलाश महतो युवा मोर्चा के कुडू मंडल अध्यक्ष सरजू साहू वरिष्ठ कार्यकर्ता रामकिशोर शुक्ला सहित भारी संख्या में समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जापानी इंसेफेलाइटिस एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर सदर अस्पताल में एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

**मानसून में सतर्कता, समय पर पहचान, त्वरित उपचार एवं जन-जागरूकता से ही वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव : सिविल सर्जन**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** जिले में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, नियंत्रण और प्रभावी प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सदर अस्पताल, पाकुड़ के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. एस. के. मिश्रा ने की तथा जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार की उपस्थिति में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. एस. के. मिश्रा ने कहा कि जापानी इंसेफेलाइटिस सहित सभी वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए समय पर पहचान, शीघ्र उपचार, प्रभावी निगरानी तथा व्यापक जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम में इन रोगों के प्रसार की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए सभी स्वास्थ्यकर्मी क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतते हुए निगरानी, सर्विलांस एवं नियंत्रण गतिविधियों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संचालित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता प्रत्येक संभावित मरीज तक समय पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटना है।जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान जापानी इंसेफेलाइटिस के संक्रमण, लक्षण, बचाव, उपचार, रोग निगरानी एवं नियंत्रण उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जिले में कालाजार, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए सक्रिय रोगी खोज, समय पर जांच, गुणवत्तापूर्ण उपचार, प्रभावी वेक्टर नियंत्रण गतिविधियों तथा सामुदायिक सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रियता और समुदाय की भागीदारी से इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने जापानी इंसेफेलाइटिस एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, नियंत्रण एवं फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए जिले में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियों को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के चिकित्सा पदाधिकारी, जिला वीबीडी परामर्शदाता अंकित कुमार, फाइनेंस एंड लॉजिस्टिक असिस्टेंट (एफएलए) राजू अग्रवाल, एमटीएस, केटीएस, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ, एएनएम सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का प्रमंडलीय आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हजारीबाग:-**उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्री विजय कुमार गुप्ता ने सोमवार को हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR-2026) कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र संख्या 341, 356, 357, 360, 364, 396, 435 एवं 454 का निरीक्षण कर पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य निर्वाचन कर्मियों से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, प्रपत्रों के संकलन, मतदाताओं के सत्यापन तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।आयुक्त ने सभी बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित प्रेक्षकों को निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है, इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी निर्वाचन कर्मियों से मतदाताओं के साथ समन्वय स्थापित कर पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग, संबंधित बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य उपस्थित रहें।

## नाबालिग से दुष्कर्म व शादी के बाद प्रताड़ना मामले में आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत भेजा गया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पाकुड़।** पाकुड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इलामी गांव में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, शादी के बाद प्रताड़ित करने और पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पाकुड़ मुफस्सिल थाना कांड संख्या 63/26, दिनांक 1 जून 2026 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1), 85, 351(2), 3(5) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 4 के तहत दर्ज मामले में नामजद आरोपी साहिन शेख, पिता अब्दुल रसीद शेख, निवासी ग्राम इलामी, थाना पाकुड़ मुफस्सिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि पीड़िता एक नाबालिग लड़की है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपी पर पहले नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इसके बाद उसने पीड़िता से शादी कर उसे अपने घर ले गया। आरोप है कि घर ले जाने के बाद आरोपी ने अपनी पहली पत्नी के साथ मिलकर पीड़िता को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अग्रिम कानूनी प्रक्रिया जारी है तथा सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।पुलिस ने कहा है कि महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामलों में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद माननीय वैद्यनाथ राम को शॉल एवं बुके देकर किया सम्मानित




**पलामू :** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद माननीय वैद्यनाथ राम को शॉल एवं बुके देकर किया सम्मानित।

**मौके पर मौजूद सभी लोगों ने बताया कि**

राजनीति में कई चेहरे आते-जाते हैं, लेकिन कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनकी यात्रा अपने आप में प्रेरणा बन जाती है। नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम का राजनीतिक जीवन भी ऐसी ही है। आज वे राज्यसभा सांसद के रूप में देश की सर्वोच्च विधायी संस्था में पहुंच चुके हैं, लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने से पहले उन्होंने शिक्षक के रूप में समाज को दिशा देने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाया। कभी हाथ में चाक व डस्टर लेकर बच्चों को पढ़ाने वाले बैद्यनाथ राम की आवाज अब संसद के सदन में गूंजेगी।नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम जी से आज वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कमिटी के पदाधिकारी उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कमिटी के पदाधिकारीयों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर राज्यसभा सदस्य बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।मुलाकात के दौरान वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कमिटी के अध्यक्ष संदीप पासवान ने विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं सहित पासवान समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।
वहीं राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम जी ने भी पासवान समाज के विकास और जनहित के कार्यों में हरसंभव सहयोग का भरोसा जताया। वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कमिटी के पदाधिकारियों और सांसद के बीच हुई यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कमिटी के अध्यक्ष संदीप पासवान, जिला महासचिव संजय पासवान, जिला उपाध्यक्ष ललन पासवान, जिला प्रवक्ता बिनय मांझी, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजीव कुमार पासवान उर्फ बंटु पासवान, दिनेश पासवान, धर्मेन्द्र पासवान, रोहित रंजन शामिल थे।

## केरेडारी में ICAR द्वारा 140 किसानों के बीच धान, मक्का, मडुवा और सब्जी बीज का वितरण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**केरेडारी/हजारीबाग:** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान क्ळअफके सौजन्य से केरेडारी प्रखण्ड के गोरिया करमा गांव में रवि फसल के लिए 140 किसानों के बीच धान बीज, मक्का, मडुवा और सब्जी के बीज का वितरण किया गया। समय पर बीज मिलने से किसानों में खुशी की लहर है।

**किसानों को दी गई वैज्ञानिक जानकारी**

कार्यक्रम में प्रभारी सनत कुमार महंता और अनुसूचित जाति नोडल अधिकारी विजय बहादुर चौहान ने किसानों को बीज की बुवाई और रोपण का वैज्ञानिक तरीका विस्तार से बताया। प्रोड्यूसन कम्पनी के फार्मर डायरेक्टर अध्यक्ष झरीलाल महतो, तापेश्वर साव और मीनू महतो भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रखण्ड में बहुत जल्द किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी किसानों से क्ळअफसे जुड़कर योजना का लाभ उठाने की अपील की।

**कार्यक्रम में ये पदाधिकारी रहे उपस्थित:** डॉ. प्रभात, डॉ. पवित्रा के.एन., डॉ. काशीनाथ तेली, तकनीकी अधिकारी अरुण कुमार रजक, मीनू महतो, तापेश्वर साव

**किसान:** अर्जुन राम, केदार पासवान, किरण देवी, सुषमा देवी, पिंकी देवी, राजमणि देवी, बालमुकुंद दास, मंटू कुमार दास, मदन मोहन, राजू राम, उपेंद्र दास, सरजू राम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्मोत्सव मनाया

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** पाकुड़ में डॉट्टश्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्मोत्सव,भाजपा ने जिला कार्यकर्ता सम्मेलन कर योगदान को याद किया।भाजपा जिला इकाई पाकुड़ द्वारा भारत केशरी डॉट्टश्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125 वीं जन्मोत्सव के अवसर पर डॉट्टश्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्केट कांप्लेक्स,पाकुड़ में स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर भाजपा कार्यकताओं के द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया। तदोपरान्त अर्पणा मार्केट परिसर में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू की अध्यक्षता में किया गया।जिला सम्मेलन में उपस्थित वक्ताओं ने डॉट्टमुखर्जी के व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।सम्मेलन को संबोधित करते हुए ने कहा जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू ने कहा कि डॉट्टमुखर्जी को एक महान शिक्षाविद,दूरदर्शी राजनेता और प्रखर राष्ट्रभक्त बताया उन्होंने आगे कहा कि डॉट्टमुखर्जी ने भारत की एकता अखंडता और सांस्कृतिक एकता के लिए अपने जीवन समर्पित कर दिया।पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली पहली केंद्रीय मंत्री परिषद में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में डॉट्टश्यामा प्रसाद मुखर्जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।उन्होंने देश की पहली औद्योगिक नीति तैयार किया और चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स जैसे आधुनिक औद्योगिक प्रतिष्ठानों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।
पूर्व प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा कि 1950 में डॉट्ट मुखर्जी ने पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा से संबंधित नेहरू-लियाकत समझौता का विरोध करते हुए केंद्रीय मंत्री परिषद से इस्तीफा दे दिया था।इसके बाद उन्होंने कांग्रेस की नीतियों के विकल्प के रूप में 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की।जिसके वे प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनसंघ की विचारधारा ही आज भाजपा का आधार है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह व अमृत पांडेय ने कहा कि जम्मू कश्मीर में अलग संविधान अलग झंडा अलग प्रधानमंत्री की व्यवस्था के विरोध में डॉट्ट मुखर्जी ने एक देश में ₹दो विधान-दो प्रधान नहीं चलेंगे₹ का नारा दिया।11 मई 1953 को बिना परमिट जम्मू कश्मीर में प्रवेश करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और नजरबंद के दौरान 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया।आगे उन्होंने कहा कि उनके संघर्ष और बलिदान ने आगे चलकर धारा 370 हटाने और ₹एक राष्ट्र-एक विधान₹ की अवधारणा को साकार करने की मजबूत नींव रखी।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रूपेश भगत किया।जिला सम्मेलन में हिसाबी राय,साधन ठाकुर,सुमित्रा मरांडी,दीपक साह,आशीष सोरेन, सुशांत घोष,सुरेश मंडल,कर्ण मंडल,सुशील साहा, मनीष राज चौबे,सम्पा साहा,पार्वती देवी, अनिता मरांडी,पिंकी मंडल ,दिपक साहा,प्राची चौधरी, निधि गुप्ता,बृजमोहन चौबे,पंकज साह,प्रशांत हेंब्रम,मोहन मंडल मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में अब नियमित रूप से मिलेंगे चर्म रोग और ई.एन.टी. विशेषज्ञ

**धनबाद** ।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार आम जनता की सुविधा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए धनबाद के सदर अस्पताल में अब चर्म रोग तथा नाक, कान एवं गला (ईएनटी) रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर नियमित रूप से अपनी सेवाएं देंगे। इस संबंध में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ (ईएनटी स्पेशलिस्ट) डॉ. विजया बाला मुर्मू तथा चर्म रोग विशेषज्ञ (डमेर्टोलॉजिस्ट) डॉ. अलका कुमारी प्रत्येक ओपीडी दिवस पर मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध रहेंगे। रविवार को छोड़कर, सप्ताह के सभी कार्यदिवसों में मरीज इन डॉक्टरों से परामर्श ले सकते हैं। उपाधीक्षक ने बताया कि उपायुक्त की इस पहल से धनबाद और आस-पास के मरीजों को काफी राहत मिलेगी, जिन्हें इन बीमारियों के इलाज के लिए अक्सर निजी क्लीनिक या दूरदराज के अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते थे। अस्पताल प्रबंधन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे ओपीडी समय के दौरान अस्पताल पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

## 10 जुलाई के एकदिवसीय धरना को लेकर हेंदेगीर में तैयारी बैठक सम्पन्न



**केरेड़ारी/हजारीबाग:** भूमि अधिकार एवं सामाजिक न्याय समिति के बैनर तले 10 जुलाई को अंचल कार्यालय, केरेड़ारी के समक्ष प्रस्तावित एकदिवसीय धरना को सफल बनाने हेतु ग्राम हेंदेगीर में तैयारी बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक विकास महतो ने की।

**धरना में उठेंगी ये प्रमुख मांगें**

विकास महतो ने बताया कि धरना में निम्न मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा:

1. हेंदेगीर हाई स्कूल में +2 की पढ़ाई शुरू की जाए
2. +2 भवन से पुलिस कैंप हटाया जाए
3. भूमि अभिलेखों की त्रुटियों में सुधार किया जाए
4. बुंडू एवं पताल ईस्ट कोल ब्लॉक को रद्द किया जाए
5. अवैध भूमि बंदोबस्ती को निरस्त किया जाए
6. बचरा व किचटो पंचायत को पुनः केरेड़ारी प्रखंड में शामिल किया जाए

उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि 10 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में धरना में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाएं। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा की बैठक में लिए गए कई निर्णय,केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार पर जोर



**इचाक:(हजारीबाग** )इचाक भारतीय जनता पार्टी इचाक पूर्वी मंडल की संगठनात्मक बैठक सोमवार को पुराना इचाक पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि संचालन मुखिया प्रतिनिधि रविशंकर भोला ने किया।बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।बैठक में भाजपा जिला मंत्री निरंजन मेहता, पूर्वी जिला परिषद सदस्य रेणु देवी एवं मंडल अध्यक्ष अनिल मेहता ने कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाने पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में लागू जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक सरकार की उपलब्धियों और जनहित की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाकर आगामी कार्यक्रमों और चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और कार्यकताओं की मेहनत को जाता है।बैठक में महामंत्री बलराम महतो, विनय सिंह, मिथिलेश राम, दीपक कुमार, बलराम मेहता, आलोक सिंह, महेंद्र गिरी, भारत प्रसाद मेहता, लक्ष्मण प्रसाद मेहता, भारत सिंह, शंकर सोनी, आशीष सोनी, राहुल कुमार, परमेश्वर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## करोड़ों की लागत से प्रखंड -अंचल भव्य आवासीय भवन बन कर तैयार, उद्घाटन का हो रहा इंतजार

**कटकमसांडी (हजारीबाग)**कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक आवासीय भवन पूरी तरह बनकर तैयार है। निर्माण कार्य पूर्ण हुए काफी समय बीत जाने के बावजूद अब तक भवन का उद्घाटन नहीं होने और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवास आवंटित नहीं किए जाने से यह सरकारी संपत्ति उपयोग के इंतजार में खड़ी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जनता के टैक्स के पैसे से तैयार इस आवासीय परिसर का उद्देश्य प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), अंचल अधिकारी (सीओ) तथा प्रखंड एवं अंचल के अन्य कर्मियों को मुख्यालय में आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना था, ताकि वे हर समय आम जनता के लिए उपलब्ध रह सकें। उनका मानना है कि अधिकारी मुख्यालय में रहेंगे तो किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में प्रशासन की त्वरित मौजूदगी सुनिश्चित होगी और लोगों को राहत मिलेगी।कटकमसांडी के उप प्रमुख प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह ने कहा कि भवन का शीघ्र उद्घाटन कर बीडीओ, सीओ सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवास आवंटित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्वयं सरकारी आवास में रहकर जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।वहीं खूटरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रदीप मिश्रा ने कहा कि पदाधिकारियों की उदासीनता से ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अपने उद्देश्य से भटक रही है। उनका आरोप है कि कई कर्मचारी देर से कार्यालय पहुंचते हैं, जिससे दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि आवासीय परिसर चालू हो जाए तो प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार आएगा और जनता को समय पर सेवाएं मिल सकेंगी।ग्रामीणों ने बताया कि नामांतरण (म्यूटेशन), एलपीसी तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लोगों को कई बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। कई मामलों में संबंधित कर्मियों से मुलाकात भी मुश्किल होती है। ऐसे में यदि अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय स्थित आवास में रहेंगे तो आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार भटकना नहीं पड़ेगा।स्थानीय नागरिकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, क्षेत्र के विधायक एवं सांसद से मांग की है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने इस आवासीय भवन का जल्द उद्घाटन कर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवास आवंटित किया जाए। साथ ही सभी अधिकारियों को मुख्यालय स्थित सरकारी आवास में रहने का निर्देश जारी किया जाए, ताकि इस महत्वपूर्ण सरकारी परियोजना का उद्देश्य पूरा हो सके और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके।

# योगी के घर लंच, केशव के घर चाय और ब्रजेश के घर आम पार्टी के जरिये भाजपा ने दिया बड़ा संदेश



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

सा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दो दिवसीय लखनऊ दौरे ने यह साफ कर दिया कि पार्टी ने 2027 के मिशन की औपचारिक शुरूआत कर दी है। संगठनात्मक बैठकों, रणनीतिक विमर्श और सहयोगी दलों के साथ लगातार संवाद के बीच रविवार का दिन राजनीतिक संदेशों से भरा रहा। उत्तर प्रदेश की राजनीति में रविवार को केवल दावतें नहीं हुईं, बल्कि भाजपा ने लंच, मैंगो पार्टी और चाय पार्टी के जरिए 2027 की चुनावी एकजुटता का खुला संदेश दिया। देखा जाये तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुछ दृश्य केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होते बल्कि वे सीधे सत्ता और संगठन के भीतर के संदेश बन जाते हैं। वर्ष 2022 के चुनावों से ठीक पहले जिस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के घर पहुंचे थे, उसी राजनीतिक संकेत को भाजपा ने इस बार और ज्यादा व्यापक रूप में दोहराया। फर्क सिर्फ इतना रहा कि इस बार तस्वीर और भी ज्यादा मजबूत दिखाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और वरिष्ठ नेताओं का साथ में लंच, फिर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के यहां मैंगो पार्टी और उसके बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के घर चाय पार्टी ने साफ कर दिया कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उत्तर प्रदेश में किसी भी तरह के मतभेद की अटकलों को पूरी तरह खत्म करना चाहता है। योगी, केशव और ब्रजेश की साझा मौजूदगी ने केंद्रीय नेतृत्व को यह भरोसा दिला दिया कि 2027 का चुनाव भाजपा पूरी राजनीतिक एकजुटता, संगठनात्मक तालमेल और साझा रणनीति के साथ लड़ेगी। सत्ता, संगठन और सामाजिक समीकरणों को एक मंच पर लाकर भाजपा ने यह संदेश दे दिया कि चुनावी बिगुल बज चुका है और पार्टी अब पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुकी है।

देखा जाये तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के दो दिवसीय लखनऊ दौरे ने यह साफ कर दिया कि पार्टी ने 2027 के मिशन की औपचारिक शुरूआत कर दी है। संगठनात्मक बैठकों, रणनीतिक विमर्श और सहयोगी दलों के साथ लगातार संवाद के बीच रविवार का दिन राजनीतिक संदेशों से भरा रहा। दिन की शुरूआत



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा से हुई, जहां संगठन की पुरानी ताकत, पुराने अनुभव और आने वाले चुनाव की नई रणनीति पर गंभीर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि भाजपा इस बार चुनाव को केवल सत्ता बचाने की लड़ाई नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक अभियान के रूप में देख रही है।

लेकिन असली राजनीतिक संदेश तब सामने आया जब औपचारिक बैठकों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपने अंदाज को पूरी तरह राजनीतिक प्रतीकों में बदल दिया। सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और अन्य वरिष्ठ नेता उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पहुंचे, जहां आम पार्टी आयोजित की गई थी। राजनीतिक तपिश के बीच आम की मिठास ने माहौल को हल्का जरूर किया, लेकिन इसके भीतर छिपा संदेश बेहद गंभीर था।

ब्रजेश पाठक ने सभी नेताओं का स्वागत किया और प्रदेश के प्रसिद्ध आम परोसे। माहौल में राजनीतिक तनाव की जगह सहज बातचीत, हंसी और आत्मीयता दिखाई दी। सबसे चर्चित क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथ में आम उठाया, उसे दांतों से छीलते हुए मुस्कुराए और फिर उसका स्वाद लिया। वहां मौजूद नेताओं के बीच ठहाके गूंज उठे। यह दृश्य केवल एक अनौपचारिक क्षण नहीं था, बल्कि भाजपा नेतृत्व की अंदरूनी सहजता और पारस्परिक विश्वास का सार्वजनिक प्रदर्शन भी था। आम पार्टी के बाद पूरा काफिला उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास पहुंचा, जहां चाय पार्टी आयोजित की गई। यहां नितिन नवीन का पारंपरिक अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया और उन्हें भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की गई। योगी आदित्यनाथ, बीएल संतोष, ब्रजेश पाठक और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इस मुलाकात को और अधिक राजनीतिक महत्व दे दिया।

दरअसल, भाजपा अच्छी तरह जानती है कि उत्तर प्रदेश का चुनाव केवल विकास योजनाओं या चुनावी नारों से नहीं जीता जाता, बल्कि संगठनात्मक एकजुटता और सामाजिक समीकरणों की मजबूती भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। यही कारण है कि 2022 से पहले जिस तरह योगी आदित्यनाथ का केशव मौर्य के घर जाना चर्चा का केंद्र बना था, उसी तरह इस बार भी वही तस्वीर दोहराकर भाजपा ने यह संदेश देने की कोशिश की कि पार्टी में कोई दूरी नहीं है, कोई खेमेबाजी नहीं है और पूरा नेतृत्व एक साथ खड़ा है। नितिन नवीन ने भी अपने पूरे दौरे के दौरान बार-बार यही संकेत दिया कि यह समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा के विस्तार का समय है। भाजपा की रणनीति साफ दिखाई दी। एक ओर संगठन को सक्रिय करना, दूसरी ओर राजग सहयोगियों को साथ लेकर चलना और तीसरी ओर नेतृत्व की एकजुट तस्वीर को जनता के सामने रखना।

ताज होटल में आयोजित राजग सहयोगियों की बैठक में राष्ट्रीय लोक दल, निषाद पार्टी, सुभासपा और अपना दल के नेताओं ने जिस तरह 2027 में ऐतिहासिक जीत का दावा किया, उसने भाजपा की चुनावी तैयारियों को और स्पष्ट कर दिया। केशव प्रसाद मौर्य ने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा 2027 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता विकास, सुशासन और सुरक्षा चाहती है, न कि गुंडाराज और परिवारवाद।

देखा जाये तो भाजपा की पूरी कवायद का सबसे बड़ा संदेश यही था कि उत्तर प्रदेश में 2027 का चुनाव केवल सीटों का संघर्ष नहीं होगा, बल्कि राजनीतिक मनोबल, संगठनात्मक शक्ति और नेतृत्व की एकजुटता की भी परीक्षा होगा। योगी आदित्यनाथ, केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की एक साथ मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि भाजपा ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है और पार्टी अब हर स्तर पर अपने कार्यकताओं, सहयोगियों और समर्थकों को यह भरोसा दिलाना चाहती है कि सत्ता और संगठन दोनों पूरी तरह एक सुर में हैं। लखनऊ में रविवार को दिखाई दी यह राजनीतिक तस्वीर केवल चाय और आम पार्टी की तस्वीर नहीं थी, बल्कि 2027 की चुनावी पटकथा का पहला सार्वजनिक दृश्य थी।

## आज का राशिफल

स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# मानव जीवन की रक्षा के लिये पृथ्वी संरक्षण जरूरी



पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति उपेक्षा का ही परिणाम है कि हमारे द्वारा कहीं फैक्ट्रियों का गन्दा जल हमारे पीने के पानी में मिलाया जा रहा है तो कहीं गाड़ियों से निकलता धुआं हमारे जीवन में जहर घोल रहा है और घूम फिर कर यह हमारी पृथ्वी को दूषित बनाता है। पृथ्वी दिवस पूरे विश्व में 22 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम इन्वेस्ट इन अवर प्लैनेट है, जो हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह थीम संदेश देती है कि हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन्‌ 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। पिछले कुछ समय से कोरोना महामारी एवं महासंकट ने न केवल इंसानों के जीवन को खतरे में डाला है बल्कि पृथ्वी, प्रकृति एवं पर्यावरण पर भी उसके घातक असर डाला है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं कोरोना के जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाके चपेट में आ जाएंगे। कोरोना महामारी जैसी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी।

पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति उपेक्षा का ही परिणाम है कि हमारे द्वारा कहीं फैक्ट्रियों का गन्दा जल हमारे पीने के पानी में मिलाया जा रहा है तो कहीं गाड़ियों से निकलता धुआं हमारे जीवन में जहर घोल रहा है और घूम फिर कर यह हमारी पृथ्वी को दूषित बनाता है। जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है। आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे.खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है।

# राजनय की मजबूती

भारत और ब्रिटेन के बीच जो नजदीकी देखी गई है, उसे आने वाले वर्षों तक याद किया जाएगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का भारत दौरा दर्ज करने लायक मोड़ साबित हो सकता है। ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहता है, साथ ही, रक्षा मामलों में भी भारत के साथ सहयोग बेहतर करने को लालायित है। हो सकता है, ब्रिटेन की यह कोशिश इसलिए भी हो कि रूस पर भारत की निर्भरता कम हो जाए, लेकिन तब भी भारत जिस तरह से अपना हित देखते हुए मजबूती से आगे बढ़ रहा है, वह मानीखेज है। खास कामयाबी यह कि ब्रिटेन भारत को एक ओपन जनरल एक्सपोर्ट लाइसेंस जारी करेगा, जिससे रक्षा खरीद आपूर्ति में कम समय लगेगा। इसके अलावा ब्रिटेन लड़ाकू जेट बनाने में भी भारत की मदद करेगा। हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ाने की दिशा में भी वह मदद करना चाहता है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्वास्थ्य क्षेत्र में ब्रिटेन ने भारत में निवेश बढ़ाने की बात भी की है। इतना ही नहीं, दोनों देश इसी साल के अंत तक एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता भी करने वाले हैं। इस तरह का समझौता पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन अगर ब्रिटेन इस दिशा में अब बढ़ रहा है, तो भारत की बढ़ी हुई अहमियत को हम नजरंदाज नहीं कर सकते।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बोरिस जॉनसन के बीच जो गर्मजोशी देखी गई है, उस पर न केवल भारतीय कूटनीतिज्ञों, बल्कि दुनिया की भी नजर होगी। दोनों ही नेता परस्पर संबंध विस्तार के लिए व्यग्र नजर आ रहे हैं, तो दुनिया के बदलते हालात की भी इसमें भूमिका है। कूटनीतिज्ञ भी इस बात को रेखांकित करते हैं कि विश्व की राजनीति में आज भारत का जो महत्व है, वह पहले नहीं था। पहले अमेरिका, ब्रिटेन जैसे देश भारत व पाकिस्तान के साथ एक समान व्यवहार के लिए बाध्य दिखते थे। शीतयुद्ध के दौर में दोनों देशों को एक ही तराजू पर रखकर चलने की वैश्विक कोशिश ने भारत को कई बार बहुत निराश किया है। हम अपना पक्ष रखते तो थे, लेकिन उससे लाभ नहीं ले पाते थे। अब ऐसा लगता है कि दुनिया खुद आगे बढ़कर भारत के बारे में सोचना चाहती है। अमेरिकी विदेश मंत्री हों या रूसी विदेश मंत्री या चीनी विदेश मंत्री या अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, ये तमाम यात्राएं भारतीय शक्ति का प्रमाण हैं।

हमें पाकिस्तान के साथ तौलने का पश्चिमी तराजू अब शायद टूट चुका है। हमें विश्व-राजनय में अपनी वाजिब जगह और मजबूती, दोनों को कायम रखना है। एक और ताजा मामला देखें, तो एक अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने पाक-अधिकृत कश्मीर की यात्रा की, जिस पर भारत ने आपत्ति जताई, इसके बाद अमेरिकी सरकार को स्पष्ट करना पड़ा कि डेमोक्रेट सांसद की यात्रा से बाइडन सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। दुनिया में अभी कोई ऐसा देश नहीं है, जो भारत को रूस का पुराना साथी होने के नाते कठघरे में खड़ा कर दे। भारत बहुत संभलकर चल रहा है। वह न तो रूस के खिलाफ गया है, न ही यूक्रेन के विरोध में खड़ा दिखा है। यह संतुलन भारतीय राजनय का नया सशक्त पहलू है। हर हाल में भारत को अपना हित देखते हुए चलना है। साथ ही, यह भी ध्यान रखना है कि भारत सिर्फ बाजार नहीं है, कोई भी देश भारत को सिर्फ बाजार मानकर न चले। संबंधों का विस्तार उन्हीं देशों के साथ होना चाहिए, जिनको हमारी पीड़ाओं का भी अंदाजा हो। राजनय की मजबूती देश के विकास में साकार होनी चाहिए।

# भारतीय परम्पराओं का अनुपालन कर हमें संयुक्त परिवारों को बचाना होगा

पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। यदि आप सोने से पहले इसका एक चम्मच पिएंगे तो एक सप्ताह में आपका 7 किलो वजन कम हो जाएगा। भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं। इसी संदर्भ में आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श भी गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं यह सभी मिलकर भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म में विश्वास करती है इससे भारतीय नागरिकों द्वारा उपभोग में संयम बरता जाता है एवं उत्पादन में बहुलता होने की विचारधारा पर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि प्रभु इतना दीजिए कि मैं भी भूखा ना रहूं और अन्य कोई भी भूखा ना सोयह्व, यह भारतीय विचारधारा है।

भारतीय सनातन संस्कृति की विचारधारा के ठीक विपरीत आज वैश्विक बाजार शक्तियां भारत में भी उपभोक्तावाद को फैलाने का प्रयास कर रही हैं। विशेष रूप से दीपावली एवं रक्षाबंधन जैसे शुभ त्यौहारों के अवसर पर ह्वकुछ मीठा हो जाएह्व जैसे विज्ञापन देकर यह विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जाता है कि भारतीय मिठाइयों एवं व्यंजनों जैसे जलेबी, इमरती तथा दूध एवं खोए से बनी मिठाईयां खाने से मधुमेह का रोग हो जाता है, अतः सदियों से भारत में उपयोग हो रहे इन स्वादिष्ट व्यंजनों के स्थान पर केडबरी चाकलेट अधिक स्वास्थ्यवर्धक है, जिसका अधिक उपयोग करना चाहिए। इस प्रकार, भारी भरकम राशि खर्च कर, विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा निर्मित मीठे पदार्थों को, विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से भारतीय समाज के मानस पर उतारने का प्रयास किया जाता है। साथ ही, विभिन्न भारतीय त्यौहारों के समय वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा यह भी कह कर कि, दीपावली के शुभ अवसर पर जलाए जाने वाले फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं;



## कमला बलान के उफान से चार गांव बने टापू, सड़क संपर्क टूटा, हजारों लोग फंसे



**एजेंसी**

**दरभंगा:** दरभंगा के कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड में कमला बलान नदी की बाढ़ ने चार गांवों को लगभग टापू में बदल दिया है. इटहर, चौकिया, लक्ष्मीनिया और बलथरबा गांव का सड़क संपर्क टूट चुका है. हालात ऐसे हैं कि अस्पताल जाना हो, बाजार पहुंचना हो या बच्चों को स्कूल भेजना हो, हर काम के लिए ग्रामीणों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है. बाढ़ का असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है. कई स्कूलों तक पहुंचना संभव नहीं है, जिससे कक्षाएं छूट रही हैं. वहीं खेतों में खड़ी फसल पानी में डूबने लगी है और पशुओं के लिए चारे का संकट भी गहरा गया है.

**नाव ही बना लोगों का एकमात्र सहारा**

बाढ़ के कारण सड़क संपर्क टूटने से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की मुश्किलें सबसे ज्यादा बढ़ गई हैं. जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोगों को जान जोखिम में डालकर नाव से नदी पार करनी पड़ रही है. गांव से बाहर निकलने का कोई दूसरा सुरक्षित रास्ता फिलहाल नहीं बचा है. सड़कें पानी में बह चुकी हैं या पूरी तरह डूब गई हैं. हालांकि, पिछले दो दिनों में कमला बलान नदी के जलस्तर में कुछ कमी दर्ज की गई है, लेकिन ग्रामीणों की चिंता अभी भी बरकरार है. उनका कहना है कि यदि दोबारा तेज बारिश हुई या नदी में अतिरिक्त पानी छोड़ा गया तो स्थिति फिर गंभीर हो सकती है.

**चार पंचायतों पर मंडरा रहा बड़ा खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि अगर अगले कुछ दिनों में फिर तेज बारिश हुई या कमला बलान नदी का जलस्तर बढ़ा, तो नौ पंचायतों में से कम से कम चार पंचायतों के हजारों लोग बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं. ग्रामीणों का यह भी कहना है अब तक प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री, सरकारी नाव या अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है. लोग अपने स्तर पर किसी तरह हालात का सामना कर रहे हैं.

**नाव चालक वसूल रहे मनमाना किराया**

बाढ़ की मजबूरी का फायदा उठाते हुए कुछ निजी नाव चालक प्रति व्यक्ति एक तरफ के सफर के लिए 10 से 20 रुपये तक वसूल रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना आने-जाने वालों के लिए यह अतिरिक्त खर्च भी बड़ी परेशानी बन गया है.

**प्रशासन से तत्काल राहत की मांग**

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और अंचलाधिकारी से प्रभावित गांवों में अतिरिक्त नाव उपलब्ध कराने, राहत सामग्री पहुंचाने, तटबंध की मजबूती सुनिश्चित करने और ऊंचे स्थानों पर अस्थायी राहत शिविर बनाने की मांग की है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सरकारी नाव, राहत सामग्री और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं. लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द राहत कार्य तेज करेगा.

## बिहार के 20 लाख पीएफ खाताधारकों के लिए राहत, ईपीएफओ अब 3 दिन में करेगा भुगतान, देरी पर अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**एजेंसी**

**बिहार:** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ खाताधारकों को बड़ी राहत देते हुए क्लेम निपटान प्रक्रिया को पहले से अधिक तेज और पारदर्शी बना दिया है. नई व्यवस्था के तहत पात्र सदस्यों के पीएफ दावों का निपटारा अब केवल तीन कार्यदिवस में किया जाएगा.

**इन सदस्यों को मिलेगा सबसे तेज लाभ**

क्षेत्रीय आयुक्त हेमंत कुमार के अनुसार जिन सदस्यों का यूएएन आधार से लिंक है, बैंक खाता सत्यापित है और केवाईसी पूरी तरह अपडेट है, उन्हें इलाज, शिक्षा, विवाह, मकान निर्माण और बेरोजगारी जैसे कारणों के लिए पीएफ की राशि जल्द मिल सकेगी.




**20 दिन से ज्यादा देरी पर होगी कार्रवाई**

नई व्यवस्था के तहत यदि किसी क्लेम के निपटारे में बिना उचित कारण 20 दिन से अधिक की देरी होती है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी. ऐसे मामलों में अधिकारी पर 12 प्रतिशत पेनल इंटरेस्ट भी लगाया जा सकता है. हालांकि अतिरिक्त जांच वाले मामलों में यह नियम अलग हो सकता है.ऑटो-सेटलमेंट की सीमा बढ़कर 5 लाख रुपये हुई

ईपीएफओ ने ऑटो-सेटलमेंट की सीमा भी बढ़ा दी है. पहले यह सीमा 1 लाख रुपये थी, जिसे अब बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है. इससे अधिक संख्या में क्लेम बिना मैन्युअल जांच के निपटाए जा सकेंगे और कागजी प्रक्रिया भी कम होगी.

**बिहार के 20 लाख से अधिक सदस्य होंगे लाभान्वित**

बिहार में ईपीएफओ के करीब 20 लाख सदस्य हैं. नई व्यवस्था लागू होने के बाद लाखों खाताधारकों को क्लेम की राशि कम समय में मिलने का लाभ मिलेगा.

# लड़की की शादी होने के बाद भी ब्लैकमेल कर रहा था प्रेमी..' गया हत्याकांड में पुलिस का खुलासा



**एजेंसी**

**गया :** बिहार के गया में बीते दिन एक युवक की हत्या की घटना सामने आई थी. इस हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. मामले में दो की गिरफ्तारी हुई है. वहीं, एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है.

**युवक की हत्या मामले में पुलिस का खुलासा :** बीते दिन वजीरगंज थाना के पुनावां गांव स्थित पहाड़ी के पास से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया था. मृतक की पहचान गया के बुनियादगंज थाना अंतर्गत हेड मानपुर के रहने वाले रोशन कुमार उर्फ रॉकेट के रूप में हुई थी.

**युवक की हत्या का खुला राज :** रोशन की हत्या मारपीट करके रस्सी बांधकर उसका गला घोंटकर की गई थी. अब इस मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. पुलिस ने इस मामले में दो को गिरफ्तार किया है. वहीं, एक नाबालिक को निरुद्ध किया है. मृतक चार पहिया वाहन की ड्राइवरी का काम करता था.

**शादीशुदा हुई प्रेमिका को करना चाह रहा था ब्लैकमेल :** घटना का कारण प्रेम प्रसंग से जुड़ा पाया गया है. बताया जाता है, कि एक युवती के साथ पूर्व से रोशन का प्रेम प्रसंग था. उक्त युवती की शादी हो जाने के बाद भी रोशन के द्वारा पुराने फोटो- वीडियो दिखा कर शादीशुदा युवती पर संबंध बनाए रखने का दबाव बनाया जा रहा था.

**'समझाने के बाद नहीं माना तो कर दी हत्या' :** कई बार समझाने के बावजूद वह नहीं माना. इसके बाद उसकी हत्या की घटना को अंजाम दिया गया. हत्या के इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों में सावन कुमार हेड मानपुर, शुभम कुमार अलीपुर दोनों बुनियादगंज थाना क्षेत्र निवासी हैं. पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त हुए चार पहिया वाहन की बरामदगी कर ली है.

**ऐसे सामने आया था मामला :** बीते 4 जुलाई की सुबह को वजीरगंज थाना के पुनावां पहाड़ी के पीछे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी. सूचना के बाद वजीरगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया था.

**FSL की टीम ने की जांच :** इस मामले में एफएसएल की टीम को भी जांच के लिए लगाया गया था. घटना को लेकर मृतक के पिता के लिखित शिकायत पर वजीरगंज थाना में कांड संख्या 383/26 दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी. पुलिस की विशेष टीम ने इस मामले में आसूचना संकलन और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई शुरू की और प्राथमिकी दर्ज होने के कई घंटे बाद ही कांड में शमिल अपराधियों तक पहुंच गई.

**हत्याकांड में दो गिरफ्तार और एक नाबालिग पकड़ाया :** इस हत्याकांड में दो को गिरफ्तार किया और एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया. पकड़ाए अभियुक्तों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार किया है. पुलिस को बताया है, कि हमारे रिश्तेदार से जुड़ी एक युवती से रोशन का पूर्व से प्रेम-प्रसंग था. युवती की शादी हो जाने के बाद भी वह पुराने फोटो -वीडियो दिखाकर उस पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था. काफी समझाने के बावजूद वह नहीं मान रहा था. मजबूर होकर सभी अभियुक्तों ने आपस में योजना बनाकर उसकी हत्या कर दी.

## संक्षिप्त खबर

### बिहार के श्रमिकों को किया जाएगा ट्रेंड, रात में कारखाने में सोने पर होगी मनाही, आपदा सेल का होगा गठन



**बिहार:** बिहार के सभी छोटे-बड़े कारखानों में श्रमिक सुरक्षित वातावरण में काम करेंगे. दूसरे राज्यों में हाल में हुई घटनाओं को देखते हुए श्रम संसाधन विभाग ने कारखानों में श्रमिकों के लिए सुविधाएं बढ़ाने का निर्देश दिया गया है.विभाग ने आदेश दिया है कि सभी कारखानों में श्रमिकों की सुरक्षा को देखते हुए आपदा सेल का गठन किया जाए. सुरक्षा सेल में ट्रेंड श्रमिकों को रखा जायेगा. जिनका प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से कराया जायेगा. इन ट्रेंड श्रमिकों को कारखानों में आपदा के दौरान श्रमिकों के बचाव को लेकर पूरी तरह से ट्रेंड किया जायेगा.विभाग के मुताबिक कारखानों की नियमित जांच रिपोर्ट बनाकर विभाग के पोर्टल पर अपलोड करना होगा. रिपोर्ट में सेल में शामिल सभी श्रमिकों का हस्ताक्षर जरूरी रहेगा. ताकि श्रमिकों की सुरक्षित वातावरण में काम कर सकें.विभाग ने निर्देश दिया है कि जांच के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि रात में कारखाना बंद होने के बाद एक भी श्रमिक कारखाना में नहीं सोयेंगे. पूर्व में दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में कुछ घटनाएं घटी है, जिसमें रात में कारखाना में आग लगी और कई श्रमिकों की मौत तक हो गई, क्योंकि वह उसी कारखाना में सो रहे थे. इस कारण से विभाग ने कारखानों को निर्देश दिया है.कारखानों में सुरक्षा दिवस और सप्ताह मनाया जायेगा. इसको लेकर सभी कारखानों को दिशा-निर्देश जारी किया गया है. अब कारखानों में नियमित मॉक ड्रील होंगे. जिसमें कारखाना के सभी कामगार और कर्मी रहेंगे. इन्हें काम करने के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में बताया जाएगा, ताकि कामगार दुर्घटना के बाद कम से कम चोटिल हो.

### सऊदी से लौटे पति ने पत्नी की गला रेतकर हत्या की, बिहार में सनसनीखेज वारदात

**मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव में एक महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है. घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. मृतका की पहचान रिंकू देवी के रूप में हुई है. परिजनों ने महिला के पति पर हत्या का आरोप लगाया है. सूचना मिलने पर राजेपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, मामले की जांच की जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार, महिला का पति विदेश में नौकरी करता था. रिंकू देवी पिछले करीब एक महीने से अपने मायके नवादा गांव में रह रही थी. परिजनों का महिला के पति मनोज भगत पर हत्या का आरोप लगाया है. उन्होंने बताया कि पति विदेश से लौटने के बाद शुक्रवार शाम अपने ससुराल पहुंचा. रात में खाना खाने के बाद जब सभी लोग सो गए, तब उसने धारदार हथियार से पत्नी का गला रेतकर हत्या कर दी और पीछे के रास्ते से फरार हो गया. महिला की बहन ने बताया कि पति-पत्नी के बीच पिछले कई वर्षों से विवाद चल रहा था. उनके अनुसार, ससुराल पक्ष को रिंकू देवी पसंद नहीं थी और इस बात को लेकर कई बार विवाद एवं पंचायत भी हो चुकी थी. वहीं, मृतका की दूसरी बहन ममता देवी ने बताया कि घटना की सूचना उन्हें फोन पर मिली. उन्होंने भी कहा कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था. मृतका की मां ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया जाता था. उसके साथ मारपीट की जाती थी और कई बार खाना भी नहीं दिया जाता था. महिला की मां ने दावा किया कि ससुराल पक्ष अपने बेटे की दूसरी शादी करना चाहता था. इस संबंध में उन्होंने पहले भी पुलिस से शिकायत की थी. उनके अनुसार, उस समय पुलिस ने पति के विदेश से लौटने के बाद दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कराने की बात कही थी. डीएसपी अभिजीत कौर ने बताया कि नवादा गांव में महिला की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची. प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है. एफएसएल सहित अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है. हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार की भी तलाश की जा रही है. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.

### इन 4 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्र में जमीन-खरीद बिक्री पर रोक, नहीं होंगे नए निर्माण कार्य

**सीतामढ़ी:** बिहार में 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप को विकसित किया जाएगा. इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है. इस बीच नगर विकास एवं आवास विभाग ने बड़ा फैसला लिया है. नगर विकास एवं आवास विभाग का कहना है कि यह कदम प्रस्तावित टाउनशिप के सुनियोजित और व्यवस्थित विकास को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है. यह आदेश 26 जून 2026 से प्रभावी अधिसूचना के तहत लागू किया गया है और इसका उद्देश्य टाउनशिप का मास्टर प्लान तैयार होने तक क्षेत्र में अनियोजित विकास को रोकना है.अधिसूचना के अनुसार यह निर्णय बिहार शहरी आयोजन तथा विकास अधिनियम, 2012 की धारा 9(7) तथा बिहार शहरी आयोजन एवं विकास नियमावली, 2014 के नियम 9(8) के तहत लिया गया है. इसके साथ ही यह अधिसूचना विभाग के संकल्प संख्या-6608, दिनांक 19 जून 2026 के साथ सहपठित होगी.सीतामढ़ी आयोजन क्षेत्र का किया गया विस्तारः नगर विकास एवं आवास विभाग ने 26 जून 2026 को जारी अधिसूचना के माध्यम से सीतामढ़ी आयोजन क्षेत्र का विस्तार किया है. इसी विस्तारित क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुरम ग्रीन फील्ड सैटलाइट टाउनशिप का विशेष क्षेत्र निर्धारित किया गया है. जहां मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा. अधिसूचना के साथ जारी अनुसूची के अनुसार कोर क्षेत्र में मुख्य रूप से डुमरा प्रखंड के पुनौरा तथा सीतामढ़ी नगर निगम के वार्ड संख्या 6 और 7 को शामिल किया गया है. यही क्षेत्र प्रस्तावित सैटलाइट टाउनशिप का प्रमुख केंद्र माना जा रहा है. विशेष क्षेत्र में शामिल किए गए गांव सरकार द्वारा अधिसूचित विशेष क्षेत्र में डुमरा प्रखंड के कई गांवों को शामिल किया गया है. इनमें प्रमुख रूप से लोहड़िया, कोकना, मनियारी, बखरी, रामपुर परौली, बरहरवा, बनचौरी, खैरबा, हरिछपरा, बेरवास, भवप्रसाद, मुरादपुर, करनहिया, खरका, पुनौरा और मधुबन शामिल हैं. इसके अलावे सीतामढ़ी नगर निगम के वार्ड संख्या 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 19, 20 और 21 को भी विशेष क्षेत्र का हिस्सा बनाया गया है.वहीं, परसौनी और रीगा के गांव भी दायरे में विशेष क्षेत्र का विस्तार केवल डुमरा तक सीमित नहीं रखा गया है. परसौनी प्रखंड के देमा गांव को भी इसमें शामिल किया गया है. रीगा प्रखंड के कई गांवों को भी अधिसूचित क्षेत्र में शामिल किया गया है इनमें पकड़ी, सिमरी, भोरहा, भगवानपुर, पिपराढ़ी, साखी, रेवासी, मकसूदपुर, भवदेपुर, मठवा, बलुआ, इजरहिया, भवानीपुर, रामनगर, नरसामा और अन्हारी सहित अन्य गांव शामिल हैं.

## बांकीपुर उपचुनाव : आज से नामांकन शुरू, सुरक्षा के कड़े इंतजाम, उम्मीदवारों के साथ सिर्फ 5 लोगों को मिलेगी एंट्री

**एजेंसी**

**पटना :** पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए आज सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने वाली है. चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, उम्मीदवार 13 जुलाई तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे. नामांकन को लेकर पटना जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दिए हैं.

**सुबह 11 से दोपहर 3 बजे दाखिल कर सकेंगे नामांकन**

उम्मीदवार पटना कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पटना सदर अनुमंडल कार्यालय की दूसरी मंजिल पर डीसीएलआर कोर्ट रूम में नामांकन दाखिल करेंगे. नामांकन केवल कार्यदिवसों में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही लिए जाएंगे. 14 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी. जबकि 16 जुलाई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे. इसके बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी.

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

नामांकन को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास अतिरिक्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है. उम्मीदवारों और अधिकृत लोगों को केवल गेट नंबर-1 से ही प्रवेश मिलेगा. कारगिल चौक से कलेक्ट्रेट तक सुरक्षा एजेंसियां लगातार निगरानी रखेंगी. गांधी मैदान थाना पुलिस को भी विशेष सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं.

**सिर्फ पांच लोगों को मिलेगी अनुमति**

प्रशासन ने साफ किया है कि किसी भी उम्मीदवार के साथ नामांकन कक्ष में अधिकतम पांच लोग ही जा सकेंगे. उम्मीदवार केवल तीन वाहनों का इस्तेमाल कर सकेंगे. कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर निजी वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, ताकि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो.

**हथियार और बॉडीगार्ड पर रोक**

नामांकन स्थल पर किसी भी तरह का लाइसेंसी हथियार ले जाने की अनुमति नहीं होगी. यदि किसी उम्मीदवार के साथ सुरक्षा कर्मी या बॉडीगार्ड होंगे, तो उन्हें नामांकन स्थल से 100 मीटर पहले ही रोक दिया जाएगा. केवल अधिकृत लोगों को ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी.

**आपात स्थिति के लिए भी तैयारी**

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कारगिल चौक के पास सुबह 8 बजे से एम्बुलेंस, डॉक्टरों की टीम और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रहेगी. वहीं पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे.

## बिहार के इस ऐतिहासिक स्थल की बदल जाएगी तस्वीर, सरकार ने दी करीब 20 करोड़ की सौगात

**एजेंसी**

**बिहार:** पूर्वी चंपारण को बिहार के पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है. विश्व प्रसिद्ध केसरिया बौद्ध स्तूप और ऐतिहासिक-पौराणिक सीताकुंड धाम को बिहार सरकार की मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना और पर्यटन विकास योजनाओं में शामिल किया गया है. इससे इन दोनों पर्यटन स्थलों का विकास तेज होगा, वहीं स्थानीय लोगों, खासकर महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे.

**अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र बनेगा केसरिया स्तूप**

दुनिया के सबसे ऊंचे और विशाल बौद्ध स्तूपों में शामिल केसरिया स्तूप को लगभग 75 एकड़ क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है. परियोजना के तहत करीब 19.77



करोड़ रुपये की लागत से पर्यटकीय सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है. यहां पर्यटकों के लिए कैफेटेरिया, टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर, पार्किंग सहित आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी. इसके अलावा आठ प्रमुख बौद्ध स्थलों की प्रतिकृतियां (रिप्लिका) भी बनाई जाएंगी, ताकि पर्यटकों को एक ही स्थान पर बौद्ध विरासत की झलक मिल सके.

**क्या है मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना?**

मुख्यमंत्री होमस्टे प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य पर्यटन स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों को स्वरोजगार से जोड़ना है. इसके तहत पात्र लाभार्थी अपने घरों को होमस्टे के रूप में विकसित कर सकेंगे. योजना के अनुसार प्रति कमरे 2.50 लाख रुपये की सब्सिडी मिलेगी. अधिकतम चार कमरों तक कुल 10 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा. इसके अलावा महिलाओं और युवाओं को 25 हजार रुपये प्रति कमरा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी.

**5 किलोमीटर के दायरे के लोगों को मिलेगा लाभ**

इस योजना का लाभ केवल उन घरों को मिलेगा, जो पर्यटन स्थलों से पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं. सरकार का मानना है कि इससे स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक खान-पान और हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा. साथ ही होटल, गाइड, परिवहन और अन्य पर्यटन आधारित सेवाओं में भी रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे पूर्वी चंपारण की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी.

## सोनपुर के विभास्कर कुमार का भारतीय टीम में चयन, एशियाई चैंपियनशिप में भारत के लिए दौड़ेंगे

**एजेंसी**

**बिहार:** सारण जिले के सोनपुर का होनहार धावक विभास्कर कुमार अब अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स ट्रैक पर भारत की उम्मीद बनकर उभरा है. आगामी 9 से 12 जुलाई तक चीन के ऑर्डोस (Ordos) शहर में आयोजित अंडर-23 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा घोषित भारतीय टीम में विभास्कर का चयन हुआ है. वह 100 मीटर दौड़ और 4x100 मीटर रिले स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे.

**10.36 सेकेंड की दौड़ ने दिलाया अंतरराष्ट्रीय मंच**

विभास्कर कुमार ने इस वर्ष रांची में आयोजित फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुष 100 मीटर हीट में 10.36 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर सभी को चौंका दिया था. इसी शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया.



**संघर्ष से सफलता तक का सफर**

सोनपुर के रहने वाले विभास्कर ने महज 13 वर्ष की उम्र में दौड़ना शुरू किया था. पढ़ाई के दौरान वे अपने चाचा के पास हैदराबाद चले गए, जहां स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा निखारी.वर्ष 2019 में हैमस्ट्रिंग की गंभीर चोट और कोरोना महामारी के कारण उनका करियर कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ. बावजूद इसके उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार मेहनत जारी रखी.बाद में बिहार सरकार के खिलाड़ियों के एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत उन्हें बेंगलुरु में कोच मनोज लोगराज के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का अवसर मिला, जिसने उनके प्रदर्शन को नई ऊंचाई दी.

**रिले टीम में भी मिली जगह**

भारतीय टीम में विभास्कर कुमार का चयन 100 मीटर के अलावा 4x100 मीटर रिले टीम में भी किया गया है. रिले टीम में उनके साथ सम वसंत, हर्ष राउत, मोहम्मद शान और लैकिक मेलगे शामिल हैं.

**बिहार के लिए गर्व का क्षण**

जिला एवं राज्य एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सलीम परवेज ने कहा कि विभास्कर की उपलब्धि बिहार के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है. उन्होंने कहा कि अब बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं.वहीं एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विभास्कर ने अपनी मेहनत और शानदार गति के दम पर एशियाई स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जगह बनाई है. पूरे बिहार को उनसे पदक की उम्मीद है.

**बधाइयों का लगा तांता**

विभास्कर कुमार के चयन पर एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव नीलाभ गुंजन राका, राष्ट्रीय ऑफिशियल अमित सौरभ, संजय सिंह, श्यामदेव सिंह, राजकिशोर तिवारी, निर्मल ठाकुर सहित कई खेल पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की.


## वन स्टॉप सेंटर में तैनात होंगी महिला गार्ड, घरेलू हिंसा की पीड़ित महिलाओं की बढ़ेगी सुरक्षा




**एजेंसी**

**बिहार:** बिहार में हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए बिहार समाज कल्याण विभाग बड़ा कदम उठाने जा रहा है. राज्य के सभी वन स्टॉप सेंटर (सखी सेंटर) में महिला सुरक्षा गार्ड की तैनाती की तैयारी शुरू कर दी गई है. इस पहल से घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, यौन उत्पीड़न और अन्य प्रकार की हिंसा की शिकार महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा. बिहार के सभी जिलों में फिलहाल 61 वन स्टॉप सेंटर संचालित किए जा रहे है, जहां अभी रात के वक्त पुरुष गार्ड तैनातै है. इससे पीड़ित महिलाएं रुकने से हिचकती हैं. इस समस्या को देखते हुए महिला गार्ड की नियुक्ति की योजना बनाई गई है. वर्तमान में वन स्टॉप सेंटर में 5 बेड की सुविधा है, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं वहां रुक सके. सुरक्षा की कमी के कारण कई जगह पीड़ित महिलाओं को अन्य आश्रय स्थलों जैसे शांति कुटीर में भेजना पड़ता है.राज्य के कई जिलों में अल्पावास गृह या तो बंद हो चुके हैं या सीमित रूप से चल रहे हैं. पटना में दो शांति कुटीर संचालित हैं, जहां दर्जनों महिलाओं को रखा जाता है. इनमें बड़ी संख्या में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाएं शामिल रहती हैं.महिला सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति केवल चयन से नहीं होगी, बल्कि उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. प्रशिक्षण में सुरक्षा प्रबंधन, आपातकालीन स्थिति से निपटना, पीड़ित महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी शामिल होगी.

## खबर संक्षेप



### आरबीआई ने बैंक ऑफ बड़ौदा पर जुर्माना लगाया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि नियामकीय मानकों के कुछ प्रावधानों के अनुपालन में कमी पाए जाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) पर 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि 31 मार्च, 2025 तक की वित्तीय स्थिति के आधार पर बैंक का वैधानिक निरीक्षण किया गया था और इसके बाद उसे नोटिस जारी किया गया। बैंक से मिले जवाब पर विचार करने के बाद आरबीआई ने पाया कि कुछ ऋण खातों में बैंक ने तय ब्याज दर से अधिक ब्याज वसूला।

### चालू वित्त वर्ष में वस्तु व सेवा निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने चालू वित्त वर्ष में वस्तु निर्यात को बढ़ाकर करीब 530 अरब



डॉलर तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जो लगभग 16-17 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। गोयल ने यहां 'व्यापार बोर्ड' की बैठक में कहा कि सेवा क्षेत्र के निर्यात के लिए 2026-27 में लगभग 470 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा गया है, जो करीब 11 प्रतिशत वृद्धि के बराबर है।

### अमरनाथ मार्ग पर एयरटेल मोबाइल नेटवर्क का विस्तार

**श्रीनगर।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ की पवित्र गुफा तक जाने वाले दोनों मार्गों पर अपने मोबाइल नेटवर्क के विस्तार की घोषणा की। यह घोषणा 57 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा की शुरुआत के साथ हुई। यह यात्रा अनंतनाग जिले के 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से संचालित होती है।

### ओडिशा में निवेश के लिए जापानी कंपनी से करार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने एसीएमई समूह और जापान की आईएचआई कॉरपोरेशन के साथ 67,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित



निवेश के लिए सहयोग ज्ञापन (एमओसी) पर हस्ताक्षर किए। इस निवेश का मकसद हरित औद्योगीकरण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और जापान के उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई बैठक के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। माझी ने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के बीच नयी दिल्ली में हुई वार्ता के एक दिन बाद हुआ।

### मांग बढ़ने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल में सुधार

**नई दिल्ली।** सूरजमुखी तेल से सस्ता होने तथा बिनौला तेल की उपलब्धता बेहद कम रहने के बीच मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-



तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल-तिलहन तथा कम उपलब्धता के बीच मांग बढ़ने से बिनौला तेल के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। ऊंचे दाम पर कमजोर लिवाली से सरसों तेल-तिलहन, बीते सप्ताह प्लांट वालों द्वारा खरीद का दाम घटाने की वजह से सोयाबीन तेल-तिलहन, लागत से नीचे दाम की बिकवाली की वजह से कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम गिरावट के साथ बंद हुए।

# अब लोन व वसीयत में मिले पैसे की देनी होगी जानकारी, टैक्स पर नहीं पड़ेगा असर

## आयकर विभाग ने अपनी ऑनलाइन फाइलिंग वेबसाइट में नया कॉलम जोड़ा

नई दिल्ली

देशभर में असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) भरने का सिलसिला शुरू हो चुका है। अगर आप भी इस साल अपना टैक्स रिटर्न दाखिल करने की तैयारी कर रहे हैं, तो ई-फाइलिंग पोर्टल पर आपको एक बहुत बड़ा बदलाव नजर आएगा। आयकर विभाग ने अपनी ऑनलाइन फाइलिंग वेबसाइट के साथ-साथ जेसन यूटिलिटी में एक बिल्कुल नया कॉलम जोड़ दिया है। इस नए सेक्शन का नाम 'रिसिप्ट नाट इन दी नेटर ऑफ इनकम' रखा गया है। टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के मकसद से यह नया विकल्प फिलहाल केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पेश किया गया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि अगर आप सरकार की तरफ से नोटिफाई किए गए आधिकारिक आईटीआर फॉर्म का पीडीएफ वर्जन देखेंगे, तो उसमें यह कॉलम कहीं नजर नहीं आएगा। इसे मुख्य रूप से ऑनलाइन फाइलिंग पोर्टल और डिजिटल यूटिलिटी का ही हिस्सा बनाया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि जब आप अपना रिटर्न ऑनलाइन सबमिट करने जाएंगे, तभी आपको इस नए सेक्शन में अपनी वित्तीय जानकारी दर्ज करनी होगी।

### टैक्स देनदारी पर नहीं पड़ेगा असर

इस नए अपडेट से आम करदाता को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। टैक्स मामलों के विशेषज्ञों ने स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट कर दी है। इस नए कॉलम के जुड़ने से आपकी टैक्स देनदारी पर एक रुपये का भी अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने वाला है। वेद जैन एंड एसोसिएट्स के पार्टनर अंकित जैन के अनुसार, अब तक करदाताओं के लिए सिर्फ 'एक्जेम्ट इनकम' यानी टैक्स-फ्री कमाई का ब्योरा देना अनिवार्य होता था, जो नियम आगे भी जस का तस लागू रहेगा। हालांकि, इस नए विकल्प के जरिए आयकर विभाग केवल उन पैसों का स्पष्ट हिसाब मांग रहा है, जो देखने में आपकी आय जैसे लग सकते हैं, लेकिन कानूनी रूप से वे आपकी आय का हिस्सा नहीं होते।



### नए कॉलम में सभी प्राप्तियों की घोषणा करनी है

अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि इस नए सेक्शन में आखिर किन पैसों का जिक्र करना होगा। टैक्स एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस कॉलम में आपको उन सभी प्राप्तियों की घोषणा करनी है जो आय की परिभाषा में फिट नहीं बैठती हैं। इनमें मुख्य रूप से किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या व्यक्ति से लिया गया कर्ज, वसीयत या विरासत में मिली कोई भी संपत्ति या नकद रकम शामिल है। इसके अलावा, अगर आपने अपनी कोई निजी संपत्ति बेची है या किसी ग्रामीण इलाके में मौजूद कृषि भूमि की बिक्री से आपको कोई बड़ी रकम मिली है, तो उसकी जानकारी भी आपको इसी जगह देनी होगी।

## पश्चिम एशिया तनाव कम होने के बाद सरकार ने उठाया कदम

# एलएनजी आपूर्ति सामान्य होने पर सरकार ने गैस पर लगाए आपात 'प्रतिबंध' वापस लिए

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और होर्मुज जलडमरूमध्य से एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति सामान्य होने के बाद केंद्र सरकार ने प्राकृतिक गैस आपूर्ति पर लगाए गए अधिकांश आपातकालीन प्रतिबंध वापस ले लिए हैं।

- अब तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हुई सामान्य

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 में संशोधन करते हुए उन प्रमुख प्रावधानों को हटा दिया, जिनके तहत घरेलू और आयातित गैस की आपूर्ति सरकार द्वारा तय प्राथमिकता सूची के अनुसार की जा रही थी। सरकार ने यह आपात व्यवस्था नौ मार्च को पश्चिम एशिया में संघर्ष के आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत लागू की थी। उस समय अमेरिका और इजरायल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों और उसके जवाब में ईरानी कार्रवाई के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से एलएनजी की आवाजाही प्रभावित हो गई थी। कई आपूर्तिकर्ताओं ने अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) को लागू कर दिया था, जिससे भारत सहित कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई थी।





### समुद्री यातायात फिर से शुरू हो चुका

मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा कि अब क्षेत्र में युद्धविराम लागू है, बातचीत जारी है और होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात फिर से शुरू हो चुका है। ऐसे में गैस आपूर्ति पर लगाए गए आपात प्रतिबंधों को जारी रखने की आवश्यकता नहीं रह गई है। पश्चिम एशिया संकट के दौरान सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तीन बड़े कदम उठाए थे।

### एलएनजी उत्पादन बढ़ाना का दिया था निर्देश

इनमें प्राकृतिक गैस आपूर्ति का नियंत्रण, रिफाइनरियों को पेट्रोरसायन के फीडस्टॉक की जगह एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश और थोक उपभोक्ताओं को डीजल की बिक्री सीमित करना शामिल था। एलपीजी उत्पादन और डीजल बिक्री से जुड़े दोनों प्रतिबंध पहले ही वापस लिए जा चुके हैं, जबकि अब गैस आपूर्ति से जुड़े प्रावधान भी समाप्त कर दिए गए हैं।

### जरूरत का 88 प्रतिशत आयात के जरिए पूरा होता है

भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की करीब आधी आवश्यकता आयात के जरिये पूरी करता है। देश के कुल कच्चे तेल आयात का 40-45 प्रतिशत और एलएनजी आयात का करीब 65 प्रतिशत पश्चिम एशिया से आता है। यही वजह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह का व्यवधान भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती माना जाता है।

### आवंटन का अधिकार सरकार के पास था

मार्च में लागू आपात आदेश के तहत घरेलू गैस, आयातित एलएनजी और री-गैसीफाइड एलएनजी के आवंटन का अधिकार सरकार के पास था। उस समय घरों को आपूर्ति की जाने वाली पाइप वाली गैस (पीएनजी), परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी, एलपीजी उत्पादन और पाइपलाइन संचालन को उनकी औसत खपत के आधार पर पूरी आपूर्ति सुनिश्चित की गई थी।

### उर्वरक संयंत्रों को 70 फीसदी गैस देने का प्रावधान किया था

उर्वरक संयंत्रों को उनकी औसत जरूरत का 70 प्रतिशत और औद्योगिक उपभोक्ताओं को 80 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया था। इन प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए पेट्रोरसायन संयंत्रों और गैस आधारित बिजलीघरों की गैस आपूर्ति में कटौती की गई थी। वहीं, तेल रिफाइनरियों को भी अपनी औसत गैस खपत लगभग 65 प्रतिशत तक सीमित रखने के निर्देश दिए गए थे।

# एसबीआई करेगा 1,500 प्रोबेशनरी अधिकारियों की इस वर्ष नियुक्ति

नई दिल्ली





सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने कारोबार के विस्तार को गति देने के लिए इस वर्ष 1,500 'प्रोबेशनरी' यानी प्रशिक्षु अधिकारियों की भर्ती करने की योजना बनाई है।

- अधिसूचना के अनुसार 1446 नियमित और 54 पद लंबित श्रेणी के लिए

एसबीआई द्वारा जारी भर्ती अधिसूचना के अनुसार, कुल 1,500 पदों में 1,446 नियमित रिक्तियां हैं, जबकि 54 पद लंबित श्रेणी की रिक्तियों के हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि आठ जुलाई है और बैंक को उम्मीद है कि पूरी भर्ती प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी। पात्रता मानदंड के अनुसार, आवेदक किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए तथा एक अप्रैल, 2026 तक उसकी न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। बैंक ने कहा कि वह बदलती और बहुआयामी बैंकिंग जरूरतों के अनुरूप सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों सहित विविध पृष्ठभूमि के पेशेवरों की सीधी (लैटरल) भर्ती भी करता है। इन विशेषज्ञ अधिकारियों की नियुक्ति डेटा सेंटर, सूचना प्रौद्योगिकी, जोखिम प्रबंधन, विधिक, कोषागार (ट्रेजरी), अनुपालन और डेटा विश्लेषण जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में की जाती है।

### 4,640 अधिकारियों की नियुक्ति की

बैंक की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एसबीआई ने 4,640 अधिकारियों, 19,340 सहायक कर्मचारियों (एसोसिएट्स) और 1,653 कर्मचारियों की अनुबंध पर नियुक्ति की।

### नौकरी छोड़ने की वार्षिक दर एक फीसदी से कम

वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि एसबीआई में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की वार्षिक दर लगातार एक प्रतिशत से कम रही है। वित्त वर्ष 2025-26 में यह दर लगभग 0.97 प्रतिशत रही, जो बैंकिंग उद्योग में सबसे कम दरों में से एक है। यह कर्मचारियों की मजबूत प्रतिबद्धता, संस्थान की स्थिरता और कर्मचारी-केंद्रित नीतियों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है।

# सार्वजनिक बैंकों में जमा की रफ्तार रही धीमी

मुंबई





सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत शुरुआत की। कर्ज में दहाई अंक में वृद्धि हुई जबकि जमा जुटाने की गति ऋण में हुई बढ़ोतरी के मुकाबले धीमी रही। कम लागत वाले चालू खाता बचत खाता (कासा) जमा पर दबाव के बावजूद, खुदरा कर्ज वृद्धि का मुख्य इंजन बने रहे।

- पहली तिमाही में कर्ज में अच्छी वृद्धि दर्ज

एकत्रित आंकड़ों के अनुसार 12 सरकारी बैंकों में से नौ बैंकों के 30 जून को समाप्त तिमाही के शुरुआती कारोबारी आंकड़ों से पता चलता है कि कर्ज में सालाना आधार पर लगभग 12 प्रतिशत से 29 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई, जबकि जमा में 3.5 प्रतिशत से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पता चलता है कि जमा जुटाने की गति धीमी होने के बावजूद कर्ज की मांग बनी हुई है। बड़े बैंकों में, बैंक ऑफ बड़ौदा ने जमा में 13.8 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले वैश्विक ऋण में सालाना आधार पर 17.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज में 18.64 प्रतिशत और जमा में 14.92 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा दिये गये कर्ज में सालाना आधार पर 12.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि जमा में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। केनरा बैंक ने कर्ज में 18 प्रतिशत और जमा में 11.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की, जबकि इंडियन बैंक ने कर्ज में 13.9 प्रतिशत और जमा में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

### यूको बैंक के ऋण में 21.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

यूको बैंक ने ऋण में 21.3 प्रतिशत और जमा में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। पंजाब एंड सिंध बैंक ने कर्ज में 19.5 प्रतिशत और जमा में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जमा में सालाना आधार पर केवल 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जबकि कर्ज में 12.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। खुदरा, कृषि और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र को दिये गये ऋण से कर्ज विस्तार की गति बनी रही।

# खास तरह के उर्वरक को बढ़ावा देने सही नीति जरूरी : एफएआई

गांधीनगर

उद्योग निकाय 'फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया' (एफएआई) ने कहा कि है भारत में जैव-उत्प्रेरक (बायोस्टिमुलेंट्स) जैसे खास तरह के उर्वरक की बिक्री बढ़ रही है और ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सही नीति की जरूरत है। एसोसिएशन ने कहा कि मौजूदा प्रणाली मुख्य रूप से थोक उर्वरक के लिए बनाई गई है और हो सकता है कि यह नए उत्पादों को ठीक से समर्थन न कर पाए। इसलिए, वितरण प्रणाली पर फिर से विचार करने की जरूरत है। एफएआई के प्रमुख (सांख्यिकी और आईटी) कुलदीप सती ने 2-4 जुलाई तक यहां आयोजित 'स्पेशलिटी उर्वरक समिट एंड बी टू बी एक्सपो 2026' (एसओएमएस 2026) में कहा, 'खास तरह के उर्वरक की बिक्री बढ़ रही है और किसान जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल होने वाले ऐसे उर्वरक की अहमियत समझते हैं।'

# सोने की कीमत मजबूत बने रहने की संभावना : विश्लेषक

नई दिल्ली

सोने की कीमत अगले सप्ताह मजबूत बने रहने की संभावना है। निवेशक अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में वृद्धि के बारे में और संकेत पाने के लिए अमेरिका और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे।

- निवेशकों की नजर अमेरिकी के आर्थिक आंकड़ों पर होगी

कारोबारी अमेरिकी सेवा पीएमआई, व्यापार आंकड़े और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के साथ-साथ यूरो क्षेत्र, चीन, जापान और जर्मनी के महंगाई के आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। वैश्विक घटनाक्रम या कच्चे तेल की कीमतों में किसी भी बदलाव से कीमती धातुओं में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, 'घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में सोने की कीमतों को समर्थन मिलने की संभावना है।' मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलीवरी के लिए सोने के वायदा भाव में लगातार चार सप्ताह की गिरावट के बाद तेजी आई। सप्ताह के दौरान यह 3,216 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एमसीएक्स में सितंबर अनुबंध लिए चांदी का वायदा मूल्य 13,938 रुपये यानी 6.2 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक-जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''कमजोर अमेरिकी डॉलर और अधिक बिकवाली स्तरों के बाद लिवाली के कारण इस सप्ताह सोने में सुधार आया। इससे लगभग एक महीने के लगातार कमजोर रुख के बाद सर्राफा की कीमतों को उबरने में मदद मिली।



### सोना शुरूआती गिरावट से उबर गया

मेर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,000 डॉलर प्रति औंस से नीचे बने रहने की कई नाकाम कोशिशों के बाद सोना शुरुआती गिरावट से उबर गया। सप्ताह के अंत में सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। रूस और यूक्रेन के बीच नए तनाव ने भी सर्राफा की मांग को समर्थन दिया। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार, केंद्रीय बैंकों ने मई में अपने रिजर्व में कुल 41 टन सोना जोड़ा।

# मध्यम वर्ग भारत की वृद्धि के इंजन : सीतारमण





**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत का मध्यम वर्ग देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य इंजन है और लगभग 500 शहर देश के नए आर्थिक गतिविधि केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। फ्रांस के प्रमुख आर्थिक मंच 'रॉन्कोंट्रेस इकॉनमिक द ऐक्स-एन-प्रोवेन्स' में 'नए मध्यम वर्ग के उदय को कैसे बढ़ावा दिया जाए' विषय पर आयोजित चर्चा में सीतारमण ने कहा कि वर्तमान में भारत की लगभग 31 प्रतिशत आबादी मध्यम वर्ग में शामिल है। उन्होंने बताया कि भारत में आर्थिक उदारीकरण के बाद से मध्यम वर्ग सालाना आधार पर लगभग 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

## नियमों में अहम बदलाव के साथ इसे दोबारा हरी झंडी दी गई

# सेबी ने दी 'ओपन मार्केट बायबैक' को मंजूरी, 1 अगस्त से होगा लागू

नई दिल्ली

शेयर बाजार में पैसा लगाने वाले निवेशकों के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी ने एक बड़ा फैसला लिया है। एक अगस्त से शेयर बाजार में 'ओपन मार्केट शेयर बायबैक' का रास्ता फिर से खुलने जा रहा है। यानी, अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो अब आपको अपनी हिस्सेदारी बेचने का एक और पारदर्शी विकल्प मिलने वाला है। पहले सेबी ने इस प्रक्रिया पर पूरी तरह रोक लगाने की तैयारी कर ली थी, लेकिन अब नियमों में अहम बदलाव के साथ इसे दोबारा हरी झंडी दे दी गई है।

- सेबी मार्केट बाय बैक को धीरे-धीरे पूरी तरह बंद करने के पक्ष में था





कुछ समय पहले तक, सेबी ओपन मार्केट बायबैक को धीरे-धीरे पूरी तरह से बंद करने के पक्ष में था। रेगुलेटर का मानना था कि पुराने टैक्स नियमों के कारण निवेशकों के बीच एक तरह की असमानता पैदा हो रही थी। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। टैक्स व्यवस्था में सुधार लागू होने के बाद, सेबी ने अपना पुराना रुख बदल लिया है। अब इसे मौजूदा 'टेंडर ऑफर' के साथ एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में पेश किया गया है। इस फैसले के पीछे का मुख्य उद्देश्य कंपनियों का खर्च घटाना, बायबैक की प्रक्रिया को तेज करना और शेयर बाजार में भारी गिरावट के वक्त शेयरों की कीमतों को गिरने से बचाना है।

### क्या होता है शेयर बायबैक?

दरअसल, जब कोई शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी अपने ही मौजूदा निवेशकों से अपने शेयर वापस खरीद लेती है, तो इस पूरी प्रक्रिया को 'शेयर बायबैक' कहा जाता है। कंपनियां बाजार से अपने शेयर वापस लेने के बाद आमतौर पर उन्हें रद्द कर देती हैं। शेयर कैंसल होने से बाजार में उस कंपनी के कुल शेयरों की संख्या घट जाती है। इससे कंपनी की वित्तीय सेहत मजबूत दिखती है और लंबी अवधि में निवेशकों को फायदा मिलता है।

### टेंडर ऑफर से अलग है ओपन मार्केट बायबैक


मौजूदा समय में ज्यादातर कंपनियां टेंडर ऑफर का इस्तेमाल करती हैं, जहां वे एक तय कीमत पर निवेशकों से शेयर खरीदती हैं। लेकिन ओपन मार्केट बायबैक का तरीका बिल्कुल अलग है। यह शेयर बाजार में होने वाली आम ट्रेडिंग की तरह ही काम करता है। सबसे पहले कंपनी शेयर बाजार में बायबैक लाने की आधिकारिक घोषणा करती है। इस ऐलान में स्पष्ट रूप से बताया जाता है कि कंपनी अधिकतम कितने शेयर वापस लेगी। कंपनी यह भी स्पष्ट करती है कि इसके लिए कुल कितना फंड आवंटित किया गया है और यह खरीदारी कितने समय तक चलेगी।

# कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगी बाजार की चाल

नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार का रुख कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक रुझानों और कंपनियों के तिमाही नतीजों की शुरुआत से तय होगा। विश्लेषकों ने यह कहा। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टीसीएस नौ जुलाई को अपने जून तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित करेगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, निवेशक नौ जुलाई को आने वाले टीसीएस के तिमाही नतीजों पर करीबी नजर रखेंगे। इसमें मांग के रुझान, विवेकाधीन खर्च और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित व्यावसायिक अवसरों को लेकर प्रबंधन की टिप्पणियों पर विशेष ध्यान रहेगा।

- वैश्विक संकेत और टीसीएस के तिमाही नतीजे भी डालेंगे प्रभाव



### मानसून की प्रगति पर भी होगी निगाह

गौर ने यह भी कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और खरीफ फसलों की बुवाई ग्रामीण मांग, मुद्रास्फीति की उम्मीदों और वृहद आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण संकेतक बनी रहेगी। इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच तकनीकी बातचीत का अगला दौर 11 जुलाई को होने की उम्मीद है, हालांकि इसके स्थान के बारे में अभी अंतिम फैसला होना बाकी है।

### कच्चे तेल की कीमतें 68-69 डॉलर पर स्थिर हुई

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, /"हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति में बाधा की आशंकाएं कम होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें 68-69 डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर हुई हैं। ऊर्जा कीमतों में लगातार स्थिरता भारत में मुद्रास्फीति के परिदृश्य और बाह्य क्षेत्र के संतुलन के लिए सकारात्मक होगी।

# 70वें मिनट में एमबाप्पे का 'मास्टरस्ट्रोक'

### फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का

### एमबाप्पे का 19वां वर्ल्ड कप गोल पराग्वे का सफर खत्म



फिलाडेल्फिया

स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने अपने पांव का जादू दिखाते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पराग्वे के खिलाड़ियों ने एमबाप्पे को खुलकर खेलने से रोके रखा और इस बीच उन्हें भड़काने की भी कोशिश की। यह दिग्गज खिलाड़ी हालांकि शांत बना रहा और इस बीच मुस्कुरा कर खेल का पूरा आनंद भी लेता रहा। यही वजह थी कि जब फ्रांस को 70वें मिनट में पेनल्टी मिली तो उन्होंने बड़ी सहजता से पराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल को छकाकर उस पर गोल कर दिया। एमबाप्पे के विश्व कप करियर का यह 19वां गोल था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

### लगातार चौथी बार क्वार्टर फाइनल में फ्रांस

भीषण गर्मी में खेले गए इस मैच में एमबाप्पे के इस गोल ने फ्रांस को लगातार चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। एमबाप्पे ने बाद में कहा, 'हम जानते थे कि इस मैच में क्या होने वाला है। हम भी आक्रामक हो सकते थे लेकिन हम जानते हैं कि कैसे खेलना है। हमें पता है कि आक्रामक फुटबॉल कैसे खेलते हैं। शायद वे सोच रहे थे कि हम सूट-बूट में आएंगे, लेकिन हम तैयार थे।' फ्रांस क्वार्टर फाइनल में गुरुवार को मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो में मोरक्को का सामना करेगा।

### मेस्सी के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे एमबाप्पे

एमबाप्पे सभी विश्व कप में कुल मिलाकर सर्वाधिक गोल करने के मामले में अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के करियर रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में एमबाप्पे और मेस्सी दोनों के सात-सात गोल हैं और वे 'गोल्डन बूट' की दौड़ में शीर्ष पर हैं। एमबाप्पे ने पिछले विश्व कप में यह पुरस्कार जीता था लेकिन तब उनकी टीम फाइनल में अर्जेंटीना से हार गई थी।



### तीन विश्व कप के नॉकआउट राउंड में एमबाप्पे ने किए तीन गोल

एमबाप्पे इसके साथ ही पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने तीन विश्व कप के नॉकआउट राउंड में कम से कम तीन गोल किए हैं। फ्रांस की जीत का अंतर अधिक हो सकता था लेकिन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दूसरे हाफ में एमबाप्पे के एक बेहतरीन प्रयास को नाकाम किया और ओस्मान डेम्बेले को भी गोल करने से रोका।

# मोरक्को ने कनाडा के जादुई अभियान को रोका, अंतिम 8 में शानदार प्रवेश



ह्यूस्टन

अजेदीन ओउनाही के दो गोल की मदद से मोरक्को ने कनाडा को 3-0 से हराया और इस तरह से वह विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में एक से अधिक बार पहुंचने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया। पहला हाफ गोलरहित छूटने के बाद मोरक्को ने अपना असली रंग दिखाया और दनादन तीन गोल करके सह मेजबान कनाडा का जादुई अभियान आगे नहीं बढ़ने दिया। ओउनाही ने 50वें और 82वें मिनट में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल सोफियान रहीमी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में किया।

### कनाडा नहीं उठा पाया अवसरों का फायदा

कनाडा ने भी अच्छा खेल दिखाया लेकिन वह अवसरों का फायदा नहीं उठा पाया। इसके बावजूद कनाडा के लिए यह विश्व कप यादगार बन गया, क्योंकि वहां फुटबॉल लोकप्रिय नहीं है और वहां के लोगों पर आइस हॉकी का जादू सर चढ़कर बोलता है। यही कारण है कि उसके कोच जेसी मार्श टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए। मार्श ने कहा, 'यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि कनाडा की टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे मुकाम पर है,जिसकी 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। लोगों में गजब का उत्साह है और इसलिए अब हर कोई कहेगा कि अगले विश्व कप में राउंड ऑफ 16 से नीचे आना असफलता है।'

## 'गोल्डन बूट' की दौड़ बनी रोचक



**फिलाडेल्फिया।** फ्रांस के काइलियन एमबाप्पे ने पराग्वे के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी किक पर गोल दागकर अपने विश्व कप करियर का 19वां और मौजूदा टूर्नामेंट का सातवां गोल करके अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ 'गोल्डन बूट' की दौड़ रोचक बना दी। इन दोनों खिलाड़ियों ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक सात-सात गोल किए हैं और वह टूर्नामेंट में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को मिलने वाले 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे हैं। नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड और इंग्लैंड के हैरी केन पांच-पांच गोल के साथ 'गोल्डन बूट' की दौड़ में अगले स्थान पर हैं। अपना छठा विश्व कप खेल रहे मेस्सी ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक 20 गोल किए हैं और इस तरह से एमबाप्पे इस रिकॉर्ड के मामले में उनसे केवल एक गोल पीछे हैं। यही नहीं एमबाप्पे का विश्व कप के नॉकआउट राउंड में यह 11वां गोल था और इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया। वह तीन विश्व कप में से प्रत्येक के नॉकआउट राउंड में कम से कम तीन गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

## खबर संक्षेप



### बीएमडब्ल्यू इंटरनेशल: कट से चूके शुभंकर

**म्यूनिख।** शुभंकर शर्मा लंबे ब्रेक के बाद वापसी करते हुए यहां बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गए। शुभंकर ने लगातार दो दौर में 73 का स्कोर बनाया, जो उन्हें कट में जगह दिलाने के लिए नाकाफी था। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा। जर्मनी के थॉमस रोसेम्युलर सात अंडर 65 के दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ खिताब की दौड़ में शामिल हो गए है। उनका कुल स्कोर 11 अंडर है और वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं रोसेम्युलर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे बर्नड वीसबर्गर और माइकल होलिक से दो शॉट पीछे हैं। इन दोनों का कुल स्कोर 13 अंडर है।

### खिताबी दौड़ में बरकरार दीक्षा और अदिति अशोक



**हुलेनकोर्ट।** गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक ने हुलेनकोर्ट महिला ओपन के तीसरे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंचकर खिताब की दौड़ में अपनी मजबूत दावेदारी बनाए रखी है। दीक्षा ने लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) के इस टूर्नामेंट में भारत की उम्मीदों को कायम रखते हुए एक अंडर 71 और अदिति ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला। दोनों ओलंपियन का कुल स्कोर पांच अंडर 211 है और वे तालिका में शीर्ष पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट से पांच स्ट्रोक पीछे हैं। बेनेट ने तीन अंडर 69 का कार्ड खेला और कुल 10 अंडर के स्कोर के साथ बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने स्पेन की कैरोलिना चकार्रा पर दो स्ट्रोक की बढ़त बना ली है। दीक्षा ने दूसरे और नौवें होल पर बर्डी लगाई,

# भारत-ए की श्रीलंका-ए पर शानदार जीत, बराड़ ने चटकाए 10 विकेट

गॉल

तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने दूसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट में कुल 10 विकेट लेकर भारत ए को श्रीलंका ए पर शानदार 10 विकेट की जीत दिलाकर अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ संभावित टेस्ट पदार्पण के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी।

साई सुदर्शन के 168 रन की बदौलत भारत ए ने पहली पारी में 543 रन का विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका ए पर 177 रनों की बढ़त हासिल की। भारत ए ने दिन की शुरुआत 8 विकेट पर 541 रन से की थी। मैच के चौथे और अंतिम दिन खेल तेजी से आगे बढ़ा। बराड़ ने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर श्रीलंका ए की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। पहली पारी में भी उन्होंने 4 विकेट लिए थे, जिससे पूरे मैच में उनके विकेटों की संख्या 10 हो गई।

### श्रीलंका ए की बल्लेबाजी नाकाम

श्रीलंका ए की ओर से आशेन बंडारा ने 87 रन बनाए, लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। श्रीलंका ए की दूसरी पारी 209 रन पर सिमटने के बाद भारत ए को जीत के लिए केवल 33 रन का लक्ष्य मिला। साई सुदर्शन और अमन मोखाड़े ने 6.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए यह लक्ष्य हासिल कर लिया और भारत ए ने 10 विकेट से आसान जीत दर्ज की।



### आकिब की तुलना में बराड़ का प्रदर्शन प्रभावशाली

अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में जगह के एक अन्य दावेदार आकिब नबी की तुलना में बराड़ का प्रदर्शन कहीं अधिक प्रभावशाली रहा। पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत के लिए पदार्पण करते हुए भी प्रभावित किया था। वह टेस्ट टीम का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें अब तक टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका नहीं मिला है।

## हमें इंग्लैंड की परिस्थितियों के अनुरुप ढलना होगा : किशन



**मैनचेस्टर।** विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का मानना है कि भारत को इंग्लैंड की परिस्थितियों में बेहतर तरीके से ढलना होगा और बीच के ओवरों में धीमी गति से बल्लेबाजी करने की समस्या से निजात पाना होगा, जिसके कारण उसे यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारत अपने पिछले चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जीत हासिल नहीं कर पाया है। किशन ने कहा, 'बिल्कुल उनके पास गेंदबाजी के सबसे अच्छे विकल्प होंगे। उन्हें परिस्थितियों की बेहतर समझ होगी। लेकिन हम भी सुधार की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम सभी यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके खिलाड़ी हमारे खिलाफ क्या कर रहे हैं क्योंकि उनके पास ज्यादा जानकारी है।

## आजम फिर बने टेस्ट टीम के कप्तान, मसूद बर्खास्त



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शान मसूद को टेस्ट टीम की कप्तानी से बर्खास्त करके उनकी जगह बाबर आजम तो फिर से कमान सौंपी है। मसूद को कप्तान पद से हटाना तय लग रहा था क्योंकि पाकिस्तान ने उनकी कप्तानी में जो 18 टेस्ट मैच खेले उनमें से 12 में उसे हार का सामना करना पड़ा। मसूद ने 2023 के शुरू में बाबर से कप्तानी संभाली थी। चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा, 'हम एक ऐसे कप्तान की तलाश में थे, जो टीम का बेहतर नेतृत्व कर सके। शान का व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा था, लेकिन कप्तान के तौर पर हमें अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे थे।'

# टेस्ट सीरीज: श्रीलंका ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी आक्रमण की उडाई धज्जियां

नॉर्थ साउंड

सोनल दिनुशा (92) और कुसल मेंडिस (69) ने छठे विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी की, जिससे श्रीलंका ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाकर दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 549 रन बनाकर समाप्त घोषित की।

वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर



58 रन बनाए थे और वह अब भी श्रीलंका से 491 रन पीछे है। उसने जल्द ही सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (17) का विकेट गंवा दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय जॉन कैंपबेल 31 और कैवेम हॉज छह रन पर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट एक पारी और 217 रन से जीतकर दो मैचों की श्रृंखला में बढ़त बना रखी है। दिनुशा और मेंडिस ने लाहिरु उदरा और कामिंदु मेंडिस की रखी नींव को आगे बढ़ाया।

## विबलडन

# ज्वेरेव की क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने पर नजर



एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन में दूसरे सीड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी खिलाड़ी मार्कोस गिरोन के खिलाफ 6-2, 7-6(4), 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ ज्वेरेव ने अपने करियर में चौथी बार ऑल इंग्लैंड क्लब में चौथे राउंड में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद, जर्मन खिलाड़ी पूरे आत्मविश्वास के साथ विंबलडन पहुंचे, हालांकि उन्होंने माना कि ग्रास (घास) उनका सबसे कम पसंदीदा सरफेस है। वह एसडब्ल्यू19 में कभी भी चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए, लेकिन उनके हालिया प्रदर्शन से संकेत मिला कि शायद वह अब आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

### ज्वेरेव ने अपनी सर्विस में लगाए 17 ऐस

29 वर्षीय ज्वेरेव ने अपनी सर्विस के दम पर एक और शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मुकाबले में 17 ऐस लगाए और पहली सर्विस पर खेले गए 70 में से 54 अंक (77 प्रतिशत) अपने नाम किए। हालांकि, अमेरिकी खिलाड़ी गिरोन ने लगातार दबाव बनाए रखा, लेकिन ज्वेरेव ने उनके खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। उन्होंने गिरोन के खिलाफ सभी पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों के बीच खेले गए 14 सेटों में से 13 अपने नाम किए हैं।

## ग्रैंड चेस टूर : ब्लिट्स वर्ग में पिछड़े, अलीरेजा ने बढ़त बनाई

# रैपिड वर्ग वाला शानदार फॉर्म दोहराने में नाकाम प्रज्ञानानंदा

जागरेब

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड चेस टूर के क्रोएशिया चरण में रैपिड वर्ग वाला अपना शानदार फॉर्म दोहराने में नाकाम रहे और ब्लिट्ज वर्ग के शुरुआती 9 दौर में सिर्फ 3.5 अंक ही हासिल कर पाए।

इस बीच फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शानदार खेल दिखाते हुए एकल बढ़त बना ली है। प्रतियोगिता में अब सिर्फ एक दिन का खेल बाकी है। अलीरेजा ने तेज खेल वाले प्रारुप में कमाल का खेल दिखाया और 9 में से 8 अंक हासिल किए। उन्होंने 20 अंक के साथ अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव पर तीन अंक की बड़ी बढ़त बना ली है।

### प्रज्ञानानंदा चौथे स्थान पर खिसके

प्रज्ञानानंदा 15.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश का दिन भी औसत रहा और वे 14 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। ग्रैंड चेस टूर के इतिहास में सबसे दमदार प्रदर्शन में से एक में अलीरेजा ने आधे खिलाड़ियों को कम से कम सात अंक पीछे छोड़ दिया है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर 13 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। नीदरलैंड के अनीश गिरी उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि रोमानिया के डीक बोगदान डैनियल के 11.5 अंक हैं। नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट उनसे दो अंक और पीछे हैं जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक सिर्फ पांच अंक के साथ सबसे नीचे हैं।



### प्रज्ञानानंदा ने ब्लिट्ज वर्ग में खोई लय

रैपिड वर्ग के बाद अलीरेजा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे प्रज्ञानानंदा ब्लिट्ज वर्ग में अपनी लय खो बैठे। दिन की शुरुआत कीमर पर जीत के साथ करने के बाद प्रज्ञानानंदा ने गिरी के साथ अगली बाजी ड्रॉ खेली लेकिन फिर लगातार चार हार ने उनके आत्मविश्वास को कम कर दिया। टूर्नामेंट के चौथे दिन भारतीय खिलाड़ी ने आठ में से 3.5 अंक जुटाए। गुकेश के लिए भी स्थिति काफी अलग नहीं थी लेकिन उन्होंने प्रज्ञानानंदा से आधा अंक अधिक हासिल किया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन ने चार बाजी गंवाई। ब्लिट्ज वर्ग में अब भी नौ दौर खेले जाने बाकी हैं लेकिन शीर्ष स्थान शायद पहले ही तय हो चुका है।

# पाकिस्तानी ग्रुप कैप्टन को बीच चौराहे पर अननोन गनमैन ने ठोका

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पहले तो अननोन गन मैन के निशाने पर सिर्फ और सिर्फ भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी थे। पाकिस्तान की गलियों में लश्कर और जैश के आकाओं को चुन चुन कर ढेर किया जा रहा था। लेकिन अब यह खेल एक खौफनाक मोड़ पर ले चुका है। अब अननोन गन मैन का निशाना बदल गया है। अब पांच सरहद पार के आतंकियों के आगे निकल कर सीधे पाकिस्तानी एयरफोर्स के उन किलों तक पहुंच गई है जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। इस्लामाबाद के सबसे सुरक्षित रेड जौन में एयर हेड क्वार्टर के ठीक सामने पाकिस्तानी एयरफोर्स के खुफिया निदेर्शालय के ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक को गोली



मार दी गई। दरअसल तारीख थी 5 जुलाई 2026, वक्त था शाम का और जगह थी इस्लामाबाद का शाहीन चौक। यह कोई आम चौराहा नहीं है। एक तरफ पाकिस्तानी एयरफोर्स का एयर हेड क्वार्टर है तो दूसरी तरफ एयर यूनिवर्सिटी। हर तरफ सीसीटीवी कैमरे, हर मोड़ पर हथियारों से लैस, संतरी और 24 घंटे चलने वाली पेट्रोलिंग। लेकिन इसी हाई सिक्योरिटी जोन में मौत अपना खेल खेलती आई।

ग्रुप कैप्टन आसिम तारीख जो पाकिस्तानी एयरफोर्स के इंटेलिजेंस यानी खुफिया निदेशालय का हिस्सा थे, अपनी ड्यूटी खत्म कर घर की ओर निकल रहे थे। उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि कोई उनकी परछाई बनकर उनका पीछा कर रहा है। अब शाहीन चौक के पास अचानक ग्रुप कैप्टन की नजर एक मोटरसाइकिल पर पड़ती है। एक महिला चीख रही थी। वह बचने के लिए छटपटा रही थी। मोटरसाइकिल सवार उसे जबरन घसीट कर किसी सुनसान जगह पर ले जाने की कोशिश कर रहा था। ग्रुप कैप्टन असीम तारिक जो एक ट्रेंड फौजी थे उन्होंने आव देखा ना ताव अपनी गाड़ी उस मोटरसाइकिल के आगे खड़ी कर दी। अब असीम तारिक उस महिला को बचाने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने उस मोटरसाइकिल सवार को रोकने की कोशिश की। चश्मदीदियों के मुताबिक दोनों के बीच तीखी बहस हुई। लेकिन कहानी में ट्विस्ट यही आता है। अब जैसे ही ग्रुप कैप्टन ने उस शख्स को काबू करने की कोशिश की, उस अज्ञात हमलवर ने बिजली की पूर्ति से एक हैंड कर निकाले।

इससे पहले कि आसिम तारिक अपनी सर्विस रिवॉल्वर की तरफ हाथ बढ़ा पाते शूटर ने पॉइंट ब्लैंक रेंज से उन पर अंधाधुंध फायरिंग ठोक दी। ग्रुप कैप्टन लहूलुहान लोकत सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अब यहां सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि क्या यह सिर्फ एक राह चलता अपराधी था? देखिए पाकिस्तान में पिछले दो सालों से अननोन गन मैन का एक खौफ छाया हुआ है। लश्कर तैबा जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिद्दीन के कई बड़े आतंकी पाक की गलियों में इसी तरह अज्ञात हमलावरों यानी अननोन गन मैन का शिकार हुए हैं। लेकिन इस बार निशाना कोई आतंकी नहीं बल्कि पाकिस्तानी एयरफोर्स का एक ग्रुप कैप्टन है।

# इजरायल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, तो अली खामेनेई जैसा हश्र होगा, काट्ज ने चेताया

एजेंसी

**तेल अवीव।** ईरान का कोई भी नेता भविष्य में इजरायल को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा उसका हश्र अयातुल्ला अली खामेनेई जैसा होगा. जान लें कि ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत 28 फरवरी (2026) को अमेरिका और इजरायल के हमले में हो गयी थी. बता दें कि अयातुल्ला खामेनेई का राजकीय अंतिम संस्कार की रस्म सोमवार को ईरान में शुरू हो गयी है. जनाजे में भारी भीड़ उमड़ी है. कहा जा रहा है कि अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के बहाने ईरान अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा है. यह देखते हुए इजरायल ने ईरान



को धमकी दी है. इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कसम खायी है कि कोई भी ईरानी नेता भविष्य में इजरायल को नुकसान पहुंचाने की सोचेगा, तो उनका भी वही हश्र करेंगे जो खामेनेई का किया है. काट्ज ने कहा कि खामेनेई की हत्या हमने इसलिए की थी क्योंकि उन्होंने इजरायल को खत्म करने की योजना का नेतृत्व किया था.उन्होंने कहा, अंतिम संस्कार में शामिल लोगों द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बदला लेने की बात कहना शर्मनाक है.बता दें कि अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में भारत भी शामिल हुआ है. भारतीय प्रतिनिधिमंडल में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा शामिल हैं. इनके अलावा कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद भी शामिल हैं. ईरान ने अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत को धन्यवाद कहा है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किये गये पोस्ट में भारत में ईरान के दूतावास ने भारतीय समुदाय का धन्यवाद किया.

# पीएम मोदी इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे पर रवाना, इंडोनेशिया खरीदेगा ब्रह्मोस, बेचेगा क्रिटिकल मिनर्ल्स

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी 3 देशों की 6 दिवसीय यात्रा पर सोमवार को निकल पड़े हैं. 6 जुलाई से शुरू हो रही यात्रा के पहले चरण में मोदी इंडोनेशिया जाएंगे. यहां मोदी 6 से 8 जुलाई तक रहेंगे और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ मुलाकात करेंगे. इस बातचीत में पीएम मोदी इंडोनेशिया के साथ एक ऐसी डील करने वाले हैं जो भारत को एक मजबूत डिफेंस एक्सपोर्टर तो बनाएगा ही, देश को एनर्जी सिक्योरिटी भी मिलेगी. आईए जानते हैं कि ये डील क्या है? दरअसल, इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने की इच्छा जताई है. जबकि, भारत इंडोनेशिया से




क्रिटिकल मिनिरल्स की सप्लाई चाहता है. मार्च में भारत और इंडोनेशिया के बीच एक ब्रह्मोस बैटरी के लिए समझौता हुआ था. लेकिन, अब इंडोनेशिया और ज्यादा ब्रह्मोस चाहता है. हालांकि, इसके लिए इंडोनेशिया आसान शर्तों वाली क्रेडिट लाइन यानी लोन सुविधा की डिमांड कर रहा है.

डील कितने की होगीः विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की डील अपने अंतिम चरण में है. संभावतः डील 2,500 करोड़ से 3,800 करोड़ रुपए तक की हो सकती है. डील में तटीय मिसाइल बैटरी, मोबाइल लॉन्चर, रडार और सैन्य ट्रेनिंग पैकेज शामिल हो सकते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया दौरे पर इस डील को फाइनल कर सकते हैं. यदि यह डील हो जाती है तो फिलीपींस और वियतनाम के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली को खरीदने वाला दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रमुख देश बन जाएगा.

**ब्रह्मोस के जरिए इंडोनेशिया चीन को घेरेगाः**

इंडोनेशिया, भारत की ब्रह्मोस मिसाइल के जरिए दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता का मुकाबला करना चाहता है. वो अपनी नौसेना की तटीय सुरक्षा और हमला करने की क्षमता को अत्याधुनिक बनाना चाहता है. इंडोनेशिया, भारत से एक ब्रह्मोस मिसाइल बैटरी खरीदने के लिए प्रारंभिक समझौता कर चुका है. अब वो और ज्यादा ब्रह्मोस मिसाइल बैटरी खरीदना चाहता है. इसके लिए भारत से क्रेडिट लाइन मांगा है.

**भारत के ईवी उद्योग को मजबूती देगा इंडोनेशिया**

रेयर अर्थ मैटेरियल के प्रोडक्शन में इंडोनेशिया का नाम दुनिया में सबसे पहले आता है. इंडोनेशिया सबसे ज्यादा निकिल का प्रोडक्शन करता है. निकिल का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बैटरी बनाने के साथ क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी में भी किया जाता है. भारत, स्टील प्रोडक्शन के लिए जरूरी फेरोनिकिल इंडोनेशिया से खरीदता है. भारत अपनी जरूरत का 80% से ज्यादा इंडोनेशिया से आयात करता है. अब मोदी वहां गए हैं तो इंडोनेशिया की कंपनियों के साथ खनिज प्रसंस्करण और रिफाइनिंग के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए समझौता कर सकते हैं. इससे चीन का इंडोनेशिया पर दबाव कम होगा. दरअसल, इंडोनेशिया की निकिल प्रोडक्शन क्षमता पर 75 प्रतिशत से ज्यादा चीन का नियंत्रण है. इंडोनेशिया इसे कम करना चाहता है. मौजूदा समय में भारत ग्रेट निकोबार में काफी बड़ा मिलिट्री सिविलियन इंटरनेशनल ट्रांसशिपमेंट पोर्ट और एयरपोर्ट बना रहा है. पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद ये हिंद महासागर में भारत का सबसे बड़ा सैन्य बेस होगा. इंडोनेशिया के साथ सैन्य समझौता होने का मतलब ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट की सुरक्षा करना भी है. दरअसल, इंडोनेशिया की सेना चीन की घुसपैठ को नाटुना द्वीप समूह के पास रोकने में सक्षम होगी. इससे भारत के निकोबार बेस पर खतरा कम हो जाएगा.

# जम्मू-कश्मीर में आफत की बारिश : डोडा-किश्तवाड़ हाईवे पर बाढ़ के मलबे में दबीं गाड़ियां, ट्रैफिक ठप

एजेंसी

**जम्मू।** डोडा-किश्तवाड़ इलाके में रात भर हुई मूसलाधार बारिश के कारण सोमवार को आई अचानक बाढ़ से राजमार्ग पर भारी मात्रा में कीचड़, पत्थर और मलबा जमा हो गया. इससे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई. डोडा व किश्तवाड़ के पहाड़ी जिलों में निमार्णाधीन 540 मेगावाट के क्वार जलविद्युत परियोजना के पास कई गाड़ियां मलबे में दब गईं. अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग का एक हिस्सा टूट गया है, जिसके कारण ट्रैफिक को रोकना पड़ा. प्रेम नगर में सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियां बाढ़ के मलबे में फंस गईं. हालांकि, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि हादसे में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है. प्रशासन द्वारा सड़क साफ करने और मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है. यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे इस राजमार्ग पर जाने से बचें. पड़ोसी जिले किश्तवाड़ में भी भारी बारिश के कारण निमार्णाधीन



540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना के सुरंग क्षेत्र के पास एक बड़ा भूस्खलन और मडस्लाइड (कीचड़ का बहाव) हुआ. अधिकारियों ने बताया कि अचानक आई बाढ़ अपने साथ भारी मात्रा में कीचड़ और बड़े-बड़े पत्थर प्रोजेक्ट क्षेत्र में ले आई, जिससे ट्रकों, डोजर और अन्य निर्माण उपकरणों सहित कई गाड़ियां मलबे में दब गईं. निर्माण सामग्री को भी नुकसान पहुंचा है. उन्होंने बताया कि कई वाहनों को भारी नुकसान हुआ है और वे अब भी मलबे के नीचे फंसे हुए हैं. फंसे हुए वाहनों को बाहर निकालने और प्रभावित जगह को फिर से ठीक करने के लिए मलबा हटाने का काम जारी है. अधिकारियों ने बताया कि रियासी जिले के ऊंचाई वाले इलाकों से भी अचानक आई बाढ़ की छोटी-मोटी घटनाएं सामने आई हैं. प्रशासन ने पहले ही मौसम की चेतावनी जारी कर जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील इलाकों में भारी बारिश, गरज-चमक, अचानक बाढ़ और भूस्खलन की आशंका जताई थी. साथ ही, लोगों से, विशेषकर नदियों और नालों के पास रहने वालों से सतर्क रहने और असुरक्षित जगहों पर न जाने की अपील की थी. मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार सुबह 8:30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जम्मू क्षेत्र में सबसे अधिक 90 मिमी बारिश सांबा में दर्ज की गई.

# यूपी, उत्तराखंड, महाराष्ट्र को बड़ी सौगात, टनकपुर-नांदेड़ और टनकपुर-पीलीभीत-शाहजहांपुर सवारी गाड़ी को दिखाई गई हरी झंडी

एजेंसी

**पीलीभीत।** पीलीभीत और तराई क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए एक ऐतिहासिक सौगात लेकर आया. पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री व स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद ने टनकपुर-नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस और सेवा-विस्तारित टनकपुर-पीलीभीत-शाहजहांपुर सवारी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस नई रेल सेवा के शुरू होने से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र के श्रद्धालुओं को महाराष्ट्र स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिल गई है.



**वर्चुअल माध्यम से जुड़े दिग्गज**

पीलीभीत जंक्शन पर केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में भौतिक रूप से मौजूद रहे. वहीं, टनकपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह और केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा वर्चुअल माध्यम से जुड़े. केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा, यह ट्रेन केवल दो शहरों को नहीं, बल्कि आस्था और विकास को आपस में जोड़ रही है. टनकपुर-पीलीभीत सवारी गाड़ी का शाहजहांपुर तक विस्तार होने से स्थानीय दैनिक यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी.

**स्टेशन पर रहा उत्सव का माहौल**

इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही भारी उत्साह देखा गया. कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, संजीव प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह और बडेपुरा गुरुद्वारा के बाबा मोहन सिंह सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. रेलवे प्रशासन की ओर से एडीआरएम मनोज कुमार समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी व्यवस्थाओं को संभालते नजर आए।

# पाठ्य पुस्तकों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को शामिल किया जाना चाहिए : शुभेंदु अधिकारी

एजेंसी

**कोलकाता :** डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जीवनी और उनके राजनीतिक योगदान को राज्य के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा. यह बदलाव अगले शैक्षणिक सत्र से होने जा रहा है. इस बदलाव के साथ श्यामाप्रसाद की राज्य में स्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी स्तर तक की किताबों में अच्छी मौजूदगी होगी, जिसने पहली बार भाजपा को बड़ी जीत दिलाई. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को भवानीपुर में मित्रा इंस्टीट्यूट द्वारा उनकी 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह में यह घोषणा की. साथ ही उन्होंने पुराने स्कूल के रेनोवेशन के लिए अपने विधायक फंड से 25 लाख रुपये दान करने की भी बात कही. राज्य सरकार स्कूल को केंद्र की 'पीएम श्री' स्कीम के तहत लाने के लिए भी पहल करेगी. सोमवार को इस कार्यक्रम में राज्य के कई मंत्री और बड़े अधिकारी मौजूद थे.



शुभेंदु ने कहा कि वे इस कार्यक्रम में न केवल मुख्यमंत्री के तौर पर, बल्कि भवानीपुर विधानसभा के विधायक के तौर पर भी शामिल हुए. उन्होंने श्यामाप्रसाद के आदर्शों को अगली पीढ़ी के सामने पेश करने पर जोर दिया. मुख्यमंत्री ने कहा, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के पश्चिम बंगाल निर्माण, देशभक्ति, अखंड भारत के विचार अगले एकेडमिक साल से पश्चिम बंगाल की किताबों में शामिल किए जाएंगे. खासकर पश्चिम बंगाल को भारत माता के चरणों में शरण लेने के लिए जो इतिहास दिया, वह इतिहास के सिलेबस का हिस्सा होगा. इसके अलावा, विधान सभा में उनके भाषण से लेकर भारत सरकार में उद्योग मंत्री के तौर पर उनकी हिस्सेदारी, आजादी के बाद भारत में राज्य के पुनर्निर्माण में उनकी हिस्सेदारी और कलकत्ता यूनिवर्सिटी में शिक्षा को भी शामिल किया जाएगा. विकास में उनकी भागीदारी या योगदान के बारे में अगली पीढ़ी को पता होना चाहिए. शुभेंदु ने कहा, मुझे लगता है कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और जीवन दर्शन को छापा, पढ़ा और अध्ययन किया जाना चाहिए.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मित्रा इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल राजा डे की तारीफ की, साथ ही स्कूल की लंबी परंपरा को भी बनाए रखा. उन्होंने कहा कि स्कूल का दौरा करने के बाद, टीचरों ने किसी नए आधारभूत संरचना की मांग नहीं की, बल्कि सिर्फ स्कूल में सुधार की मांग की, जो आर्थिक रूप से रुका हुआ था. उस अनुरोध का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने आज कहा, मैं इस वित्त वर्ष में विधायक के तौर पर क्षेत्र विकास फंड में मिलने वाले एक करोड़ रुपये में से स्कूल के रेनोवेशन के लिए 25 लाख रुपये दूंगा. उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगस्त महीने में कलकत्ता नगरपालिका के जरिए मित्रा इंस्टीट्यूट के रेनोवेशन का काम शुरू कर दिया जाएगा.

## हूती ने खामनेई को प्रतिरोध और आजादी के संघर्ष का प्रतीक बताया, कहा- यूएस-इजराइल' ने मरवाया

**तेहरान।** एक हूती अधिकारी ने आरोप लगाया है कि ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता, दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई का फि लिस्तीनी मुद्दे का समर्थन और मुस्लिम दुनिया में उनका प्रभाव ही उन्हें अमेरिका और इजराइल द्वारा हत्या का निशाना बनाने का कारण बना। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी IRNA के अनुसार, हूती अधिकारी और अंसारुल्लाह के राजनीतिक ब्यूरो₹ के सदस्य मोहम्मद अल-बुखैती ने रविवार को तेहरान में दिवंगत ईरानी नेता के अंतिम संस्कार और श्रद्धांजलि समारोह में शामिल होने के दौरान एक साक्षात्कार में ये बातें कहीं। अल-बुखैती ने कहा कि अयातुल्ला खामेनेई का कद ईरान की भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं से कहीं आगे था। उन्होंने उन्हें ₹प्रतिरोध और आजादी के संघर्ष का प्रतीक₹ बताया, जो उन कई देशों के लिए था जो अमेरिका और इजराइल के प्रभुत्व से स्वतंत्रता, सम्मान और मुक्ति चाहते हैं। उन्होंने कहा, वह दुनिया भर के लोगों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। IRNA के अनुसार, हूथी अधिकारी ने आगे कहा कि दिवंगत नेता की ₹पूरी मुस्लिम दुनिया में राजनीतिक और वैचारिक सोच, और साथ ही फि लिस्तीन की आजादी का समर्थन करने की उनकी कोशिशें, उन मुख्य वजहों में से थीं जिनकी वजह से अमेरिका और इजराइल ने उनकी हत्या की।

# ईरान ने खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत को दिया धन्यवाद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत में ईरान के दूतावास ने रविवार को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत सरकार और लोगों का शुक्रिया अदा किया. उन्होंने कहा कि यह कदम दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और इंसानी रिश्तों को दिखाता है. दूतावास ने कहा कि इन समारोह में भारतीय नेता, विद्वान, बुद्धिजीवी और अलग-अलग धर्मों के प्रतिनिधि की मौजूदगी दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रिश्ते को दिखाती है. इसमें कहा गया, 'यह राष्ट्रीय शोक के इस समय में ईरान के लोगों के साथ आपसी सम्मान और सच्ची एकजुटता का एक मजबूत प्रदर्शन भी था.' भारत के शामिल होने की तारीफ करते हुए दूतावास ने कहा, 'ईरान के लोग दोस्ती, हमदर्दी और दिल से मिले सम्मान के इस काम को कभी नहीं भूलेंगे. वे इसे ईरान और भारत के बीच पक्के रिश्तों का एक कीमती सबूत मानते हैं,



और हमारे दोनों देशों के बीच पुरानी दोस्ती को और मजबूत करने के लिए एक कीमती नींव मानते हैं.' दूतावास ने उन भारतीय अधिकारियों, मशहूर हस्तियों और नागरिकों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने खामेनेई की मौत के बाद ईरान के साथ हमदर्दी जताई. पोस्ट में आगे कहा गया, 'भारत में ईरान के दूतावास एक बार फिर सभी भारतीय अधिकारियों, जानी-मानी हस्तियों और भारत के उन नेक लोगों की दिल से तारीफ करती है जो दुख के इस समय में ईरान के लोगों के साथ खड़े रहे और अपनी हमदर्दी जाहिर की.' विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा और बिहार के गवर्नर लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने तेहरान में हुए अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व किया.

# संक्षिप्त खबर

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला, सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका हाईकोर्ट से खारिज



**लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के चढ़ावा चोरी मामले में आज सोमवार को सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज हो गयी. लखनऊ स्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ द्वारा याचिका खारिज कर दिये जाने की खबर है. याचिकाकर्ता मोहित अशोक ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की गुहार लगाई थी. खबर है कि राज्य की योगी सरकार की ओर से एएजी विनोद शाही और सीएससी शैलेंद्र सिंह ने सरकार का पक्ष रखा. दलील दी कि इसी विषय से जुड़ी याचिका पूर्व से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है. ऐसे में इस याचिका पर सुनवाई का औचित्य नहीं है.दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस राजन राय और जस्टिस मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने याचिका खारिज कर दी.

## भाजपा-आरएसएस के लिए धर्म सिर्फ राजनीतिक सत्ता हासिल करने का जरिया : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** पूजा स्थलों पर चोरी की बढ़ती घटनाएं एक खास पैटर्न की ओर इशारा करती हैं. यह पैटर्न यह है कि भाजपा और आरएसएस के लिए धर्म सिर्फ राजनीतिक सत्ता हासिल करने और खुद को व अपने लोगों को अमीर बनाने का एक जरिया है. कांग्रेस ने अयोध्या राम मंदिर में चंदा चोरी प्रकरण को लेकर यह आरोप लगाया है .राज्यसभा के कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस नेता अयोध्या राम मंदिर जायेंगे? पवन खेड़ा ने कहा, इससे क्या फायदा होगा? कहा कि हमारे कई नेता वहां जा चुके हैं. उनमें से कुछ ने तो वहां दान भी दिया है. सवाल किया कि हम लोगों के वहां जाने से अयोध्या मंदिर ट्रस्ट में चल रही समस्या को सुलझाने में मदद मिलेगी क्या? इसका कांग्रेस से कोई लेना-देना नहीं है. पवन खेड़ा ने कहा कि इस घटना का किसी दूसरी पार्टी या किसी दूसरे व्यक्ति से भी कोई लेना-देना नहीं है. यह भाजपा-आरएसएस का प्रोजेक्ट है. इस प्रोजेक्ट में डकैती हो रही है. कोई जवाबदेही नहीं है. श्री खेड़ा ने आरएसएस पर हमलावर होते हुए कहा, फ्ररर खुद को रजिस्टर क्यों नहीं करवाना चाहता? क्योंकि आप कोई जवाबदेही नहीं चाहते. क्या यही कारण है कि आप लोगों को दिखाने के लिए अपनी अकाउंट बुक्स सामने नहीं रखते?


## लश्कर सरगना हाफिज सईद ने रची थी साजिश, एनआईए ने चार्जशीट में बनाया आरोपी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को पाकिस्तानी आतंकवादी और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के खिलाफ पहलगाम आतंकी हमले के सिलसिले में एक पूरक आरोप पत्र दाखिल किया. एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, जम्मू में एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल की गई सप्लीमेंट्री चार्जशीट में हाफिज सईद का नाम उसकी व्यक्तिगत हैसियत के साथ-साथ प्रतबंधित LeT और उसके मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के चीफ के तौर पर भी शामिल है. आतंकी सरगना हाफिज सईद पर भारतीय न्याय संहिता 2023, और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की अलग-अलग धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं. आधिकारिक बयान में आगे कहा गया है कि NIA ने भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और सीमा पार से कथित तौर पर रची गई आपराधिक साजिश से जुड़े आरोप भी लगाए हैं. 1,597 पेज की मूल चार्जशीट को आगे बढ़ाते हुए दाखिल की गई सप्लीमेंट्री चार्जशीट में पाकिस्तान की कथित साजिश, हाफिज सईद की भूमिका, और एनआईए द्वारा वैज्ञानिक जांच और बड़े पैमाने पर जमीनी स्तर पर सत्यापन से इकट्ठा किए गए सबूतों की जानकारी दी गई है. 15 दिसंबर, 2025 को दाखिल की गई अपनी पिछली चार्जशीट में, NIA ने पाकिस्तानी आतंकी हैंडलर साजिद जट्ट, जुलाई 2025 में ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए तीन आतंकियों और दो गिरफ्तार आरोपियों का नाम लिया था. एनआईए ने प्रतिबंधित छीळ/ळफ्रक्ष को भी हमले की साजिश रचने, उसे आसान बनाने और उसे अंजाम देने में कथित भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के तौर पर चार्जशीट किया था. 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया था और धर्म के आधार पर लक्षित हत्याएं की थीं. इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय नागरिक मारे गए थे. यह मामला शुरू में अनंतनाग जिले के पहलगाम पुलिस स्टेशन में एफआईआर नंबर 25/2025 के तौर पर दर्ज किया गया था. जम्मू और कश्मीर पुलिस की शुरूआती जांच के बाद, गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंप दी थी. एनआईए ने कहा कि केस RC-02/2025/NIA/JMU में जांच जारी है ताकि बड़ी साजिश और भारतीय जमीन पर आतंकवाद को प्रायोजित करने में पाकिस्तान की कथित भूमिका का पता लगाया जा सके.

## नेतन्याहू ने किया भारत के समर्थन का दावा, तो कांग्रेस भड़की, मोदी सरकार को कटघरे में किया खड़ा


**नयी दिल्ली।** इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा भारत के समर्थन की बात कहे जाने पर कांग्रेस ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने नाराजगी जताते हुए सोशल मीडिया पर सोमवार को पोस्ट किया. उन्होंने लिखा, नेतन्याहू का यह कहना गलत है कि भारत इस्राइल के साथ खड़ा है. भले ही प्रधानमंत्री मोदी इस्राइल के प्रति झुकाव रखते हों, लेकिन करोड़ों भारतीय गाजा में हो रही हिंसा, फलस्तीनियों के विस्थापन, ईरान पर हमलों और दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सैन्य अभियान की निंदा करते हैं.ये सभी घटनाएं मानवता पर हमला हैं. जयराम रमेश ने आगे लिखा कि इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी भारत की सभ्यतागत परंपराओं और मूल्यों के खिलाफ है. श्री रमेश ने लिखा कि नेतन्याहू से समर्थन या प्रशंसा मिलना सम्मान की बात कभी नहीं है. उन्होंने दावा किया कि नेतन्याहू खुद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ चुके हैं. अमेरिका में भी उनके प्रति नाराजगी उफान पर है. मामला यह है कि अमेरिकी समाचार चैनल को दिये गये इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल को केवल अमेरिका का ही नहीं, बल्कि भारत जैसे अन्य देशों का भी समर्थन है. कहा था कि भारत कोई छोटा देश नहीं, बल्कि 1 अरब 40 करोड़ की आबादी वाला देश है. वहां (भारत)से उन्हें जबरदस्त समर्थन मिलता है. कहा कि सोशल मीडिया, खासकर फेसबुक पर उन्हें भारत से बड़ी संख्या में समर्थन वाले संदेश मिलते हैं.दरअसल नेतन्याहू ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की एक टिप्पणी का जवाब दिया था.



# अब ओटीटी पर आएगी रामचरण की 'पेड्डी'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रामचरण की फिल्म 'पेड्डी' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है, जिससे उन दर्शकों की खुशी दोगुनी हो गई है, जो किसी वजह से इसे बड़े पर्दे पर नहीं देख पाए थे। फिल्म पेड्डी की डिजिटल रिलीज को लेकर लंबे समय से चर्चाएं चल रही थीं और अब आखिरकार इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। ऐसे में रामचरण के फैंस एक बार फिर इस फिल्म का रोमांच अपने घरों में बैठकर महसूस कर सकेंगे।

लाइफStyle



# कृति
## ब्रेकअप की खबरें खारिज

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ डिनर डेट पर नजर आईं, जिससे उनके ब्रेकअप की अफवाहें खारिज हो गई हैं। मुंबई में पैपराजी की ओर से कैप्चर किए गए वायरल वीडियो में, कपल खुश दिख रहा था और एक ही कार में निकला, जो उनके मजबूत रिश्ते का संकेत देता है।

बता दें कि लंबे समय से बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को एक महिला के साथ नजर आए थे। उन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुई। इसके बाद से कृति और कबीर बहिया के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें कबीर भी नजर आएं। अब दोनों को एक साथ डिनर डेट पर जाते नजर आए है।


देर रात को मुंबई के बांद्रा में कपल डिनर डेट पर नजर आएं। वहीं, दोनों ही पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। वायरल वीडियों में कपल काफी खुश नजर आ रहे हैं और पैप्स के देखकर मुस्करा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया है कि कबीर के साथ वायरल तस्वीरों में दिखी लड़की, उनकी फैमिली फ्रेंड है, जिसे वह अपनी बहन की तरह मानते हैं। हाल ही में कृति सेनन की फिल्म 'कॉकटेल 2' रिलीज हुई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की।

हॉलीवुड मसाला



# टेलर-ट्रैविस की शादी में चमकीं सेलेना

**लॉस एंजेसिल।** हॉलीवुड जगत की सबसे चर्चित शादियों में से एक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और अमेरिकी फुटबॉलर ट्रैविस केल्स की शादी में टेलर स्विफ्ट की लगभग 18 साल पुरानी और बेहद करीबी दोस्त सेलेना गोमेज मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जो शादी में टेलर की ब्राइड्समेड बनी थीं। सेलेना गोमेज ने अपनी दोस्त टेलर स्विफ्ट की शादी के कार्यक्रमों के दौरान प्रसिद्ध फैशन ब्रांड ऑस्कर डे ला रेंटा की दो खूबसूरत ड्रेस पहनीं। रिहर्सल डिनर के मौके पर उन्होंने काले रंग का स्लीवलेस गाउन और डिजाइनर जूते पहने।



# प्री में नहीं देख सकेंगे हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन'

**लॉस एंजेलिस।** इस साल की सबसे बड़ी हॉरर सरप्राइज साबित हुई 'ऑब्सेशन' को प्राइम वीडियो और एप्पल टीवी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज तो कर दिया गया है, लेकिन फिलहाल यह फिल्म प्लेटफॉर्म के सब्सक्राइबर्स के लिए मुफ्त में उपलब्ध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे देखने के लिए दर्शकों को पैसे चुकाने होंगे। फिल्म को खरीदने के लिए 24.99 डॉलर (लगभग 2,000 रुपए) और किराये पर लेकर देखने के लिए 19.99 डॉलर (लगभग 1,600 रुपए) की कीमत तय की गई है। मेकर्स इस महीने के अंत में इसके फुल-फ्लेज्ड स्ट्रीमिंग रिलीज की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन उसकी सटीक तारीख अभी साफ नहीं है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, उन्हें फिलहाल इसे किराए पर लेकर या खरीदकर ही देखना होगा।



# पहली फिल्म के बारे में विद्या का खुलासा

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'परिणीता' से लोगों का दिल जीत लिया था। लेकिन बॉलीवुड में कदम रखना उनके लिए आसान नहीं था। खबर के अनुसार, सिमी गरेवाल के टॉक शो में विद्या बालन ने उस पल को याद किया, जब उन्हें इस फिल्म 'परिणीता' के लिए चुना गया था। विद्या ने बताया कि वे इस फिल्म के लिए कई ऑडिशन दे चुकी थीं और उन्हें लगभग लग रहा था कि वे रिजेक्ट हो चुकी हैं। विद्या ने बताया, 'मैं मशहूर सिंगर एनरिक के एक कॉन्सर्ट में थी। मैंने अपना फोन बंद कर रखा था, ताकि कोई परेशान न करे। मेरे साथ मेरा एक दोस्त था, जो फिल्म के डायरेक्टर प्रदीप सरकार को जानता था। जब प्रदीप सरकार ने मेरे दोस्त को फोन किया और पूछा कि विद्या कहां है?



# सेंसर बोर्ड के पेंच में सल्लू की फिल्म

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' सेंसर बोर्ड के पेंच में फंस गई है और कहा जा रहा है कि फिल्म को सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। यह फिल्म इसी साल पहले अप्रैल में और फिर स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होनी थी। हालांकि, अब तक मेकर्स ने इसकी रिलीज को लेकर घोषणा नहीं की है। वहीं अब खबर है कि सीबीएफसी ने सलमान की इस फिल्म को अभी सर्टिफिकेट नहीं दिया है और इसे लेकर कोशिश जारी है। कहा जा रहा है कि सेंसर बोर्ड से इस फिल्म को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं दिया गया है। सलमान की 'मातृभूमि' को लेकर कहा जा रहा था कि ये इस साल अगस्त में स्वतंत्रता दिवस वाले वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। हालांकि, न तो फिल्ममेकर्स की ओर से रिलीज डेट और न ही सेंसर बोर्ड से किसी तरह की दिक्कतों पर किसी तरह की कोई बात कही है।

टीवी मसाला

# 'लॉकअप 2' में आकांक्षा का चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई।** चर्चित अभिनेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों 'लॉकअप सीजन 2' में नजर आ रही हैं। इस शो को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। शो में एंट्री करने के साथ ही आकांक्षा ने अपनी



निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया कि सबको तगड़ा झटका लगा। उन्होंने बताया था कि उनका और गौरव खन्ना का तलाक हो रहा है। अब निजी जिंदगी पर उन्होंने एक और हैरान करने वाली बात कही है। आकांक्षा चमोला 'लॉकअप 2' में एक के बाद एक बड़े खुलासे कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने शो में खुद को बाइसेक्सुअल बताया। उन्होंने स्पष्ट किया की गौरव खन्ना से शादी से पहले उनके लड़कियों के साथ रिलेशन रहे। आकांक्षा ने कहा, 'मैं शादी से पहले बायसेक्सुअल थी। मेरे कुछ लड़कियों के साथ रिलेशन रहे हैं। बहुत ज्यादा इंटिमेट रिलेशन नहीं रहे हैं, लेकिन मैं कुछ लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। बस वही है। मुझे लड़कियां पसंद हैं। मैं लड़कियों की तरफ आकर्षित होती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा सेफ स्पेस है'। आकांक्षा चमोला के इस खुलासे के बाद नेटिजंस की सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ लोग इस बात को उनका पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि शो में ट्रेंड रहने के लिए और टीआरपी के लिए यह सब ड्रामा है।

# फिल्म के टाइटल विवाद पर विराम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की आगामी बायोपिक फिल्म 'ईथा' (**Eetha**) के नाम को लेकर चल रहा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार दिवंगत विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। पिछले दिनों परिवार के ही एक सदस्य के फिल्म के टाइटल पर आपत्ति जताए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। हालांकि, अब विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी ने सामने आकर इस पूरे मामले पर परिवार का रुख साफ कर दिया है और फिल्म के नाम का पूरा समर्थन किया है।

आने वाली फिल्म का टाइटल तब बहस का विषय बन गया जब ऐसी खबरें आईं कि विठाबाई के पोते मोहित नारायणगांवकर ने 'ईथा' नाम पर आपत्ति जताई और मांग की कि टाइटल में दिवंगत कलाकार का पूरा नाम शामिल किया जाए। इस विवाद पर बात करते हुए, विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी, 75 वर्षीय मंगला बनसोडे करावडीकर ने चिंताओं को खारिज कर दिया और बताया कि परिवार पूरी तरह से इस टाइटल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, हमें फ़िल्म के टाइटल से कोई आपत्ति नहीं है। मैंने मोहित से बात की है और उनसे अनुरोध किया है कि वे इस बारे में आगे कोई बयान न दें। यह टाइटल सही है क्योंकि उन दिनों, जिन गांवों में मेरी मां परफॉर्म करती थीं, वहां के लोग अक्सर उन्हें 'ईथा' कहकर बुलाते थे।

## विक्की मानसून में भी कर रहे जोरदार वर्कआउट


**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में बहुत कम समय में अपने अभिनय से पहचान बना चुके एक्टर विक्की कौशल फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं। उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी पूरी लगन की एक झलक फैंस के साथ साझा की। एक्टर ने अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि कोई छुट्टी नहीं है। विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया और कैप्शन में लिखा कि नो डेज ऑफ। वीडियो में एक्टर जबरदस्त 'बेयर क्रॉल' एक्सरसाइज करते हुए दिख रहे हैं। अनुशासित फिटनेस रूटीन बनाए रखने के लिए मशहूर विक्की अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जिम सेशन की झलकियां फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। विक्की अब संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।



# तमन्ना ने किया लीना संग बैंकॉक में स्टेज शेयर...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और के-पॉप ग्रुप ब्लैकपिंक की सिंगर लीजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों बैंकॉक के एक इवेंट में साथ नजर आ रही हैं। इस वीडियो में लीजा ने तमन्ना को हाथ जोड़कर नमस्ते करने के अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है, जिसके बाद दोनों के बीच किसी कोलेबोरेशन की अटकलें लगाई जा रही हैं।हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने 'ब्लैकपिंक' की सिंगर लीजा के साथ पोज देती नजर आई हैं। सोशल मीडिया पर इस समय उनका वीडियो लीजा के साथ काफी वायरल हो रहा है। तमन्ना में शानदार एक्टिंग और डांस के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस बैंकॉक के एक इवेंट में पहुंचीं और वहां पर मशहूर 'ब्लैकपिंक' की सिंगर के साथ नजर आई है।






हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.